
नई दिल्ली
शनिवार 25 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, एकादशी वर्ष : 30, अंक : 97
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 28

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# विपक्ष के 'प्रधान हठयोग' से संसद ठप का 'दुर्योग' लगातार पांचवें दिन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



संसद के मानसून सत्र में शुक्रवार को भी गतिरोध कायम रहा। नीट पेपर लीक और छात्र आंदोलन के मुद्दे पर विपक्ष के लगातार हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही लगातार पांचवें दिन बाधित रही और दोनों सदनों को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इस दौरान सरकार ने एक ओर चर्चा के लिए अपनी तत्परता दोहराई, वहीं विपक्ष शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर अड़ा रहा।

**राज्यसभा में कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि, फिर हंगामा:** सुबह 11 बजे राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने पर सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने 26 जुलाई को मनाए जाने वाले कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि 1999 के कारगिल युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों के जवानों ने अदम्य साहस, पराक्रम और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा की। सदन ने शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन भी रखा।

इसके बाद सभापति ने शून्यकाल शुरू करने का प्रयास किया और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को बोलने की अनुमति दी। खरगे ने नीट पेपर लीक और छात्र आंदोलन का मुद्दा उठाया। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नारेबाजी शुरू हो गई, जिसके चलते सदन की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई।

दोपहर 12 बजे कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर सभापति ने प्रश्नकाल चलाने का प्रयास किया, लेकिन विपक्ष शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर नारेबाजी करता रहा। हंगामा जारी रहने पर सदन को दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दिया गया।

दोपहर 2 बजे राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने पर गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक, 2026 सदन में पेश किया। इस ⏩ शेष पेज 5 पर

### लोकसभा में भी नहीं चल सकी कार्यवाही

लोकसभा की कार्यवाही भी सुबह 11 बजे शुरू हुई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ के अवसर पर कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दुर्गम पहाड़ियों, प्रतिकूल मौसम और कठिन परिस्थितियों के बावजूद भारतीय सेना ने देश की संप्रभुता की रक्षा की और पूरा देश इन अमर शहीदों का सदैव ऋणी रहेगा। सदन ने शहीदों की स्मृति में मौन भी रखा। इसके बाद जैसे ही प्रश्नकाल शुरू हुआ, विपक्षी सदस्य शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। जिस पर नाराजगी जताते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सुबह का समय सदन में प्रश्नकाल जैसी महत्वपूर्ण गतिविधि को पूरा करने के लिए तय किया गया है। लेकिन विपक्ष सुनियोजित ढंग लगातार इसमें व्यवधान डालने की कोशिश कर रहा है, जो कि कहीं से भी उचित नहीं है। बिरला की इस अपील का भी कोई असर नहीं हुआ, सदन के हालात भी नहीं बदले और विपक्ष का हंगामा चलता रहा। जिसमें बाद अध्यक्ष ने कुछ ही मिनटों में कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

प्रदर्शन को लेकर विदेशी फंडिंग, पाकिस्तान के दुष्प्रचार पर विदेश मंत्रालय की पहली प्रतिक्रिया

## कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में विदेशी फंडिंग की निगरानी कर रही एजेंसियां: जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

क्या जंतर-मंतर पर चल रहे कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन में विदेशों से आ रही फंडिंग का कोई योगदान है? क्या पाकिस्तान के कुछ कथित सोशल मीडिया हैंडल्स अपने नकारात्मक प्रॉपेगेंडा के जरिए इस प्रदर्शन की आड़ में भारत में हिंसा फैलाने की कोशिशों में लगे हुए हैं? यह वह दोनों महत्वपूर्ण सवाल हैं, जिनका शुक्रवार को विदेश मंत्रालय की तरफ से पहली बार आधिकारिक रूप से जवाब दिया गया है।



मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि सीजेपी के प्रदर्शन से लेकर पाकिस्तानी सोशल मीडिया हैंडल्स द्वारा देश में की जा रही हिंसा फैलाने की कुटिल मंशा के बारे में फिलहाल उनके पास कोई जानकारी नहीं है। लेकिन इस पूरे प्रकरण पर भारत की एजेंसियां कड़ी निगरानी बनाए हुए हैं। इसके बाद भी ऐसी कोई जानकारी सामने आने पर मीडिया को उसके बारे में तुरंत सूचित किया जाएगा।

**सीजेपी के संसद चलो मार्च से उठे सवाल:** 20 जुलाई को सीजेपी के संसद चलो मार्च के दौरान ही यह आरोप सामने आया था कि इस प्रदर्शन में विदेशी फंडिंग का हाथ है और उसी के द्वारा ⏩ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 676.24 अरब डॉलर



**नई दिल्ली।** आरबीआई के अनुसार, 17 जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.08 अरब डॉलर बढ़कर 676.237 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले सप्ताह भी इसमें 964 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है। यह 728.494 अरब डॉलर के ऑल-टाइम हाई से कम है।

### केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी की सलाह पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनका इस्तीफा तुरंत स्वीकार कर लिया। बिट्टू केंद्र सरकार में रेल राज्य मंत्री और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री थे। एक्स पर उन्होंने कहा कि भारत की जनता, खासकर मेरे प्रिय पंजाब की सेवा करना मेरे लिए सम्मान और गर्व की बात रही है। जनसेवा की मेरी यात्रा नई ऊर्जा और नए संकल्प के साथ आगे भी जारी रहेगी।

केंद्र सरकार के दो वरिष्ठ मंत्रियों व सीजेपी प्रतिनिधियों के बीच तीन मुद्दों पर करीब दो घंटे तक चली वार्ता

## सीजेपी ने जेपी नड्डा से मुलाकात में फिर मांगा शिक्षा मंत्री का इस्तीफा, इस पर समझौते से इंकार

- सरकार की तरफ से जेपी नड्डा-जितेंद्र सिंह तथा सीजेपी की ओर से सौरव दास- आशुतोष रांका के बीच हुई मुलाकात
- सीजेपी प्रतिनिधि बोले, आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजन को मुआवजा व प्रदर्शनकारियों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने पर केंद्र सरकार का रुख सैद्धांतिक तौर पर सकारात्मक



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार और कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रतिनिधियों के बीच शुक्रवार को करीब दो घंटे तक चली वार्ता में भी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर स्थिति साफ नहीं हो पायी। सीजेपी ने मुलाकात के दौरान प्रधान के इस्तीफे को अपनी मुख्य मांग बताते हुए कहा कि इस पर कोई बीच का रास्ता मंजूर नहीं है। केंद्र की तरफ से इस मुद्दे पर कल शनिवार दोपहर तक का कुछ बताने की बात कही गई।

नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के पास वीपी हाउस में हुई बैठक में केंद्र सरकार की ओर से केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह शामिल हुए, जबकि सीजेपी का प्रतिनिधित्व सौरव दास और आशुतोष रांका ने किया। बैठक में सीजेपी ने अपनी तीन मांगें लिखित रूप में सौंपीं। इनमें धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, आंदोलन के दौरान दर्ज सभी एफआईआर वापस लेना और नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजन को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा देना ⏩ शेष पेज 5 पर

### प्रतिनिधियों ने प्रदर्शनकारियों को दी वार्ता की जानकारी

बैठक के बाद सीजेपी प्रतिनिधि जंतर-मंतर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को वार्ता की जानकारी दी। संगठन के अध्यक्ष अभिजीत दीपके ने कहा कि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बिना आंदोलन समाप्त नहीं होगा, बल्कि और तेज होगा। उन्होंने कहा कि यदि एक-दो दिन में इस्तीफा नहीं दिया गया तो सीजेपी देशव्यापी आंदोलन और संसद मार्च का फिर से आह्वान करेगी। दीपके ने ⏩ शेष पेज 5 पर

## पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट में पेपर लीक करने वालों के खिलाफ सख्त कानून पर लगी मुहर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

देशभर में पेपर लीक और परीक्षा में धांधली को लेकर बढ़ते विवाद के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को संसद भवन परिसर में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पेपर लीक और परीक्षा संबंधी कदाचार के मामलों में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एक मसौदा विधेयक को मंजूरी दे दी गई। इस प्रस्तावित कानून में दोषियों के खिलाफ कठोर दंड, फास्ट ट्रैक अदालतों के गठन और समयबद्ध सुनवाई का प्रावधान किया गया है। सूत्रों के अनुसार सरकार इसे अगले सप्ताह संसद में पेश कर सकती है।

सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित कानून का उद्देश्य सार्वजनिक परीक्षाओं और भर्ती परीक्षाओं की विश्वसनीयता को मजबूत करना तथा पेपर लीक को संगठित अपराध की तरह लेकर उसके खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करना है। इसके तहत विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों में मामलों की सुनवाई कर तय समय सीमा के भीतर



फैसला सुनाने की व्यवस्था की जा सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को देर शाम सोशल मीडिया पर जारी अपने वीडियो संदेश में संकेत दिया था कि सरकार पेपर लीक के खिलाफ और अधिक सख्त कदम उठाने जा रही है। उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार एक ऐसा विधेयक लाएगी जिसमें पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का प्रावधान होगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा था कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सूत्रों के मुताबिक प्रस्तावित संशोधनों में पेपर लीक के संगठित अपराध में शामिल लोगों के लिए सजा और ⏩ शेष पेज 5 पर

### एनटीए ने बर्खास्त किए 47 अधिकारी, शिक्षा मंत्रालय बोला- सुधार को लेकर उठाया कदम

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के जंतर-मंतर पर चल रहे विरोध-प्रदर्शन के बीच शुक्रवार को नीट यूजी प्रवेश परीक्षा का आयोजन कराने वाली राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने अपने कुल 47 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा को लेकर एनटीए बीते कई दिनों से गंभीर आरोपों से घिरी हुई थी। जिसे देखते हुए यह कार्रवाई की गई है। एजेंसी के बर्खास्त किए गए कुछ अधिकारियों के खिलाफ कानूनी और आपराधिक कार्रवाई भी की जाएगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने इस संबंध में पुष्टि करते हुए कहा कि एनटीए ने 47 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। इस पूरी कवायद को ⏩ शेष पेज 5 पर

**आगामी दिनों में एनटीए में बड़े पैमाने पर सुधार को लेकर उठाए जाएंगे अन्य जरूरी कदम**

लोकसभा और राज्यसभा में कारगिल के शहीदों की पवित्र, अमर स्मृतियों में रखा गया दो मिनट का मौन

## कारगिल के शहीदों को संसद में दी गई श्रद्धांजलिराजनाथ 26 को करेंगे समारोह की अध्यक्षता



*25 से 26 जुलाई तक होगी रक्षा मंत्री की जम्मू-कश्मीर यात्रा, कारगिल के सुदूर ऊंचाई वाले इलाकों में जवानों से होगी मुलाकात*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद में शुक्रवार को कारगिल युद्ध के शहीदों को सम्मानपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वर्ष 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल के दुर्गम ऊंचाई वाले पर्वतीय इलाके में लड़े गए इस युद्ध की रविवार (26 जुलाई) को 27वीं वर्षगांठ है। जिसके पूर्व में लोकसभा और राज्यसभा में दोनों अध्यक्षों सहित सभी सांसदों ने पूरी एकजुटता के साथ देश के अमर शहीदों की पवित्र स्मृतियों के साथ दो मिनट का मौन भी रखा। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 26 जुलाई को युद्ध की वर्षगांठ के अवसर पर कारगिल में बनाए गए युद्ध स्मारक पर आयोजित किए जाने वाले मुख्य समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान सबसे पहले वह शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और फिर उनका संबोधन होगा। रक्षा सूत्रों ने बताया कि ⏩ शेष पेज 5 पर

### एलओसी पर करेंगे सुरक्षा हालात की समीक्षा

सूत्रों ने बताया कि अपनी इस दो दिवसीय जम्मू-कश्मीर यात्रा में रक्षा मंत्री कारगिल और उससे जुड़े हुए नियंत्रण रेखा (एलओसी) के कुछ सुदूर (फॉरवर्ड) ऊंचाई वाले पर्वतीय इलाकों में भी जाएंगे और वहां तैनात सेना के जवानों तथा बाकी सैन्यकर्मियों से मुलाकात कर जमीनी स्तर पर बने हुए सुरक्षा हालात की व्यापक रूप से समीक्षा करेंगे। इस दौरान बहुत संभावना है कि सेना के वरिष्ठ अधिकारी रक्षा मंत्री को वर्तमान समय में इलाके में बने सुरक्षा परिदृश्य, सेना की मजबूत तैनाती के बारे में जानकारी देंगे।

शीर्ष कोर्ट ने केंद्र और अन्य पक्षों से मांगा जवाब

## अदालती कार्यवाही का वीडियो सोशल मीडिया पर डालने से पहले लें अनुमति

अदालत की कार्यवाही के वीडियो के गलत इस्तेमाल का मुद्दा उठा



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आदेश दिया कि अदालत की कार्यवाही की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बिना अनुमति के पोस्ट, दोबारा पोस्ट या अपलोड नहीं किया जा सकेगा। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के संबंधित महासचिव या हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की पहले अनुमति लेनी होगी।

चीफ जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची तथा जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने अदालत की लाइव स्ट्रीमिंग और कार्यवाही के वीडियो सोशल मीडिया पर गलत इस्तेमाल से जुड़ी याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों से जवाब भी मांगा है। पीठ ने अंतरिम आदेश में कहा कि यह निर्देश दिया जाता है कि इस अदालत के महासचिव या संबंधित हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की पूर्व अनुमति के बिना न्यायिक कार्यवाही की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग को निकालना, उसमें बदलाव करना, फैलाना (वायरल करना), सोशल मीडिया या अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करना, दोबारा पोस्ट करना और अपलोड करना प्रतिबंधित रहेगा। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ⏩ शेष पेज 5 पर

वाहन में सवार सभी यात्री कुल्लू से पांगी जा रहे थे

## हिमाचल के लाहौल स्पीति में सूमो पर गिरी चट्टान, 13 लोगों की मौत

एजेंसी ⏭ पांगी



खराब मौसम और लगातार गिर रहे मलबे के बीच बचाव अभियान चुनौतीपूर्ण बना हुआ

जनजातीय जिला लाहुल-स्पीति के उदयपुर-किलाड़ (तांदी-संसारी राष्ट्रीय राजमार्ग) पर शुक्रवार दोपहर कडू नाला के समीप एक बड़ा हादसा हो गया। कुल्लू से पांगी की ओर आ रही एक टाटा सूमो टैक्सी (एचपी-01एम-2210) अचानक पहाड़ी से गिरी भारी भरकम चट्टानों की चपेट में आ गई। वाहन में ड्राइवर सहित 13 लोग सवार थे, जिनकी मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि उदयपुर-किलाड़ मार्ग पिछले दिन बंद होने के कारण सभी यात्री तिंदी में रुके हुए थे। शुक्रवार को मार्ग खुलने के बाद वाहन पांगी के लिए रवाना हुआ, लेकिन कडू नाला के पास अचानक पहाड़ी से भारी मलबा और पत्थर गिरने से टैक्सी उसकी चपेट में आ गई। घटना के तुरंत बाद ⏩ शेष पेज 5 पर

**आरोप: प्रदर्शन के दौरान साहिल के चेहरे और आंख में धातु के कई छर्रे लगे**

## दिल्ली पुलिस का दावा छात्रों के खिलाफ पेलेट गन का उपयोग नहीं हुआ, राहुल गांधी ने पेश कर दिया साहिल... कहा ये देखो पेलेट गन से आंखों की रोशनी को है खतरा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद मार्च के दौरान घायल हुए 19 वर्षीय दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र साहिल का मामला अब राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में आ गया है। शुक्रवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने साहिल को मीडिया के सामने पेश करते हुए केंद्र सरकार, दिल्ली पुलिस पर तीखा हमला बोला। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पैलेट गन का इस्तेमाल किया गया, जिसके कारण साहिल की एक आंख की रोशनी जाने का खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि पेपर लीक के लिए जवाबदेही तय होनी चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा कि यह 19 साल का छात्र है। यह दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ता है और अपने परिवार की मदद के लिए पार्ट-टाइम कार चलाता है। यह हजारों युवाओं की तरह भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक का शिकार हुआ। यह सिर्फ अपने भविष्य और निष्पक्ष परीक्षा की मांग करने आया था, लेकिन इसके चेहरे पर पैलेट दाग दिए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पैलेट गन के इस्तेमाल को लेकर झूठ बोल रही है और



छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

साहिल ने भी मीडिया के सामने अपनी आपबीती सुनाई। उसने बताया कि वह 20 जुलाई को शांतिपूर्वक प्रदर्शन में शामिल हुआ था। उसका कहना है कि 2025 की एसएससी दिल्ली पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में कथित पेपर लीक से उसका भविष्य प्रभावित हुआ था। अब उसे आशंका है कि आगामी परीक्षा भी उसी एजेंसी से कराई जा रही है, जिस पर पहले सवाल उठ चुके हैं। इसी चिंता और जवाबदेही की मांग को लेकर वह प्रदर्शन में शामिल हुआ था।

परिजनों और छात्र संगठनों का आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान साहिल के चेहरे और आंख में धातु के कई छर्रे लगे। उसे पहले स्थानीय अस्पताल और बाद में एम्स ले जाया गया, जहां उसकी आंख की सर्जरी की गई। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, डॉक्टरों ने उसकी एक आंख की दृष्टि को लेकर गंभीर आशंका जताई है।

राहुल गांधी ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को निशाने पर लेते हुए कहा कि देश में लगातार पेपर लीक हो रहे हैं, लेकिन सरकार जिम्मेदारी लेने के बजाय छात्रों पर बल प्रयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं का भविष्य बर्बाद किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी इस पूरे मामले पर जवाब देने और छात्रों से माफी मांगने की मांग की। ⏩ शेष पेज 5 पर

### 'कांवड़ यात्रा सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक'

# शिवभक्त कांवड़ियों के स्वागत में सजेगी दिल्ली, होगी पुष्पवर्षा: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कांवड़ यात्रा सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। सावन के दौरान जब लाखों शिवभक्त 'हर हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष के साथ दिल्ली की सड़कों से गुजरते हैं तो पूरा वातावरण श्रद्धा और भक्ति से भर उठता है। दिल्ली सरकार ने राजधानी में प्रवेश करने वाले प्रत्येक कांवड़िए को सम्मान, सुरक्षा और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी कर ली है। यह बात शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में कांवड़ यात्रा के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक करने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कांवड़ यात्रा को सुगम, सुरक्षित, व्यवस्थित और भक्तिभाव से परिपूर्ण बनाने के लिए विभिन्न विभागों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में कला एवं संस्कृति मंत्री व कांवड़ समिति के अध्यक्ष कपिल मिश्रा, समिति के सदस्य विधायक अजय महावर, अनिल शर्मा, करनैल सिंह, संजय गोयल और उमंग बजाज सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार का संकल्प है कि राजधानी में आने वाला प्रत्येक शिवभक्त स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित और अपनत्व से घिरा हुआ महसूस करे।



#### दिल्ली के विभिन्न इलाकों में होगा भव्य स्वागत

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि कांवड़ियों के स्वागत के लिए दिल्ली के विभिन्न प्रमुख मार्गों और प्रवेश स्थलों पर स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत करने की भी व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री स्वयं भी दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर शिवभक्त कांवड़ियों का स्वागत करेंगी। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के भक्तों के प्रति दिल्लीवासियों की श्रद्धा और सेवा भावना सदैव अद्भुत रही है। इस बार भी सरकार और आम जनता मिलकर कांवड़ यात्रा को श्रद्धा, सेवा और आतिथ्य का यादगार पर्व बनाएगी।

#### कांवड़ समितियों के लिए सिंगल विंडो व्यवस्था

कांवड़ समितियों को आवश्यक अनुमतियों और सुविधाओं से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था की गई है। सरकार का उद्देश्य है कि कांवड़ समितियों को विभिन्न विभागों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें आवश्यक सहयोग समयबद्ध तरीके से उपलब्ध हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ समितियों के साथ समन्वय मजबूत रखा जाए और उनकी वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि शिविरों में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

#### दिन-रात उपलब्ध रहेंगी चिकित्सा सेवाएं

कांवड़ियों के स्वास्थ्य और चिकित्सा सुविधाओं को लेकर भी समीक्षा बैठक में विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि शिविरों में पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की अलग-अलग शिफ्टों में तैनाती सुनिश्चित की जाए ताकि श्रद्धालुओं को दिन और रात दोनों समय चिकित्सा सहायता मिल सके। साथ ही, पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पीने का पानी, निर्बाध बिजली आपूर्ति और बारिश के दौरान जलभराव से निपटने के लिए पहले से प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने अधिकारियों और संबंधित एजेंसियों को निर्देश देते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा की तैयारियों में सेवा भाव को केंद्र में रखते हुए आपसी समन्वय के साथ काम किया जाए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कांवड़ शिविरों में साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों में 24 घंटे सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और सफाईकर्मियों की पर्याप्त तैनाती की जाए। मोबाइल शौचालयों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ उनकी गुणवत्ता, नियमित सफाई और रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कांवड़ शिविरों में लगाए जाने वाले मोबाइल शौचालय उच्च गुणवत्ता वाले हों और उनकी सफाई एवं रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी की स्पष्ट रूप से तय की जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कृष्णा नगर में कार सवार व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में एक कार सवार व्यक्ति की गुरुवार देर रात चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान पश्चिमी विनोद नगर निवासी विजय कुमार के रूप में हुई है। कुमार को डॉ. हेडगेवार अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस हत्या का केस दर्ज कर आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस के अनुसार राज करीब नौ बजे पीसीआर को सूचना मिली कि कृष्णा नगर की मुख्य सड़क पर एक व्यक्ति को चाकू मार दिया गया है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो कुमार की कार सड़क किनारे लावारिस हालत में खड़ी मिली। तब तक स्थानीय लोग घायल को अस्पताल पहुंचा चुके थे। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में हत्या का मामला दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। फॉरेंसिक और क्राइम टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। इसके साथ ही हमलावर की पहचान के लिए आसपास के एरिया की सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों की भी तलाश भी हो रही है। पुलिस को शुरुआती जांच में लूटपाट का कोई पहलू नजर नहीं आया है।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर यात्री से 19.5 किलोग्राम 'हाइड्रोपोनिक वीड' बरामद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमाशुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक से पहुंचे एक यात्री से 19.5 किलोग्राम संदिग्ध 'हाइड्रोपोनिक वीड' बरामद करने के बाद उसे स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत गिरफ़्तार कर लिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 'हाइड्रोपोनिक' वीड गांजे की तेज असर वाली किस्म है, जिसे मिट्टी के बजाय पोषक तत्वों से भरपूर पानी में उगाया जाता है। आधिकारिक बयान के अनुसार, 22 जुलाई को यहां पहुंचे इस यात्री को 'पूर्व यात्री सूचना प्रणाली' (एपीआईएस) विवरणिका के आधार पर सीमाशुल्क ग्रीन चैनल पार करने के बाद विमान खुफिया इकाई (एआईयू) ने पकड़ा। बयान में कहा गया कि यात्री के सामान की 'एक्स-रे' जांच के दौरान कुछ संदिग्ध तस्वीरें दिखाई दीं। इसमें कहा गया कि यात्री के सामान से हरे रंग के पदार्थ से भरे पांच सीलबंद पैकेट मिले, जिनके हाइड्रोपोनिक वीड होने का संदेह है। इनका कुल वजन 19,595 ग्राम (पैकिंग सामग्री सहित) है। बयान के अनुसार, यात्री को स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 43(बी) के तहत गिरफ़्तार कर लिया गया।

## जाम से थमी लुटियंस दिल्ली की रफ्तार, स्कूली बच्चे बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर चल रहे सीजेपी के प्रदर्शन ने लुटियंस दिल्ली की रफ्तार को थाम दिया है। सुरक्षा के तहत उठाए गए प्रशासनिक कदमों के तहत जंतर मंतर और इसके आसपास के इलाकों में इंटरनेट सेवाएं बंद होने से और 18 से अधिक मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार अस्थाई रूप से बंद करने का सीधा असर आम नागरिकों, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों तथा स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों पर पड़ा है। प्रदर्शन के कारण लुटियंस दिल्ली और आसपास की प्रमुख सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। मंडी हाउस, कॉपरनिकस मार्ग और आसपास के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक इतना भीषण हो गया कि गाड़ियां घंटों तक एक ही जगह पर रेंगती रहीं। उमस भरी भीषण गर्मी के बीच कई स्कूली वैन और बसें जाम में फंस गईं। इससे बच्चे काफी परेशान नजर आए। छात्रों ने कहा कि वे कॉपरनिकस मार्ग पर पिछले दो घंटे से अधिक समय से फंसे हुए थे, जहां वाहनों के धुएं, तेज शोर और भीषण गर्मी ने विद्यार्थियों का बुरा हाल कर दिया। मेट्रो स्टेशन बंद होने और इंटरनेट सेवा ठप होने से आम यात्रियों व छात्रों की मुसीबतें दोगुनी हो गईं। इंटरनेट बंद होने के कारण यूपीआई या ऑनलाइन पेमेंट की सुविधाएं काम नहीं कर रही हैं। इसके साथ ही रैपिडो, उबर या ओला जैसी कैब व बाइक टैक्सियां भी बुक नहीं हो पा रहीं। अभिभावक अपना काम धंधा छोड़कर खुद अपनी गाड़ियों से बच्चों को लेने स्कूल पहुंचे, लेकिन वे भी जाम में फंस गए। वहीं कई अभिभावक अपने बच्चों की उंगलियां थामे और उनके बैग को अपने कंधों पर लादे सड़कों पर पैदल ही घर की ओर बढ़ते दिखाई दिए।

#### छात्रों को भड़काने में जुटे हैं केजरीवाल : मल्होत्रा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल छात्र आंदोलन को लंबा खींच कर अपना राजनीतिक वजूद फिर से खड़ा करना चाह रहे थे पर सरकार एवं छात्रों के बीच समझौते ने उनके सपने को तोड़ दिया है और अब वह छात्रों को भड़काने के लिए खुल कर ब्यानबाजी करने पर उतर आये हैं। यह बात शुक्रवार को दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कही है। मल्होत्रा ने कहा है कि जिस तरह सीजेपी आंदोलन से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने अनशन समाप्त किया और शुक्रवार को छात्रों की भारत सरकार के साथ वार्ता शुरू हो गई है उससे आम आदमी पार्टी नेताओं की बौखलाहट बढ़ गई है।

## पर्यावरण मंत्री की मौजूदगी में मुख्य सचिव के साथ अधिकारियों ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- दिल्ली सरकार ने इस वर्ष 70 लाख पौधे लगाने का लिया है संकल्प

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की मौजूदगी में शुक्रवार को दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने दिल्ली सरकार के अधिकारियों के साथ दिल्ली रिज स्थित पीबीजी ग्राउंड में आयोजित पौधरोपण अभियान में शामिल होकर पौधे लगाए। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' आह्वान से प्रेरित है, जो पर्यावरण संरक्षण को मातृ सम्मान के साथ जोड़ने वाली एक अनूठी पहल है। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली इस समय अपने इतिहास के सबसे बड़े वृक्षारोपण अभियान का साक्षी बन रही है, जिसके अंतर्गत इस वर्ष राजधानी में 70 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की प्रेरणा से दिल्ली रिज तथा अन्य चिन्हित हरित क्षेत्रों में व्यापक पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन कार्यक्रम के तहत 15 लाख पौधे लगाए जा रहे हैं, जिससे दिल्ली के पर्यावरणीय संतुलन को और सुदृढ़ किया जा सके। सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि लगाए जाने वाले प्रत्येक पौधे की वैज्ञानिक तरीके से जियो-टैगिंग की जाए तथा उसके संरक्षण और देखभाल की समुचित व्यवस्था हो, ताकि उनकी दीर्घकालिक जीवित रहने की संभावना सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि सरकार ने अगले 10 वर्षों के लिए एक व्यापक वृक्षारोपण रणनीति तैयार की है, जिसके तहत देशी प्रजातियों के वृक्ष लगाकर राजधानी के हरित क्षेत्र का विस्तार किया जाएगा। ये वृक्ष अधिक छाया प्रदान करते हैं, अधिक ऑक्सीजन उत्पन्न करते हैं, कम पानी की आवश्यकता रखते हैं तथा प्रदूषण कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंत्री सिरसा ने बताया कि समाज के हर वर्ग के लोग इस जनआंदोलन से जुड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि न्यायपालिका, 70 से अधिक देशों के राजनयिक, शैक्षणिक संस्थान, धार्मिक संगठन तथा विभिन्न नागरिक समूह इस अभियान में सक्रिय रूप से लगातार भाग ले रहे हैं।


#### महापौर कार्यालय को मिली बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर स्थित महापौर कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी के बाद सिविक सेंटर की सुरक्षा को और कड़ी कर दी गई है। महापौर कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार शुक्रवार को महापौर कार्यालय को पुन बम से उड़ाने की धमकी मिली। धमकी की सूचना देने के बाद दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची और कार्यालय परिसर की गहन जांच की गई। महापौर कार्यालय से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार आज प्रातः 10:23 बजे एक अज्ञात स्रोत से ई-मेल के माध्यम से यह धमकी प्राप्त हुई, जिसमें दोपहर 1:11 बजे बम विस्फोट करने की बात कही गई थी। स्पष्ट किया गया कि यह पहली बार नहीं है जब इस प्रकार की धमकी प्राप्त हुई हो। इससे पूर्व भी तीन से चार अवसरों पर महापौर कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं। लगातार प्राप्त हो रही ऐसी धमकियों को अत्यंत गंभीर विषय मानते हुए महापौर कार्यालय द्वारा पूर्व में दिल्ली पुलिस आयुक्त को एक औपचारिक पत्र भी प्रेषित किया गया था, जिसमें इन घटनाओं की विस्तृत जांच कर दोषियों की पहचान करने तथा उनके विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया था। महापौर कार्यालय ने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों एवं संवैधानिक पदों से जुड़े कार्यालयों को बार-बार इस प्रकार की धमकियां मिलना चिंता का विषय है।

### प्रवेश साहिब सिंह ने किया शुभारंभ

# गाजीपुर ड्रेन की सफाई में लगी दो नई लॉन्ग-बूम एम्फीबियस एक्सकेवेटर मशीनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दल्लूपुरा गांव के पास गाजीपुर ड्रेन की सफाई और पुनर्स्थापना के लिए शुक्रवार को दो अत्याधुनिक लॉन्ग-बूम एम्फीबियस एक्सकेवेटर मशीनें लगाई गईं हैं। इन मशीनों का शुभारंभ लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने किया है। इन मशीनों से नाले में लंबे समय से भारी मात्रा में जमा गाद निकाली जा सकेगी। गाजीपुर ड्रेन नोएडा, साहिबाबाद, चिल्ला और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों से आने वाले पानी को दिल्ली से बाहर ले जाने वाला एक महत्वपूर्ण ड्रेनेज चैनल है।

इस अवसर पर मंत्री प्रवेश ने कहा कि इस ड्रेन की लगभग 30 से 40 वर्षों से सही तरीके से डी-सिल्टिंग नहीं हुई है। वर्षों से भारी मात्रा में गाद जमा होती रही, जिससे इसकी पानी ले जाने की क्षमता काफी कम हो गई। हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि इस पुरानी और जमा हुई गाद को हटाकर दिल्ली के सभी प्रमुख नालों की क्षमता बहाल की जाए, ताकि राजधानी मानसून के दौरान बेहतर तरीके से तैयार रहे। मंत्री प्रवेश ने कहा कि सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अंतर्गत आने वाले प्रमुख नालों में इसी तरह की आधुनिक मशीनों का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे डी-सिल्टिंग का काम तेज, सुरक्षित और अधिक प्रभावी तरीके से पूरा किया जा सके। सामान्य एक्सकेवेटर मशीनों के विपरीत, ये विशेष एम्फीबियस मशीनें सूखी जमीन, दलदली क्षेत्र, उथले पानी और नाले के भीतर भी आसानी से काम कर सकती हैं। इनका 15 मीटर लंबा बूम और 9 मीटर तक खुदाई की क्षमता इन्हें गहराई में जमा गाद, सिल्ट, कीचड़, कचरा, मलबे और जलकुंभी जैसी जलीय वनस्पतियों को हटाने में सक्षम बनाती है।

इनके इस्तेमाल के लिए अस्थायी प्लेटफॉर्म बनाने या बड़े पैमाने पर मैनुअल श्रम पर निर्भर रहने की आवश्यकता भी कम होगी। प्रत्येक मशीन में 0.50 घन मीटर क्षमता वाली बकेट और 140 हॉर्सपावर का इंजन लगा है। ये मशीनें जमीन के साथ-साथ पानी में भी चल सकती हैं, जिससे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी लगातार काम करना संभव होगा। पानी के भीतर चलने की क्षमता से काम में होने वाली देरी कम होगी और डी-सिल्टिंग की गति तथा दक्षता में सुधार आएगा।

#### पांच करोड़ 24 लाख की लागत से आई दोनों मशीनें

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने इन अत्याधुनिक मशीनों की खरीद पर प्रति मशीन 2.62 करोड़ खर्च किए हैं। यानी दोनों मशीनें 5 करोड़ 24 लाख रुपए से आई है। मंत्री प्रवेश ने कहा कि यह निवेश दिल्ली के ड्रेनेज इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने और लंबे समय के लिए शहर को बाढ़ एवं जलभराव से अधिक सुरक्षित बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक**
(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

**प्रवेश सूचना** (विज्ञा. सं. पीआर-07 ऑफ 2026)
**2026-27 हेतु बी.एड./एम.एड./बी.एड. स्पेशल एजु./ एम.एड. स्पेशल एजु. (2 वर्षीय प्रोग्राम)**

म.द. विश्वविद्यालय, रोहतक इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/शिक्षा संस्थानों में बी.एड./एम.एड./बी.एड. स्पेशल एजु./ एम.एड. स्पेशल एजु. प्रोग्राम(एस) में प्रवेश के लिए 27.07.2026 से प्रवेश पोर्टल : https://admission.mdu.ac.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। अधिक जानकारी के लिए, पात्रता, प्रवेश कार्यक्रम, आवेदन करने के लिए प्रक्रिया और अन्य जानकारी के सम्बन्ध में विवरणिका जो विश्वविद्यालय वेबसाइट पर 27.07.2026 से उपलब्ध होगी, पर पधारें। ऑनलाइन आवेदन 27.08.2026 (23:55 बजे) तक स्वीकार किए जाएंगे।

संवाद-1235/11/178/2027/47507/सी/88/7 दि. 24.07.26 — रजिस्ट्रार

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **थेंगम शिमराह, पुत्रः** स्वर्गीय अशोक शिमराह, **निवासीः** म.नं. 106, हुमायूंपुर गांव, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली; एवं गांव व्यू लैंड जोन-I, उखरुल, मणिपुर ने मुकदमा **FIR No. 176/2021, U/s 33 Delhi Excise Act, थानाः सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **थेंगम शिमराह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **थेंगम शिमराह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 176/2021, U/s 33 Delhi Excise Act, थानाः सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **थेंगम शिमराह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री देवांशी जनमेजा
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी-03 (दक्षिण)
कमरा नं. 212, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/9705/SW/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोनू उर्फ शंकर सिकंदर, पुत्रः संतोष सिकंदर, पताः डब्ल्यूजेड-65/55, इंदिरा कैंप नं. 03, विकास पुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 27/2020, U/s 33/38 Delhi Excise Act, पुलिस थाना विकास पुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोनू उर्फ शंकर सिकंदर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोनू उर्फ शंकर सिकंदर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 27/2020, U/s 33/38 Delhi Excise Act, पुलिस थाना विकास पुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **मोनू उर्फ शंकर सिकंदर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – श्री विनोद कुमार
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05, दक्षिण-पश्चिम जिला
कमरा नं. 09, द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/10130/WD/2026

**हरियाणा सरकार** — **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर डीजी सैट (जनरेटर) की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 23.07.2026 06.08.2026 | 54,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/47483/I/88/7 दि. 24.07.26




# कॉकरोच जनता पार्टी 20 जुलाई को कार्रवाई में शामिल पुलिसकर्मियों की पहचान के लिए शुरू करेगी वेबसाइट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह 20 जुलाई को 'संसद चलो' मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई से जुड़े पुलिसकर्मियों की पहचान के लिए एक खास वेबसाइट शुरू करेगी। कॉजपा ने कहा कि वह इन अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी के लिए अदालत का रुख करेगी। कॉजपा के प्रवक्ता सौरव दास ने एक प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि पुलिस कार्रवाई के दौरान पुलिसकर्मियों ने छात्रों के साथ मारपीट की और महिला प्रदर्शनकारियों के साथ छेड़छाड़ की। दास ने कहा, जैसा कि हमने पहले ही घोषणा की थी, छात्रों पर हमला करने, उन्हें घायल करने और युवतियों के साथ छेड़छाड़ करने वाले हर पुलिस अधिकारी को आगाह कर चुके हैं। हम चुप नहीं बैठेंगे। हम हर बात का हिसाब रखेंगे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से कार्रवाई में कथित तौर पर शामिल पुलिसकर्मियों की तस्वीरें और वीडियो अपलोड करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि हम एक वेबसाइट शुरू कर रहे हैं और सभी प्रदर्शनकारियों से अपील करते हैं कि वे उन पुलिस अधिकारियों के वीडियो या फोटो अपलोड करें जिन्होंने उन पर हमला किया था। कॉजपा की टीम इन सभी सामग्री की जांच करेगी और कार्रवाई में शामिल प्रत्येक पुलिस अधिकारी की पहचान करेगी। उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए। दास ने कहा कि यदि दिल्ली पुलिस चिह्नित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं करती है, तो पार्टी अदालत का रुख करेगी। उन्होंने कहा कि देशभर के वकील हमारी मदद कर रहे हैं। हम अदालत से ऐसे आदेश प्राप्त करेंगे, जिनमें पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया जाएगा। समय आने पर हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उन सभी को जेल जाना पड़े। यह हमारा वादा है। इसी तरह की पहल करते हुए तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य साकेत गोखले ने भी छात्रों और प्रदर्शनकारियों से 20 जुलाई की पुलिस कार्रवाई से जुड़े फोटो, वीडियो और अन्य सबूत उपलब्ध कराने की अपील की।





# नड्डा से मिलने के बाद सीजेपी ने कहा, हमें तीन शर्त मानने से कम कुछ स्वीकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद सीजेपी के प्रवक्ता सौरव दास ने बताया कि हमारी उनसे बहुत अच्छी बातचीत हुई है। तीन में से दो मांगों को लगभग सरकार मानने को तैयार दिख रही है। दास ने कहा कि शनिवार को एक बार फिर हमारी बातचीत होगी जिसके लिए नड्डा ने हमें बुलाया है। दास ने कहा कि सरकार से बातचीत में हमें लगभग जीत मिलती नजर आ रही है।

सौरव दास ने कहा कि हमारी पहली और सबसे अहम शर्त है कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा होना चाहिए, या मंत्रिमंडल से उसे बाहर किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी दूसरी मांग है कि जो बच्चे नीट पेपर के लीक होने की वजह से मरे उनके परिवारों को एक एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए। जबकि सीजेपी की तीसरी शर्त है कि प्रदर्शन में शामिल छात्रों पर की गई एक एक एफआईआर का वापस लिया जाए। दास ने कहा कि सरकार हमें लिखकर गारंटी दे कि भविष्य में इन छात्रों को टारगेट भी नहीं किया जाएगा। हमने सरकार से एक और बिंदु पर पर बात की है कि सीजेपी के पांच बिंदु वाले चार्टर को भी बातचीत में शामिल करें। इसके अलावा हमने सरकार को बताया कि पुलिस जंतर मंतर पर खाना आदि लाने वाले बच्चों व युवाओं को पकड़ रही है जो कि गलत है। इस पर मंत्री नड्डा ने मुझे मालूम नहीं है, लेकिन ऐसा है तो अब नहीं होगा।



### वांगचुक के अनशन तोड़ने पर दीपके ने जताई खुशी

सोनम वांगचुक द्वारा 26 वें दिन बाद अपना अनशन तोड़ने पर प्रतिक्रिया देते हुए दीपके ने कहा कि मैं बहुत खुश हुं कि उन्होंने अपनी भूख हड़ताल तोड़ दी है। क्योंकि इस देश को और युवाओं को वांगचुक की बहुत जरूरत है। आपकी जबरदस्त हिम्मत और कुर्बानी के लिए धन्यवाद। अपनी जान जोखिम में डालकर, आपने पूरे देश की चेतना जगाई, आपकी जान इस देश के लिए बहुत कीमती है। दीपके ने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी का जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण विरोध तब तक जारी रहेगा जब तक धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते। वांगचुक की 26 दिनों की हड़ताल को हम जाया नहीं होने देगें। उन्होंने कहा कि आज सांसद शाहू छत्रपति महाराज ने जंतर मंतर आकर हमारा उत्साह बढ़ाया इसके लिए उनको धन्यवाद। इस मौके पर दीपके से बातचीत करते हुए उन्होंने छात्रों की मांगों और आंदोलन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

### उत्तराखंड के पुलिस कांस्टेबल ने दिया इस्तीफा?

शुक्रवार को सीजेपी के मंच पर एक घटनाक्रम में खुद को उत्तराखंड पुलिस में सिपाही बताने वाले शेर सिंह पुलिस की नौकरी छोड़ने की घोषणा कर दी। मंच पर मौजूद सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके के सामने शेर सिंह ने अपना पूरा समर्थन सीजेपी व छात्रों को देखते हुए उसने ऐलान किया कि वह आज से ही पुलिस की नौकरी छोड़ रहा है। उसने अपने बैच आदि उतारकर दीपके को दे दिए। वहीं दूसरी तरफ सोशल मीडिया में ही इस शेर सिंह को लेकर खबरें तैरती नजर आई कि उसे उत्तराखंड पुलिस ने पहले ही एक मामले में नौकरी से निकाल रखा है। शेर सिंह के इस्तीफे को लेकर मंच पर सबसे पहले खुद दीपके ने ही घोषणा की कि उत्तराखंड के शेर सिंह अपनी नौकरी छोड़कर हमारे आंदोलन में कार्य करना चाहते है।

### सरकार जवाबदेही तय करने के बजाय भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है : दीपके

दीपके ने सरकार पर फिर आरोप लगाते हुए कहा कि अपनी जबाबदेही की बजाए वह अब भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि बीती कल रात शिक्षा सचिव का तबादला कर दिया गया है। उनकी जगह पशुपालन विभाग के एक आईएएस अधिकारी को लाया गया, जिन पर कई करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। पेपर लीक और नीट से जुड़ा पूरा संकट सिस्टम में फैले भ्रष्टाचार का नतीजा था। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों का सामना कर रहे एक अधिकारी की जगह दूसरे ऐसे ही अधिकारी को लाना, पूरे देश के युवाओं का सीधा अपमान है। क्या सरकार हमसे इसी समझौते को स्वीकार करने की उम्मीद करती है, यह जवाबदेही नहीं है। जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते, हम नहीं रुकेंगे।

## सीजेपी के समर्थन में आप ने सभी 14 जिलों में प्रदर्शन किया, विधायक कार्यकर्ता हुए शामिल

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के देशव्यापी प्रदर्शन के समर्थन में दिल्ली के सभी 14 जिलों में विरोध प्रदर्शन किया। इन प्रदर्शनों में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष से लेकर विभिन्न विधायक, पार्षद व कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन के दौरान आप कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर थाली-चम्मच बजाते हुए कैंडल मार्च भी निकाला। इनमें प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज, पूर्व मंत्री गोपाल राय, प्रवक्ता व विधायक संजीव झा आदि शामिल रहे। पार्टी के अनुसार करोल बाग, शेख सराय में भगत सिंह वोकेशनल कॉलेज के निकट, सदर बाजार विधानसभा, दिल्ली यूनिवर्सिटी की आर्ट्स फैकल्टी और बाबरपुर समेत दिल्ली के सभी जिलों के अलग-अलग क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस बारे में भारद्वाज ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से नीचे कुछ स्वीकार नहीं है। इस मौके पर गोपाल राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अगर वाकई में करोड़ों युवाओं से प्यार करते हैं तो उन्हें चाहिए कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा तुरंत लें, पूरा देश इंतजार कर रहा है। प्रवक्ता संजीव झा ने कहा कि देश भर के युवा सबसे असफल शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांग रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री उनकी आवाज नहीं सुन रहे हैं। अब समय आ गया है कि देश का युवा एकजुट होकर मोदी सरकार के अहंकार और तानाशाही रवैये को तोड़ें।

## गोपाल राय ने प्रदर्शनकारियों से कहा, आंदोलन में घुसे असामाजिक तत्वों से रहे सावधान

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री गोपाल राय ने जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे कॉकरोचों से कहा है कि आंदोलन में घुसे कुछ असामाजिक तत्वों से सावधान रहें और दूरी बनाकर रखें। क्योंकि ऐसा हो सकता है कि यह तत्व आंदोलन को हिन्दू मुस्लिम का रंग दे दें। उन्होंने कहा कि छात्र वालेंटियर बनकर ऐसे लोगों से अपने आंदोलन को बचाएं, तभी देश जीतेगा, जब आंदोलन जीतेगा। राय ने कहा कि रात 12 बजे प्रधानमंत्री का संदेश जारी करना, देश भर में फैल रहे आंदोलन से बढ़ती उनकी घबराहट को दिखाता है। लाठियां-आंसू गैस के गोले खाने के बाद भी युवाओं का जोश व हिम्मत के साथ आंदोलन को आगे बढ़ाना सराहनीय है। राय ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सोनम वांगचुक के अनशन तोड़ने के बाद भी जंतर-मंतर पर छात्र-युवाओं का आंदोलन जारी है। जैसे-जैसे यह आंदोलन बढ़ रहा है, सरकार की घबराहट भी बढ़ रही है। जब लाठी और आंसू गैस के दम पर यह आंदोलन नहीं टूटा, तो अब सरकार इसे अंदर से बदनाम करने और तोड़ने का षड्यंत्र रच रही है। राय ने आंदोलनकारी छात्रों से अपील करते हुए कहा कि उन्हें हर हाल में इस शांतिपूर्ण आंदोलन का रक्षक और प्रहरी बनना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार के इशारे पर कुछ घुसपैठिए एजेंट आंदोलन में शामिल होकर हिंदू-मुसलमान, भारत-पाकिस्तान, गाली-गलौज और मारपीट कर इसे बदनाम करने की कोशिश कर सकते हैं।

## मेट्रो स्टेशन के 18 दरवाजे रहे बंद देर शाम तक यात्री रहे परेशान

नई दिल्ली। डीएमआरसी ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के चल रहे विरोध प्रदर्शन के कारण शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन 18 मेट्रो स्टेशनों को बंद कर दिया गया। डीएमआरसी के अनुसार सुरक्षा कारणों से सुबह 7:30 बजे से अगले निर्देश तक तक 18 मेट्रो स्टेशनों को बंद कर दिया है। आए दिन मेट्रो स्टेशनों के दरवाजे बंद करने से हजारों यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डीएमआरसी ने नई दिल्ली, लोक कल्याण मार्ग, राजीव चौक, पटेल चौक, रामकृष्ण आश्रम मार्ग, बाराखंभा रोड, सुप्रीम कोर्ट, सेवा तीर्थ, जनपथ, मंडी हाउस, केन्द्रीय सचिवालय, आईटीओ, दिल्ली गेट, इंद्रप्रस्थ, खान मार्केट, जोर बाग, शिवाजी स्टेडियम और झंडेवालान सहित कुल 18 मेट्रो स्टेशन सुबह 7:30 बजे से बंद कर दिए। मेट्रो स्टेशनों के बंद होने से दफ्तर जाने वाले लोगों, विद्यार्थियों और अन्य यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में शाम 5 बजे के बाद मंडी हाउस और सेंट्रल सेक्रेटेरिएट स्टेशनों के एंट्री गेट खोल दिए गए, जबकि बाकी बंद रहे। डीएमआरसी के अधिकृत सोशल मंच एक्स पर लोग अपनी अपनी भड़ास निकाल रहे है। यात्रियों का कहना है कि आम यात्रियों को स्टेशनों के गेट बंद होने से भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। क्योंकि उन्हें अपने तय गंतव्य से आगे या पीछे उतरना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी नौकरी पेशे वाले व कनॉट पेलेस, नई दिल्ली व इसके आस पास के क्षेत्रों में आना जाना पड़ता है। मोई सिमथे नामक यात्री ने लिखा कि कई स्टेशन बंद होने की वजह से हुई थोड़ी-बहुत परेशानी और ज्यादा कीमत पर कैब लेने की मजबूरी को देखते हुए, आज मेट्रो का किराया 7 पैसे कम करके बहुत ही दयालु और उदार कदम उठाया गया है। वहीं भुवन उपाध्याय ने लिखा कि जिनके पैसे ऑनलाइन कट गए, उनका क्या, मैंने व्हाट्सएप से ऑरेंज लाइन से नई दिल्ली के लिए टिकट खरीदा था, लेकिन ट्रेन धौला कुआं पर ही रुक गई। इंटरटेन डोज ने लिखा कि आप हर कुछ घंटों में मेट्रो खोल और बंद कर रहे हैं और आपको लगता है कि लोग हर कुछ घंटों में आपका मैसेज देखेंगे और फिर मेट्रो की सवारी बुक करेंगे, क्या यह कोई मजाक है। इसी प्रकार अनेक यात्री डीएमआरसी पर तरह तरह की पोस्ट लिख रहे है।

## दिल्ली पुलिस ने की सभी कर्मियों की छुट्टियां रद्द

नई दिल्ली। राजधानी में कानून व्यवस्था की मौजूदा स्थिति को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने अपने कर्मियों की सभी नियमित छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी हैं। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बताया गया कि पुलिस मुख्यालय की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आदेश सभी जिला पुलिस उपायुक्तों, विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ), इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दिया गया है। जारी हुये आदेश के अनुसार अगले निर्देश तक आकस्मिक अवकाश, अर्जित अवकाश सहित कोई भी नियमित छुट्टी मंजूर नहीं की जाएगी। केवल वास्तविक आपात स्थिति में सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापन के बाद ही छुट्टी स्वीकृत की जाएगी। आदेश में यह भी कहा गया है कि पुलिस आयुक्त की पूर्व अनुमति के बिना कोई भी पुलिसकर्मी किसी प्रशिक्षण कार्यक्रम या पाठ्यक्रम में भाग नहीं ले सकेगा। इसके साथ ही मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए पुलिस अधिकारियों सहित किसी भी पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक नियमित छुट्टी, जैसे आकस्मिक अवकाश, अर्जित अवकाश आदि नहीं दी जाएगी। सभी जिला पुलिस उपायुक्तों से अनुरोध है कि वे इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। यह आदेश ऐसे समय जारी किया गया है, जब राजधानी में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली में सुधार, नीट प्रश्नपत्र लीक सहित विभिन्न मुद्दों पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर व्यापक विरोध प्रदर्शन जारी है। गौरतलब है कि 20 जुलाई को मानसून सत्र के पहले दिन जब प्रदर्शनकारियों ने संसद की ओर मार्च करने का प्रयास किया, तो पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। इसके बाद हुई झड़पों में कई पुलिसकर्मी और प्रदर्शनकारी घायल हो गए थे।

## सोशल मीडिया पर नजर रख रही पुलिस

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस सोशल मीडिया पर प्रसारित खबरों पर पैनी नजर बनाये हुये हैं। दिल्ली पुलिस की लंबी चौड़ी आईटी सेल इस काम में जुटी है। इसका मकसद झूठी खबरों को प्रसारित होने से रोकना और लोगों को भ्रमित होने से बचाना बताया जा रहा है। शुक्रवार को भी पुलिस ने सोशल मीडिया में प्रसारित की जा रही दो खबरों का खंडन करते हुये उन्हें फर्जी करार दिया। एक खबर सीजेपी के संस्थानक दीपके की मौत से जुड़ी थी और अन्य एक पुलिसकर्मी के गर्भपात से संबंधित थी। दिल्ली पुलिस ने अखबार की उस वायरल कटिंग को फर्जी करार दिया जिसमें कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) संस्थापक अभिजीत दीपके की मौत का झूठा दावा किया गया है। पुलिस ने गलत जानकारी वाली सामग्री तैयार करने और उसे फैलाने के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। पुलिस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से एक स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि अखबार की वायरल हो रही कटिंग मनगढ़ंत है। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे बिना पुष्टि की गई जानकारी पर विश्वास न करें और न ही उसे फैलाएं। दीपके पूरी तरह से स्वस्थ और सुरक्षित हैं। इसके अलावा दूसरी खबर जंतर मंतर पर प्रदर्शन के दौरान घायल पुलिसकर्मी के गर्भपात से संबंधित थी। पुलिस ने इस दावे को भी खारिज किया है। घायल महिला पुलिसकर्मी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा किए जाने के बाद यह दावा किया गया था। कई पोस्ट में कहा गया कि वह चार महीने की गर्भवती थीं और प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में उनका गर्भपात हो गया। दिल्ली पुलिस ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि ये तस्वीरें तब की हैं जब प्रदर्शन के दौरान भगदड़ जैसी स्थिति में संबंधित पुलिसकर्मी घायल हो गई थी। पुलिस ने सोशल मीडिया पर किए जा रहे दावों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा, संबंधित महिला पुलिसकर्मी न तो विवाहित है और न ही गर्भवती है। फिलहाल वह चिकित्सकों की निगरानी में है। दिल्ली पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे अपुष्ट जानकारी साझा न करें।

## जंतर मंतर पर दिल्ली पुलिस ने फेस रिकग्निशन सिस्टम लगाया

नई दिल्ली। जंतर मंतर पर प्रदर्शन स्थल के आसपास दिल्ली पुलिस ने फेस रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएस) भी लगाया है। आसान शब्दों में इसे चेहरा पहचान प्रणाली भी कहते हैं। इसे लगाये जाने के पीछे पुलिस का तर्क है कि वह माहौल बिगाड़ने वाले वांछित अपराधियों, भगोड़ों और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों की पहचान इसके जरिये कर सकती है। यह पूरा सिस्टम एक वैन में लगाया गया है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि निगरानी प्रणाली आम प्रदर्शनकारियों के लिए नहीं है बल्कि इसका मकसद उन लोगों की पहचान करना है जिनका आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और जो प्रदर्शन में घुसपैठ करके कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं। एफआरएस यूनिट को प्रदर्शन स्थल के आसपास मुख्य प्रवेश और निकास बिंदु पर लगाया गया है और ये सीधे दिल्ली पुलिस के डेटाबेस से जुड़ी हुई हैं। अधिकारी इस प्रणाली से वास्तविक समय में निगरानी कर रहे हैं, जिससे वे किसी भी वांछित अपराधी, खराब चरित्र वाले व्यक्ति या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति की पहचान तुरंत कर सकेंगें। ये 'हाई-रिजॉल्यूशन' कैमरे हैं जो दूर से भी चेहरे की तस्वीरें ले सकते हैं। किसी व्यक्ति के चेहरे की तस्वीर लेने के बाद उसे तुरंत पुलिस डेटाबेस से मिलाया जाता है। अगर इस प्रणाली के जरिए किसी वांछित या भगोड़े आरोपी की पहचान होती है, तो संबंधित पुलिस इकाई को तुरंत अलर्ट कर दिया जाता है और बिना देरी किए कानूनी कार्रवाई शुरू की जा सकती है। पुलिस ने कहा कि यह तकनीक उन आदतन अपराधियों की पहचान करने में भी मदद करेगी जो बार बार आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं और दिल्ली पुलिस के रिकॉर्ड में खराब चरित्र वाले व्यक्ति के तौर पर दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि एफआरएस लगाना जंतर मंतर के आसपास सुरक्षा के इंतजामों का हिस्सा है।

# कांग्रेस ने जान गंवाने वाले छात्रों की याद में निकाला कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को पूरी दिल्ली में कैंडल मार्च निकाल कर पेपर लीक होने पर जान गंवाने वाले छात्रों को दी श्रद्धांजलि दी गई। नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र के ग्रीन पार्क ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित युसूफ सराय मार्केट से शुरू हुए कैंडल में शामिल होते हुए डीपीसीसी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मांग रखी किपेपर लीक होने पर जान गंवाने वाले छात्रों की याद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरी दिल्ली में कैंडल मार्च निकाल कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा पेपर लीक भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू किए गए देशव्यापी छात्रों की गूंज आंदोलन के तहत पेपर लीक की जवाबदेही तय की जाए, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लिया जाए और जंतर मंतर पर छात्रों की पिटाई के लिए प्रधानमंत्री माफी मांगे। 258 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों में आयोजित कैंडल मार्च में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के अलावा मुख्य रूप से पूर्व मंत्री प्रो. किरण वालिया, डा. योगानन्द शास्त्री, निगम में सदन के पूर्व नेता जितेन्द्र कुमार कोचर आदि पदाधिकारियों के साथ भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे। इस दौरान यादव ने कहा कि छात्रों के हितों की रक्षा के लिए निडर रुप से सक्रिय हमारे नेता राहुल गांधी लगातार लड़ाई जारी रखते हुए गुरुवार को महात्मा गांधी की स्मृति पहुंचकर नमन किया क्योंकि महात्मा गांधी यहां शहीद हुए थे जो सत्य, अंहिसा और निडरता का सबसे शक्तिशाली प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों के समर्थन में बैखोफ होकर भ्रष्ट शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ और पेपर लीक के कारण अपनी जान गंवाने वाले छात्रों को श्रद्धांजलि देने के लिए हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता उन युवाओं को साहस और संवेदना देने के लिए सड़कों पर हैं जिन्होंने सत्य और अंहिसा के रास्ते पर चलते हुए सरकार के आदेश पर पुलिस की बर्बरता को सह रहे हैं, हम हर कदम में उनके साथ है। यादव ने कहा कि पेपर लीक भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लेने की बजाय एनडीए बेशर्मी से संसद में जवाबी प्रदर्शन कर अपनी नाकामियों और पेपर लीक भ्रष्टाचार को दबाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक भ्रष्टाचार को फास्ट ट्रेक कोर्ट द्वारा निपटाने की बात करके केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देश को गुमराह कर रहे हैं। छात्रों की क्रांति की लौ जलती रहेगी और छात्रों के हितों में जन नायक राहुल गांधी क संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य का रास्ता बनाएगा। भाजपा की सरकार देश भर में लाखों छात्रों पर लाठियां चलाकर विपक्ष की आवाज को दबा नहीं सकती। सत्याग्रह को अपना संकल्प बनाकर सरकार के हर वार के खिलाफ और छात्रों के साथ हम डट कर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि असत्य और हिंसा से केंद्र सरकार देश के छात्रों के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार करके जो किया है,उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## खबर संक्षेप

### लोकतंत्र का हनन कर रही है भाजपा : लाम्बा



**फरीदाबाद।** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर इंडियन नेशनल लोकदल के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष रुपचंद लाम्बा के नेतृत्व में शुक्रवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में विरोध प्रदर्शन कर जिला उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। इस दौरान इनेलो कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए युवाओं के समर्थन में अपनी आवाज उठाई। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इनेलो जिलाध्यक्ष रुपचंद लाम्बा ने कहा कि भाजपा सरकार में लोकतंत्र का हनन किया जा रहा है, जो बच्चे अपने भविष्य को लेकर शांतिपूर्वक तरीके से दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे थे।

### लाठीचार्ज के विरोध में सीटू ने ज्ञापन सौंपा




**फरीदाबाद।** सीटू राज्य कमेटी के आह्वान पर जिला कमेटी फरीदाबाद ने जंतर मंतर पर छात्र युवाओं पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए गये बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज के विरोध में जिला मुख्यालय पर सैक्टर-12 में धरना देकर प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सीटू की जिला उपाध्यक्ष और आशा वर्कर यूनियन की जिला प्रधान हेमलता ने की जबकि संचालन जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने केंद्र सरकार पर आंदोलनरत देश के छात्रों और नौजवानों की समस्याओं का समाधान नहीं करने का आरोप लगाया।

# नशा मुक्त समाज के संदेश के साथ रेड रन मैराथन एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

## एचआईवी, एड्स जागरूकता एवं नशा मुक्त जीवनशैली का संदेश आमजन तक पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण समिति के मार्गदर्शन में जिला एड्स नियंत्रण संगठन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सेक्टर-12 फरीदाबाद में युवाओं में एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूकता, नशा मुक्ति तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेड रन मैराथन एवं एचआईवी, एड्स जागरूकता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाडियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर जनजागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. जयंत आहूजा, डॉ. राजेश श्योकंद, डॉ. मनोज बजाज, विनोद कुमार एसीपी, विमल खंडेलवाल संरक्षक रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद सुभाष गहलोत, धर्मेंद्र कोच तथा एचआईवी स्टाफ द्वारा रेड रन मैराथन को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इसके उपरांत अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित




किया। रेड रन मैराथन में खेल विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूकता, नशा मुक्त समाज तथा स्वस्थ जीवनशैली का संदेश आमजन तक पहुंचाया।

मैराथन में महिला वर्ग में सोनिया ने प्रथम, संगीता ने द्वितीय तथा मन्नत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में केशव प्रथम, सनी शर्मा द्वितीय तथा लवकेश तृतीय स्थान पर रहे। इसके अतिरिक्त एचआईवी, एड्स, नशा मुक्ति, कलंक एवं भेदभाव की रोकथाम तथा स्वस्थ जीवनशैली विषयों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में दीक्षा एवं आराध्या केएल मेहता कॉलेज ने प्रथम, अजय कुमार एवं सुधांशु डीएवी कॉलेज ने द्वितीय तथा भावना एवं रिया केएल मेहता कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर डॉ जयंत आहूजा ने कहा कि युवाओं को एचआईवी, एड्स के प्रति वैज्ञानिक जानकारी, समय पर जांच तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना समय की आवश्यकता है। एसीपी विनोद कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए गंभीर चुनौती है तथा युवाओं को खेल, शिक्षा और सकारात्मक गतिविधियों से जुडक़र नशा मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। विमल खंडेलवाल संरक्षक रेडक्रॉस सोसाइटी ने कहा कि एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूकता, सामाजिक भेदभाव का उन्मूलन और नशा मुक्ति केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि समाज, सामाजिक संगठनों और युवाओं की सामूहिक भागीदारी से ही संभव है।

### मानव रचना ने फ्यूचरिस्टिक डेंटिस्ट्री के लिए अत्याधुनिक केंद्रों की शुरुआत की

# डिजिटल तकनीकों के साथ दंत चिकित्सा और शिक्षा को नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग से दंत चिकित्सा पहले की तुलना में अधिक तेज, सटीक और मरीजों की जरूरतों के अनुरूप होती जा रही है। इसी बदलाव को मरीजों और भावी दंत चिकित्सकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मानव रचना डेंटल कॉलेज ने आज अपने डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचरिस्टिक डेंटिस्ट्री के अंतर्गत सेंटर फॉर डिजिटल डेंटिस्ट्री और सेंटर फॉर एडवांस्ड ओरल इम्प्लांटोलॉजी तथा डिपार्टमेंट ऑफ प्रोस्थोडॉन्टिक्स के अंतर्गत टेम्पोरोमैंडिबुलर डिसऑर्डर्स (टीएमडी) सेंटर का उद्घाटन किया। ये केंद्र डिजिटल डायग्नोसिस, स्माइल डिजाइन, इम्प्लांट प्लानिंग और कंप्यूटर.गाइडेड उपचार को एकीकृत प्रणाली में जोड़ते हैं, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलेगा और आम जनता के लिए



उन्नत दंत चिकित्सा सेवाएं अधिक सुलभ होंगी।

मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. विमल अरोड़ा चीफ क्लीनिकल ऑफिसर क्लोव डेंटल ने तीनों केंद्रों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दंत चिकित्सा तेजी से बदल रही है और डिजिटल वर्कफ्लो, गाइडेड प्रक्रियाएं तथा सटीक उपचार अब नियमित क्लीनिकल प्रैक्टिस का हिस्सा बनते जा रहे हैं। विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा के दौरान इन तकनीकों का अनुभव मिलना आवश्यक है, ताकि वे आधुनिक दंत चिकित्सा के लिए पूरी तरह तैयार हों। वहीं, मरीजों को अधिक सटीक जांच, बेहतर उपचार योजना और अधिक भरोसेमंद परिणाम मिलते हैं।

डॉ. पुनीत बत्रा प्रो वाइस चांसलर हेल्थ साइंसेज, डीन स्कूल ऑफ डेंटल साइंसेज एवं स्कूल ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज, मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज़ ने कहा कि ये केंद्र हमारी शैक्षणिक और क्लीनिकल क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। शिक्षण, शोध और मरीजों की देखभाल में उन्नत डिजिटल तकनीकों को शामिल कर हम ऐसा वातावरण तैयार कर रहे हैं, जहां विद्यार्थी व्यावहारिक क्लीनिकल प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मविश्वास विकसित करेंगे और हमारे शिक्षक भी दंत चिकित्सा के बदलते वैश्विक मानकों के अनुरूप अपनी विशेषज्ञता को लगातार आगे बढ़ाएंगे। डॉ. प्रशांत भल्ला ने इन केंद्रों को मानव रचना की उस व्यापक सोच का हिस्सा बताया, जिसका उद्देश्य उन्नत तकनीकों को बहु.विषयक शिक्षा, शोध और उद्योग सहयोग के साथ जोडऩा है, ताकि ऐसा शैक्षणिक वातावरण तैयार हो जहां नवाचार बेहतर सीखने को बढ़ावा दे और समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में योगदान दे। डॉ.आशीष कक्कड़ निदेशक मानव रचना सेंटर फॉर डेंटल एक्सीलेंस ने कहा कि डिजिटल तकनीकें चिकित्सकों को उपचार शुरू होने से पहले अधिक आत्मविश्वास और सटीकता के साथ योजना बनाने में सक्षम बनाती हैं।

### अपराधिक साजिश के तहत मामला दर्ज

# जमीन सौदे में धोखाधड़ी करने पर ऑरिस इंफ्रास्ट्रक्चर के निदेशकों समेत तीन पर एफआईआर

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम पुलिस ने मानेसर के निकट बढ़ा गांव की कृषि भूमि से जुड़े एक सहयोगी विकास (कोलैबोरेशन) समझौते में कथित धोखाधड़ी के आरोप में ऑरिस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, उसके निदेशक विजय गुप्ता और अमित गुप्ता तथा अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता जितेंद्र सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि कंपनी ने भूमि मालिकों को आवंटित किए गए प्लॉटों में से कुछ को कथित रूप से तीसरे पक्ष को बेच दिया। यह मामला 7 जुलाई को खेड़की दौला थाना में भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 120-बी (आपराधिक साजिश) के तहत दर्ज किया गया। शिकायत अश्विनी कुमार, राजपाल और स्वर्गीय आनंद प्रकाश के कानूनी उत्तराधिकारी कृष्ण कुमार ने दर्ज कराई है।

शिकायतकर्ताओं के अनुसार, उनके परिवारों के पास बढ़ा गांव में करीब तीन एकड़ कृषि भूमि थी। अप्रैल 2010 में उन्होंने ऑरिस इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ एक पंजीकृत सहयोगी विकास समझौता किया था। समझौते के तहत कंपनी को विकसित आवासीय परियोजना में प्रत्येक भूमि मालिक को 1,200 वर्ग गज के विकसित प्लॉट देने थे। वर्ष 2012 में हुए एक संशोधित समझौते के अनुसार बाह्य और आंतरिक विकास शुल्क का भुगतान कंपनी को करना था। शिकायत में कहा गया है कि नवंबर 2014 में सेक्टर-89 स्थित वुडव्यू रेजिडेंसी परियोजना में 15 प्लॉटों के आवंटन पत्र जारी किए गए थे। बाद में अप्रैल 2016 में इनमें से कुछ प्लॉटों के स्थान पर नए प्लॉट आवंटित किए गए। जून 2016 में प्लॉटों के क्षेत्रफल से संबंधित विवाद का भी निपटारा किया गया था। आरोप है कि निर्धारित अवधि में प्लॉटों का कब्जा और कन्वेयंस डीड नहीं दी गई।

कंपनी ने देरी का कारण टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से पूर्णता प्रमाणपत्र नहीं मिलना बताया। वर्ष 2020 में कंपनी ने कब्जा देने में छह वर्ष की देरी के लिए मुआवजे का भुगतान भी किया था। जब शिकायतकर्ता फरवरी 2026 में परियोजना स्थल पर पहुंचे और उन्हें पता चला कि प्लॉट संख्या ई-75, ई-76 और डी-84 कथित रूप से तीसरे पक्ष को हस्तांतरित किए जा चुके हैं।

### प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन किया

# रोटरी पब्लिक स्कूल में संविद 5.0 का भव्य आयोजन चालीस स्कूलों के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

रोटरी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-22, गुरुग्राम में शुक्रवार को अंतर-विद्यालयी बहुविषयक कार्यक्रम 'संविद 5.0 – बैलेंसिंग द इंटेलेक्ट' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुग्राम के 40 प्रतिष्ठित स्कूलों के कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी बौद्धिक क्षमता, रचनात्मकता और तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।




कार्यक्रम के तहत विश्लेषणात्मक सोच, टीमवर्क, साइबर सुरक्षा, नवाचार और एआई आधारित छह बहुविषयक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सेंटर फॉर नॉलेज सोवरेनिटी के सचिव एवं डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (डीएससीआई) के सदस्य विनीत गोयनका ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शोध, नवाचार और समस्याओं के समाधान पर ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा दी। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर-इलेक्ट डॉ. पुष्पा सेठी ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ अपने विचार रखने और सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। विद्यालय की निदेशक-प्रधानाचार्या संदीपा राय ने कहा कि अंतरविषयक शिक्षा विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करती है।

प्रतियोगिताओं में मैथ फैशनिस्टा में डीएवी पब्लिक स्कूल की देवांशी अरोड़ा, टेल्स एंड मूव्स में एसडी आदर्श विद्यालय की ध्रुवी एवं परिनिता तथा टेराड्रोन चैलेंज में इम्पीरियल हेरिटेज स्कूल की सरोज बाला विजेता रहीं। वहीं, जागृति जंक्शन में रोटरी पब्लिक स्कूल और बिज़डिफेंड चैलेंज में बी.डी. ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में पूर्व महानिदेशक, एनसीआरबी डॉ. ईश कुमार ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए विद्यार्थियों को तार्किक सोच, नैतिक मूल्यों और निरंतर सीखने की महत्ता बताई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# विद्या सागर इंटरनेशल स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-2 शाखा में आज इन्वेस्टिचर सेरेमनी का भव्य और गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व, अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों को विकसित करना था।

इस बार स्कूल ने एक अनूठी पहल करते हुए हेड बॉय, हेड गर्ल और सभी हाउस कैप्टन का चुनाव पूरी तरह से लोकतांत्रिक तरीके से वोटिंग के माध्यम से कराया। सभी छात्रों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर



अपने प्रतिनिधियों को चुना। वोट डालने से पहले सभी बच्चों को चुनाव प्रक्रिया की विशेष ट्रेनिंग दी गई, ताकि वे समझ सकें कि सही उम्मीदवार का चयन कैसे किया जाता है और एक-एक वोट का क्या महत्व होता है। शिक्षकों ने बताया कि इसका उद्देश्य बच्चों को भविष्य का जागरूक नागरिक बनाना है, जो बड़े होकर देश के चुनावों में सक्रिय भागीदारी निभा सकें।

### चोरी के दो मामलों में दो काबू, 12 हजार रुपये बरामद

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एनआईटी व सेक्टर-85 की टीमों ने चोरी के दो अलग-अलग मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की संपत्ति बेचने से प्राप्त राशि में से 12000 नकद बरामद किए हैं। आरोपियों को अदालत में पेशकर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि आकाश निवासी एनआईटी-3 फरीदाबाद ने थाना एसजीएम नगर में शिकायत दर्ज कराई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके क्लिनिक से एसी की कॉपर वायर तथा आउटडोर यूनिट चोरी कर ली। शिकायत पर थाना एसजीएम नगर में चोरी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

**नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा निदेशालय, हरियाणा एवं हरेडा**
अक्षय ऊर्जा भवन, इंस्टीट्यूशनल प्लॉट नं. 1, सेक्टर-17, पंचकूला - 134109
फोन : 0172-2585733, 2585433
ईमेल: hareda@chd.nic.in | वेबसाइट: www.hareda.gov.in

**सार्वजनिक सूचना**

**हरियाणा कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) नीति, 2026 के ड्राफ्ट पर टिप्पणियाँ/सुझाव आमंत्रण**

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, हरियाणा/हरेडा ने हरियाणा कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) नीति, 2026 का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। ड्राफ्ट नीति होम पेज पर "What's New" टैब के तहत www.hareda.gov.in पर वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आम जनता, प्रोजेक्ट डेवलपर्स, स्टेकहोल्डर्स, औद्योगिक संघों और अन्य संबंधित संगठनों से टिप्पणियाँ/सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। संबंधित क्लॉज नंबर इंगित करते हुए, क्लॉज-वार टिप्पणियाँ/सुझाव निर्धारित प्रारूप में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर hareda@chd.nic.in पर ई-मेल द्वारा भेजे जा सकते हैं।

हस्ता/- निदेशक
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा विभाग,
हरियाणा एवं हरेडा, पंचकूला

पीआरडीएच-2236/11/5/2027/47506/88/7 दि. 24.07.26

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुरेंद्र उर्फ राजू उर्फ राज** पुत्र राम कृपाल निवासी टीटू का मकान, मकान नंबर 531, गली नंबर 12, शाहबाद दौलत पुर, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 236/18 धारा 354डी/506 भा.द.स और 12 पॉक्सो अधिनियम, थाना प्रशांत विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेंद्र उर्फ राजू उर्फ राज** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **सुरेंद्र उर्फ राजू उर्फ राज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **सुरेंद्र उर्फ राजू उर्फ राज, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 236/18 धारा 354डी/506 भा.द.स और 12 पॉक्सो अधिनियम, थाना प्रशांत विहार, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.09.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री अमित सहरावत**
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-01 (पॉक्सो)
कमरा नंबर 306, तृतीय तल
जिला न्यायालय, रोहिणी, दिल्ली

DP/10057/RD/2026

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82/ 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **आमिर खान पुत्रः नबीजान, पताः** मकान नं. ईदगाह कॉलोनी, गली नं. 10, सोनीपत, हरियाणा, **FIR No. 0278/2020, U/s 12/9/55 G. Act,** दिनांक 29.09.2020 थानाः न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि इन्होनें किया है) और इन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आमिर खान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आमिर खान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 0278/2020, U/s 12/9/55 G. Act,** थानाः न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **आमिर खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
विनोद जोशी
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
जिला दक्षिण–पश्चिम, कमरा नं. 515
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/10181/SE/2026
(Court Matter)

### मुख्य आरोपी को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

# दो अलग-अलग साइबर ठगी के मामलों में तीन महिलाओं सहित कुल 7 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामलों का खुलासा करते हुए तीन महिलाओं सहित 7 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पहला मामलाः फर्जी निवेश का झांसा देकर महिला से 1.39 लाख की ठगी सेक्टर-9 फरीदाबाद की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को बताया कि 16 जुलाई 2026 को उनके टेलीग्राम पर विज्ञापन आया, जिसमें न्यूनतम 30,000 निवेश



करने पर तीन गुना मुनाफा देने का दावा किया गया था। विज्ञापन के झांसे में आकर महिला ने यूपीआई के माध्यम से 30,000 ट्रांसफर कर दिये। इसके बाद आरोपियों ने फर्जी स्क्रीनशॉट भेजकर निवेश राशि को लगभग 1.88 लाख दिखाया। रकम निकालने के लिए पहले रिटर्न चार्ज के नाम पर 56,691.50 और बाद में 52,911 जमा करा लिए। इसके बावजूद जब शिकायतकर्ता ने अपनी राशि वापस मांगी तो ठगो ने अकाउंट चार्ज के नाम पर 57000 और जमा कराने की मांग की। तब उसे अपने साथ साइबर ठगी होने का अहसास हुआ। जांच के दौरान साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने अखिलेश निवासी गांव खानपुर जिला बूंदी राजस्थान तथा चिरंजीलाल निवासी गांव नयागांव जिला बूंदी हाल निवासी गांव खोडी, जिला बूंदी राजस्थान को 22 जुलाई को बूंदी से काबू किया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों बूंदी में एक बैंक के लिए रिकवरी एजेंट का कार्य करते हैं। अखिलेश ने अपने एक दोस्त के माध्यम से चिरंजीलाल का बैंक खाता साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बीपीएस जीएमसी फॉर विमन, खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी फॉर विमन, खानपुर कलां में स्थापित सभी मोटरों के सीएमसी + तीन अन्य कार्यों – सेवाओं हेतु निविदा। | 24.07.2026 03.08.2026 | ईएमडी 40000 | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 2 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में वर्ष 2024 हेतु जरनल्स की खरीद के लिए निविदा। | 28.07.2026 11.08.2026 | ईएमडी 64000/- | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 3 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह में शार्प फोटोकॉपियर मशीन मॉडल शार्प बीपी-20एम22 के लिए टोनर कार्ट्रिज की खरीद निविदा। | 27.07.2026 12.08.2026 | 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 126700282 dirshkmnuh.med-hry@nic.in |
| 4 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह में गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) और स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) समारोहों का आयोजन करने के लिए अपेक्षित वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए निविदा। | 27.07.2026 05.08.2026 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 dirshkmnuh.med-hry@nic.in |
| 5 | कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई), हरियाणा | ईएसआई हैल्थकेयर हरियाणा के ईएसआई लाभार्थियों हेतु चिकित्सा दावा प्रोसैसिंग की गतिविधियों को अंडरटेक करने के लिए तृतीय पक्ष प्रशासक (टीपीए) का पैनल तैयार करना। | 25.07.2026 24.08.2026 | ईएमडी 10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9988701049 esi@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | आंगनवाड़ी केन्द्र को सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्रों में अपग्रेडेशन के लिए एलईडी टीवीएस की अधिप्राप्ति। | 25.07.2026 24.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | अग्नि एवं आपातकालीन सेवाओं, हरियाणा के लिए वायरलैस कम्यूनिकेशन सिस्टम की आपूर्ति और प्रचालन। | 25.07.2026 24.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | एलडब्ल्यूएस यांत्रिकी मंडल चरखी दादरी से सम्बन्धित हार्डवेयर मदों की आपूर्ति + 2 अन्य कार्य। | 22.07.2026 05.08.2026 | 74.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 172582542 xenproc@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2027/160/47510/I/88/7 दि. 24.07.26

## खबर संक्षेप

### मंत्री आवास घेरने पहुंचे अभ्यर्थी, पुलिस टांग ले गई

**लखनऊ।** 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।



बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के सरकारी आवास घेराव का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की हुई। करीब 30 मिनट तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने कई अभ्यर्थियों को हिरासत में लेकर बसों के जरिए इको गार्डन भेज दिया।

### घूसखोर अफसर 50 हजार रिश्वत लेते काबू

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर रेल मंडल के डीआरएम कार्यालय में सीबीआई ने दबिश दी। सीबीआई



की टीम ने कार्मिक विभाग के सहायक कार्मिक अरुण कुमार मंडल को 50 हजार रिश्वत लेते काबू कर लिया। टीम ने मंडल का आवास से गैर लाइसेंसी पिस्टल, दो मैगजीन, नौ कारतूस बरामद किए। सीबीआई पीआई सुनील कुमार सिंह के आवेदन पर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### जमशेदपुर के डिमना डैम में डूब गए 2 डॉक्टर

**जमशेदपुर।** जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डिमना लेक में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो



गया। महात्मा गांधी मेमोरियल अस्पताल के दो जूनियर डॉक्टर झील में डूब गए। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और अस्पताल के सुप्रिटेंडेंट बलराम झा समेत अन्य लोग पहुंचे और दोनों की तलाश के लिए युद्धस्तर पर रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया गया।

### पहली अगस्त को खुलेंगे 4500 विशेष अपॉइंटमेंट स्लॉट

# 17 अगस्त से बिना अपॉइंटमेंट नहीं होगा पासपोर्ट संबंधी समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

पासपोर्ट बनवाने के लिए लंबी वेटिंग झेल रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने 49 जिलों के आवेदकों के लिए 1 अगस्त, शनिवार को 4500 विशेष अपॉइंटमेंट खोलने का फैसला किया है। वहीं, 17 अगस्त से पासपोर्ट आवेदन के बाद किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए भी ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेना अनिवार्य होगा। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ज्ञानवीर सिंह ने बताया कि 1 जुलाई से पासपोर्ट शुल्क में वृद्धि के कारण लोगों ने 30 जून तक ही सामान्य



श्रेणी के आवेदन कर दिए थे। इसके चलते कई जिलों में सामान्य अपॉइंटमेंट सितंबर तक फुल हो चुके हैं और फिलहाल केवल तत्काल श्रेणी के अपॉइंटमेंट उपलब्ध हैं, जिनकी फीस लगभग 5,000 रुपए है।

इसके अलावा, 17 अगस्त 2026 से पासपोर्ट आवेदन के बाद किसी भी प्रकार की समस्या या समाधान के लिए भी ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेना अनिवार्य होगा। अभी प्रतिदिन लगभग 200 अपॉइंटमेंट लेकर और करीब 500 लोग बिना अपॉइंटमेंट के लखनऊ स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय पहुंचते हैं। नई व्यवस्था के तहत अपॉइंटमेंट की संख्या बढ़ाकर 500 की जाएगी, ताकि लोगों को अनावश्यक भीड़ और परेशानी से बचाया जा सके।

# भूमाफियाओं पर एफआईआर दर्ज कर जेल भेजें

### जमीन कब्जे की शिकायत पर सख्त दिखे सीएम योगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोरखपुर

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन, शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और समस्या-शिकायत लेकर आए लोगों को भरोसा देते हुए कहा, 'चिंता मत करें, सबकी समस्या पर प्रभावी कार्रवाई कराई जाएगी।' साथ फरियादियों को हर संभव मदद का भी भरोसा दिलाया। जमीन कब्जे की शिकायतों को लेकर योगी काफी सख्त दिखे। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि भूमाफियाओं पर एफआईआर दर्ज कर जेल भेजें।



साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की हर समस्या का शीघ्र समाधान कराएं। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न होने पाए। योगी शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 150 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना, उनके प्रार्थना पत्र लिए।

#### समस्याओं का निस्तारण निष्पक्ष और समयबद्ध हो

सीएम योगी ने पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया है कि सभी समस्याओं का निस्तारण निष्पक्ष और समयबद्ध होना चाहिए। अपराध और जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

### सहारनपुर में पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट

# चार लोगों की मौत की आशंका, दो के शव मिले, दूर-दूर तक बिखरे चीथड़े

एजेंसी ▶▶ सहारनपुर

जिले के गंगोह थाना क्षेत्र में स्थित कुंडाबसी गांव के बाहर शुक्रवार शाम एक पटाखा फैक्टरी में हुए भीषण विस्फोट ने चारों ओर तबाही मचा दी। इस दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत की आशंका है, जबकि दो लोगों के शव बरामद हो गए। शवों के चीथड़े दूर-दूर तक जा गिरे। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि इसकी आवाज करीब दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी और आसपास के ग्रामीण दहशत में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शाम के समय अचानक एक जोरदार धमाका हुआ, जिसके बाद फैक्टरी से आग की लपटें उठने लगीं।

विस्फोट के समय फैक्टरी में कुल 24 लोग काम कर रहे थे। चार श्रमिकों की मौत की सूचना पर पुलिस पहुंची। दो शव बरामद हो गए, बाकी की छानबीन की जा रही है। मरने वालों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस-प्रशासन पहचान कराने में जुटा है।

> यूपी के सहारनपुर स्थित गंगोह में गाजियाबाद के एक व्यक्ति की पटाखा फैक्टरी संचालित है। शुक्रवार शाम यहां धमाके के साथ विस्फोट हो गया...

विस्फोट की आवाज करीब दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी | फैक्टरी में कुल 24 लोग काम कर रहे थे, राहत-बचाव कार्य जारी

**आने वाले त्योहार के मद्देनगर बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री रखी थी**



विस्फोट की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलते ही गंगोह थाना पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने तुरंत इलाके को घेर लिया और स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि यह फैक्टरी काफी समय से संचालित हो रही थी और दिवाली के त्योहार को देखते हुए इसमें बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री रखी हुई थी।

#### जांच जारी, कारणों का पता लगाने का प्रयास

फिलहाल, विस्फोट के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर यह आशंका जताई जा रही है कि किसी प्रकार की लापरवाही या विस्फोटक सामग्री के गलत रखरखाव के कारण यह हादसा हुआ हो सकता है। पुलिस फैक्टरी मालिक से भी पूछताछ कर रही है, जो गाजियाबाद का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस ने बरामद शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रशासन ने मृतकों के परिवारों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। इस घटना ने एक बार फिर से अवैध और असुरक्षित पटाखा फैक्टरी के संचालन पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### डिप्टी सीएम से भिड़ गए भाजपा के विधायक

# भूमिहार ब्राह्मण शब्द पर बिहार सरकार ने लगाई रोक

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में भूमिहार ब्राह्मण विवाद ने एक बार फिर सियासी तूल पकड़ लिया है। विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान राज्य सरकार ने स्पष्ट किया कि भूमिहार जाति को सरकारी रिकॉर्ड में सिर्फ भूमिहार ही लिखा जाएगा। भूमिहार ब्राह्मण शब्द पर रोक लगा दी गई है। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने अपनी ही सरकार को घेरना शुरू कर दिया। इससे शुक्रवार को सदन में गहमागहमी का माहौल नजर आया। डिप्टी सीएम बिजेंद्र प्रसाद यादव ने भूमिहार जाति को भूमिहार ब्राह्मण लिखने से साफ इनकार कर दिया। इस पर भाजपा विधायक जीवेश मिश्रा उन पर भड़क गए, जबकि पार्टी के एक और एमएलए विशाल प्रशांत ने भूमिहारों को अनुसूचित जाति यानी दलित वर्ग में डालने की मांग कर दी।



#### 1931 की जनगणना का हवाला

जीवेश मिश्रा ने कहा कि इस संबंध में सामाजिक संगठनों ने पूर्व में बिहार सरकार को आवेदन देकर 1931 की जनगणना रिपोर्ट और राजस्व विभाग के तमाम भू-अभिलेख दस्तावेज की कॉपी दी थी। उनमें इस जाति का नाम भूमिहार ब्राह्मण अंकित है। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने 23 जून 2026 को जारी पत्र में स्पष्ट किया कि भूमिहार की जगह भूमिहार ब्राह्मण लिखे जाने का मामला सरकार के स्तर पर विचाराधीन है।

#### जीवेश ने भूमिहार ब्राह्मण लिखने की मांग की

बिहार विधानसभा में प्रथम पाली के दौरान दरभंगा के जाले से भाजपा विधायक जिवेश कुमार उर्फ जीवेश मिश्रा ने ध्यान आकर्षण के तहत भूमिहार ब्राह्मण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के अभिलेखों और गजट आदि में संबंधित जाति का नाम भूमिहार ब्राह्मण दर्ज है। जबकि वर्तमान में बिहार सरकार की जाति सूची और जाति प्रमाण पत्रों में सिर्फ भूमिहार ही लिखा जा रहा है। इससे दस्तावेजों में विसंगति और भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है।

## पेज एक का शेष

### विपक्ष के 'प्रधान हठयोग' ...

विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम, 1971 में संशोधन करना है। विधेयक पेश किए जाने से पहले सीपीआई (एम) के जॉन ब्रिटास और सीपीआई के संतोष कुमार ने इसका विरोध किया। विधेयक पेश होने के बाद विपक्ष ने फिर नीट मुद्दे पर नारेबाजी शुरू कर दी। लगातार हंगामे के बीच उपसभापति हरिवंश ने राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी।

**किरेन रिजिजू बोले- पहले दिन से चर्चा को तैयार है सरकार** : दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार पहले दिन से ही नीट पेपर लीक मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस द्वारा कुछ शर्तें रखे जाने के कारण चर्चा शुरू नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि सभी सांसद चाहते हैं कि इस गंभीर विषय पर सार्थक चर्चा हो। रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही आश्वस्त कर चुके हैं कि पेपर लीक रोकने के लिए सख्त कानून लाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि शुक्रवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पेपर लीक के खिलाफ कठोर कदम उठाने और मजबूत कानून लाने पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक, जिन्होंने नीट मुद्दे पर आंदोलन किया था, उन्होंने भी चर्चा की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने विपक्ष के नेता राहुल गांधी से अपील की कि वह अपने सहयोगी सांसदों को सदन चलाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित करें ताकि इस महत्वपूर्ण विषय पर रचनात्मक चर्चा हो सके।

**हंगामे में राहुल नहीं रख पाए अपनी बात**: एक बार के स्थगन के बाद जैसे ही दोपहर 12 बजे लोकसभा की कार्यवाही की फिर से शुरुआत हुई। विरोधी दलों के जनप्रतिनिधियों ने अध्यक्ष के आसन (वेल) के सामने खड़े होकर मामले पर नारेबाजी के साथ शोरशराबा करना शुरू कर दिया। पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने बीच में ही सभी को टोकते हुए कहा कि मैं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में बोलने की अनुमति प्रदान करूंगा। जिसके लिए उन्होंने राहुल गांधी से अनुरोध किया कि वह पहले वेल के सामने हंगामा कर रहे अपने सांसदों को वापस बुलाएं। जिसके बाद नेता प्रतिपक्ष ने ऐसा ही किया। तभी अचानक पीठासीन सभापति ने कहा कि सबसे पहले वह सदन पर जरूरी कागजात रखवाएंगे और बाद में बाकी कार्यवाही को पूरा किया जाएगा। जिसे सुनते ही कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष आक्रोशित हो गया और एक बार फिर से उन्होंने वेल में आकर हंगामा करना शुरू कर दिया। फिर पीठासीन सभापति ने 12 बजकर 13 मिनट पर सदन की कार्यवाही को सोमवार 27 जुलाई सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। अब सभी की नजर सोमवार को होने वाली कार्यवाही पर रहेगी कि सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध समाप्त होता है या नहीं!

### कॉकरोच जनता...

देश के अंदर हिंसा फैलाने की कोशिश की जा रही है। मामले की एनआईए से जांच कराने की मांग को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दाखिल की गई थी। जिसमें यह आरोप लगाया गया कि यह विरोध-प्रदर्शन विदेशी फंडिंग पाने वाले संगठनों और राजनीतिक तत्वों की साजिश का ही हिस्सा है। जबकि वहीं दूसरी ओर सीजेपी के प्रमुख अभिजीत दीपके ने इन तमाम आरोपों को हालिया समय में मीडिया से हुई बातचीत में खारिज किया है।

**पाकिस्तान में बना हुआ ट्रेंड** : गौरतलब है कि बीते वक्त में देश की सुरक्षा एजेंसियों ने लगभग 100 पाकिस्तानी सोशल मीडिया हैंडल्स को बैन कर दिया था। जो सीजेपी के प्रदर्शन के नाम पर भारत में हिंसा फैलाने की कोशिश कर रहे थे। इस प्रदर्शन पर पाकिस्तान की आम जनता भी पैनी नजर रखे हुए है। वहां पर सोशल मीडिया पर इन दिनों एक ट्रेंड भी चल रहा है। जिसमें वह कह रहे हैं कि सीमा यानी बॉर्डर ने हमें रोक रखा है। वरना हम भी जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे होते।

**नीट पेपरलीक पर बाधित होती संसद**: वहीं, नीट पेपरलीक और सीजेपी के प्रदर्शन के मामले पर इस सप्ताह 20 जुलाई से शुरू हुई संसद की कार्यवाही 24 जुलाई को लगातार पांचवें दिन भी बाधित हुई। विपक्ष इस मामले पर दोनों सदनों में अपने जोरदार हंगामे के साथ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर अड़ा हुआ है। जबकि सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह इस मुद्दे पर संसद में व्यापक रूप से चर्चा कराने के लिए तैयार है। लेकिन विपक्ष मानने को कतई तैयार नहीं है। वह मामले में शर्तों के साथ चर्चा करना चाहता है। इन सबके बीच इस विषय को लेकर अनशन कर रहे सोनम वांगचुक ने अपना अनशन तोड़ दिया है और अब वह इस प्रदर्शन से भी अलग हो गए हैं। लेकिन सीजेपी का प्रदर्शन जारी है।

### सीजेपी ने जेपी नड्डा से ...

शामिल है। बैठक के बाद सीजेपी प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा कि पूरे देश की भावना है कि शिक्षा मंत्री को पद छोड़ देना चाहिए। इस मुद्दे पर सरकार से विस्तार से चर्चा हुई है। सरकार ने शनिवार दोपहर तक अपना जवाब देने का आश्वासन दिया है। दोनों पक्षों के बीच अगली बैठक शनिवार को दोपहर 3:30 बजे होगी। रांका ने दावा किया कि एफआईआर वापस लेने और मुआवजे की मांग पर सरकार का रुख सैद्धांतिक रूप से सकारात्मक रहा। उन्होंने कहा कि देशभर में चल रहे प्रदर्शन लगातार बढ़ रहे हैं। यदि शिक्षा मंत्री को नहीं हटाया गया तो आंदोलन और व्यापक होगा। सीजेपी जल्द ही देशव्यापी संसद मार्च का नया आह्वान करेगी। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार आंदोलनकारियों की बात सुनने और उनके मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बैठक में शामिल हुई। बातचीत सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक माहौल में हुई। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधियों ने अपनी तीन मांगें रखीं, जिन पर विचार के बाद शनिवार दोपहर फिर बैठक होगी और आगे चर्चा की जाएगी। सीजेपी का कहना है कि यदि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को नहीं हटाया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। वहीं सरकार ने मांगों पर विचार के लिए शनिवार दोपहर तक का समय मांगा है।

### प्रतिनिधियों ने ...

कहा कि यदि प्रधानमंत्री शिक्षा मंत्री का इस्तीफा नहीं लेते हैं तो देश का युवा प्रधानमंत्री से भी इस्तीफे की मांग करेगा। हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार युवाओं की भावना का सम्मान करते हुए शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर निर्णय लेगी।

### पीएम मोदी की..

अधिक कठोर बनाया जा सकता है। कुछ रिपोर्टों में अधिकतम 10 वर्ष की कैद और 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का भी उल्लेख किया गया है। सरकार का यह कदम ऐसे समय आया है जब देश के कई हिस्सों में छात्र और अभ्यर्थी लगातार पेपर लीक की घटनाओं को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल के दिनों में संसद से लेकर सड़कों तक इस मुद्दे पर तीखी राजनीतिक बहस हुई है और विपक्ष सरकार से जवाबदेही तय करने की मांग कर रहा है। इसी पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार ने कानून को और मजबूत करने का फैसला किया है। गौरतलब है कि संसद पहले ही पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 पारित कर चुकी है, जिसमें पेपर लीक और परीक्षा में अनुचित साधनों के इस्तेमाल को रोकने के लिए सजा का प्रावधान किया गया था। अब सरकार इसे और अधिक प्रभावी बनाने तथा त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए नए संशोधन और अतिरिक्त प्रावधान लाने की तैयारी में है। यदि संसद से मंजूरी मिल जाती है तो यह कानून देश में पेपर लीक और परीक्षा संबंधी अपराधों के खिलाफ अब तक की सबसे सख्त कानूनी व्यवस्था साबित हो सकता है।

### एनटीए ने बर्खास्त ...

मंत्रालय ने एनटीए में व्यापक सुधारों की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया है।

**लंबे समय थी अधिकारियों पर नजर**: मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि बर्खास्त किए गए अधिकारी लंबे समय से रडार पर थे। जबकि इन पर किन आरोपों के तहत यह कार्रवाई की गई है या इनमें से कितने लोग अधिकृत थे और कितने आउटसोर्स किए गए थे। उसके बारे में एनटीए या केंद्र की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है। मंत्रालय ने बताया कि आगामी दिनों में एजेंसी में बड़े पैमाने पर सुधार और परीक्षा को लेकर जिम्मेदारी-जवाबदेही तय करने को लेकर कई अन्य अहम सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। जिससे परीक्षा प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय और जवाबदेह बनाया जा सकेगा। गौरतलब है कि एनटीए से पहले केंद्र सरकार ने बीते गुरुवार देर रात केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी का तबादला कर दिया था।

### अदालती कार्यवाही का ...

अदालत की कार्यवाही के वीडियो के गलत इस्तेमाल का मुद्दा उठाया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने विकास सिंह की बात से सहमति जताई और कहा कि इस मामले में कुछ नियमों की जरूरत है।

### हिमाचल के लाहौल ...

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मचारियों ने राहत कार्य शुरू किया। खराब मौसम और लगातार गिर रहे मलबे के बीच बचाव अभियान चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।

**एक घायल को निकाला गया बाकी की तलाश जारी** : बचाव दल ने मलबे से एक व्यक्ति को घायल अवस्था में बाहर निकाला। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। प्रशासन ने फिलहाल घटना की पुष्टि करते हुए कहा है कि बचाव अभियान पूरा होने के बाद ही यात्रियों की संख्या और हताहतों के बारे में स्पष्ट जानकारी दी जाएगी।

**सीएम ने डीसी से फोन पर की बात** : मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लाहौल-स्पीति जिला के कडूनाला में एक सड़क दुर्घटना में 13 लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। वाहन में सवार सभी यात्री कुल्लू से पांगी जा रहे थे। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त लाहौल-स्पीति को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए।

### कारगिल के शहीदों ...

इस बाबत राजनाथ सिंह का जम्मू-कश्मीर की यात्रा का कार्यक्रम भी रहेगा। जिसकी शुरुआत शनिवार (25 जुलाई) से होकर समापन रविवार (26 जुलाई) को होगा।

**शहीदों का हमेशा ऋणी रहेगा राष्ट्र- बिरला**: लोकसभा में सुबह 11 बजे कार्यवाही की शुरुआत के साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कारगिल युद्ध की 27वीं वर्षगांठ का सदन में उल्लेख किया। इसके बाद उन्होंने युद्ध के अमर शहीदों को समूचे सदन की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। बिरला ने इस दौरान यह भी कहा कि कारगिल युद्ध की वर्षगांठ का दिन हमारे लिए भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। यह सभा एकजुटता के साथ सैन्यबलों के उन जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन करती है। जिन्होंने दुर्गम ऊंचाई पर स्थित पर्वतीय क्षेत्रों, जटिल परिस्थितियों, प्रतिकूल मौसम की परवाह किए बिना अद्वितीय वीरता और अटूट संकल्प का परिचय दिया है। साथ ही अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देकर देश की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा की है। हमारा देश उनके इस बलिदान को कभी नहीं भूलेगा और सदा उनका ऋणी रहेगा। लोकसभा अमर शहीदों के प्रति अपनी गहरी संवेदना, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करती है। लोकसभा अध्यक्ष ने अपने इस संबोधन के दौरान हालांकि यह भी स्पष्ट किया कि 26 जुलाई को रविवार का अवकाश होने की वजह से उन्होंने शुक्रवार को ही सदन की ओर से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

**देश मनाएगा ऐतिहासिक विजय का जश्न- राधाकृष्णन** : राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि कारगिल विजय का दिन हमारे लिए 1999 के युद्ध में भारत को मिली ऐतिहासिक विजय को याद करने का अवसर है। इसके अलावा उन वीर जवानों, अधिकारियों को स्मरण में रखने का भी दिन है। जिन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद देश की सीमाओं की रक्षा में हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए केवल एक सैन्य विजय का प्रतीक नहीं है। बल्कि हमारे सशस्त्र बलों की अदम्य इच्छाशक्ति, साहस और राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च समर्पण को भी शानदार अंदाज में प्रदर्शित करता है। सदन में सभापति समेत सभी सांसदों ने कारगिल के शहीदों को विनम्रतापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की और लोकसभा की तरह ही कुछ मिनट का मौन भी रखा।

**कारगिल की चोटियों से मार गिराए घुसपैठिए**: यह युद्ध 3 मई से 26 जुलाई 2026 तक लड़ा गया था। जिसमें भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने कारगिल के दुर्गम ऊंचाई वाले इलाकों में अवैध रूप से कब्जा जमाए पाकिस्तानी घुसपैठियों (पाक सेना शामिल थी) को बुरी तरह से खदेड़ दिया था। इस दौरान ऑपरेशन सफेद सागर नामक सैन्य अभियान चलाया गया था। जिसमें सेना और वायुसेना ने दुश्मन के कब्जे में बनी हुई महत्वपूर्ण रणनीतिक चौकियों को आजाद कराया और वहां पर एक बार फिर से शान से तिरंगा लहराया। यह युद्ध कई मायनों में ऐतिहासिक इसलिए भी है। क्योंकि इसमें देश की सेनाओं ने बिना अंतरराष्ट्रीय सीमा या नियंत्रण रेखा को पार किए बिना दुश्मन को घुटनों पर ला दिया था।

### दिल्ली पुलिस का ...

इस बीच, दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन के इस्तेमाल के आरोपों को खारिज किया है। पुलिस का कहना है कि उसने किसी प्रकार की पैलेट गन का इस्तेमाल नहीं किया और इस तरह के दावे भ्रामक हैं। हालांकि, घायल छात्रों की तस्वीरें और मेडिकल रिपोर्ट सामने आने के बाद विवाद और गहरा गया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इस मामले में बल प्रयोग के आरोपों की जांच भी शुरू की गई है। साहिल का मामला अब केवल एक घायल छात्र की कहानी नहीं रह गया है, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक, छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों और विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस कार्रवाई को लेकर राष्ट्रीय बहस का विषय बन गया है। विपक्ष ने इस मुद्दे को संसद से लेकर सड़क तक उठाने का ऐलान किया है, जबकि सरकार और दिल्ली पुलिस आरोपों से इनकार कर रही है।

### जेपीएससी मामले में सीआईडी का एक्शन

# पूर्व अध्यक्ष के घर पर मारा छापा, 5 घंटे चली कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ रांची

जेपीएससी 14वीं समेत अन्य परीक्षाओं में अनियमितता मामले में गुरुवार को सीआईडी ने जेपीएससी के पूर्व चेयरमैन एल ख्यांगते के आवास और आयोग स्थित उनके कार्यालय कक्ष पर छापेमारी की। वहीं जेपीएसपी कार्यालय और परीक्षा संचालन एजेंसी टीएसआर डेटा प्रोसेसिंग प्राईवेट लिमिटेड (टीडीपीएल) के दफ्तर पर भी दबिश दी।

टीम ने करीब पांच घंटे ख्यांगते के कांके रोड स्थित सरकारी आवास को खंगाला। इस दौरान ख्यांगते से पूछताछ भी की। गौरतलब है कि राज्य के मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्ति के बाद ख्यांगते को जेपीएससयी चेयरमैन बनाया गया था। मंगलवार को सीआईडी छापे के बाद उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था। इधर, सीआईडी ने गिरफ्तार टीडीपीएल के मार्केटिंग मैनजर अभय तिवारी के करीबी अरविंद मंडल को गोड्डा के पोड़ैयाहाट से गिरफ्तार किया है।



#### जेपीएससी और टीडीपीएल से भी सारे दस्तावेज जब्त

सीआईडी टीम ने जेपीएससी कार्यालय व टीडीपीएल कार्यालय से जेपीएससी के हालिया तमाम परीक्षाओं से जुड़े दस्तावेज जब्त किए। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के सारे कंप्यूटर से डिजिटल साक्ष्य जुटाए। सीआईडी ने ओएमआर शीट्स भी जब्त की हैं। वहीं टीडीपीएल के कार्यालय से भी परीक्षा से जुड़े तमाम साक्ष्य जुटाए गए हैं।

### 2 बार गर्भपात, सिपाही समेत 12 एफआईआर

# लड़की का ब्रेनवाश कर धर्मांतरण कराकर निकाह

एजेंसी ▶▶ बारबंकी

यूपी के बारबंकी में कोतवाली में तैनात रहे सिपाही की मदद से युवक ने पहले तो किशोरी का ब्रेनवाश कर धर्मांतरण कराया फिर मजार पर मौलाना के पास कार के अंदर निकाह करा दिया। आरोप है कि आरोपी लगातार किशोरी का यौन उत्पीड़न करता रहा। गर्भवती होने पर दो बार गर्भपात तक करा दिया। बुधवार को किशोरी की मां ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद फतेहपुर कोतवाली में सिपाही समेत चार नामजद और आठ अन्य पर केस दर्ज किया गया। पुलिस तीन को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। फतेहपुर निवासी महिला कई माह से फतेहपुर के एक मोहल्ले में नाबालिग पुत्री के साथ रह रही है। उसके पति की मौत हो चुकी है। महिला ने बताया कि वर्ष 2024 में फतेहपुर कोतवाली में तैनात कांस्टेबल आसिफ ने पुत्री से संपर्क किया। फोन पर बातचीत के बाद सिपाही ने पुत्री का यौन शोषण का प्रयास किया। किशोरी के गरीबी का फायदा उठाकर धन के लालच के साथ अवैध धर्मांतरण के लिए प्रेरित करने लगा। इसी दौरान सिपाही आसिफ ने किशोरी का संपर्क सऊदी में रहने वाले जावेद से कराया। कुछ दिनों बाद जावेद उसे अपने जीजा रेहान सफदरगंज के पास ले गया। रेहान और सिपाही आसिफ ने उसका संपर्क बाराबंकी के हमजा से कराया।



## किंग की रिलीज अफवाहों पर विराम 24 दिसंबर को होगा बड़ा धमाका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की मच अवेटेड फिल्म 'किंग' को लेकर चल रही रिलीज टलने की खबरों पर अब पूरी तरह विराम लगता नजर आ रहा है। कुछ समय पहले रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि शाहरुख खान की चोट और दीपिका पादुकोण की प्रेग्नेंसी के चलते फिल्म की शूटिंग प्रभावित हो सकती है और यह क्रिसमस 2026 रिलीज के लिए समय पर तैयार नहीं हो पाएगी। मेकर्स फिल्म को तय समय पर रिलीज करने की तैयारी में जुटे हुए हैं और खबर है कि यह फिल्म 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार रहेगी। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म का ज्यादातर काम पूरा हो चुका है और अब सिर्फ एक आखिरी इंटरनेशनल शेड्यूल बाकी बताया जा रहा है। मेकर्स फिलहाल इस अंतिम शूटिंग शेड्यूल के लिए लोकेशन को फाइनल करने में लगे हुए हैं।

लाइफ Style

# राखी
## स्वीटी के बाद अब बनीं चुड़ैल

एजेंसी ⏭ मुंबई

कई कलाकारों का कहना है कि कॉमेडी करना काफी मुश्किल काम है। हालांकि, हम पांच और देख भाई देख धारावाहिकों की अभिनेत्री राखी विजन अपने लिए कॉमेडी ही सबसे सहज मानती हैं। राखी इन दिनों सोनी सब पर प्रसारित होने वाले धारावाहिक 'चुड़ैल चली ससुराल' में कामिनी की भूमिका निभा रही हैं। अपने धारावाहिक और पात्र के बारे में राखी कहती हैं, इसमें मैं सीबीआई यानी कि चुड़ैल ब्लड ऑफ इंडिया की अध्यक्ष हूं।

मैंने बचपन में एक भोली भाली, मासूम लड़की स्वीटी की भूमिका निभाई थी। तब लोगों ने कहा था कि वाह क्या कमाल का काम किया है, तुम्हारे लिए तो यह एकदम परफेक्ट रोल है। अब उम्र के आधे पड़ाव पर चुड़ैल की भूमिका निभा रही हूं तो अब भी लोग कह रहे हैं कि कमाल का काम है, यह रोल तुम्हारे लिए परफेक्ट है। हमारा शो पूरी तरह हॉरर नहीं है, बल्कि इसमें कॉमेडी के साथ थोड़ा हॉरर है। अब अदृश्य शक्तियों में पूरी दुनिया विश्वास कर रही है तो मैं क्यों न रखूं। मेरा मानना है कि यह सब चीजें कहीं न कहीं होती हैं, तभी तो लोग ऐसी कहानियां बनाते हैं और दर्शक इन पर विश्वास भी करते हैं। व्यावहारिक तौर पर तो मैं स्वयं इन चीजों पर विश्वास नहीं करना चाहती हूं, लेकिन फिर वक्त आने पर इन पर भरोसा भी करने लगती हूं। टीवी हो या फिल्में लगातार कॉमेडी भूमिकाएं कर रहीं राखी का कहना है, 'मैं तो बचपन से कॉमेडी ही करती आ रही हूं। मेरे लिए रोना बहुत मुश्किल है। जब मैं रोती हूं तो मुझे देखकर निर्देशक बोलते हैं, चल झूठी। कितना बकवास कर रही है, तुम्हारी एक्टिंग दिख रही है, जबकि मेरे लिए कॉमेडी बहुत आसान है। मुझसे आसानी से रोया नहीं जाता है। इसके साथ ही मुझसे गरीब अबला नारी वाले रोल भी नहीं हो पाते हैं। मेरे पास ऐसे ऑफर ज्यादा आते भी नहीं हैं।'



हॉलीवुड मसाला



## कॉमिक कॉन में एबेनेजर का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर जॉनी डेप सिनेमा हॉल में अपनी धमाकेदार एंट्री के लिए तैयार हैं। उनकी आगामी फिल्म एबेनेजर का ट्रेलर मेकर्स द्वारा जारी कर दिया गया है। हाल ही में सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में यह खबर जॉनी ने खुद अपने फैंस के साथ शेयर की। एक्टर जॉनी डेप एक लंबे ब्रेक के बाद फिर पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। फिल्म एबेनेजर में वह एबेनेजर स्क्रूज नाम के मुख्य किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनका किरदार काफी डार्क और अकेला रहेगा। फिल्म चार्ल्स डिकेंस की क्लासिक बुक 'अ क्रिसमस कैरल' पर आधारित है। मगर फिल्म में इसका ज्यादा डार्क वर्जन प्रस्तुत किया जाएगा। फिल्म एबेनेजर के ट्रेलर के अनुसार डेप के किरदार एबेनेजर स्क्रूज का सामना भूतों से होता है।




## सिनेमाघरों में री-रिलीज होंगी हैरी पॉटर की सभी फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** लोकप्रिय सीरीज 'हैरी पॉटर' की फिल्मों को देखते हुए एक पूरी पीढ़ी बड़ी हुई है। इससे दर्शकों का अलग जुड़ाव है। पहली फिल्म 2001 में आई थी और इस बात को इस साल 25 वर्ष हो रहे हैं। फिल्म के सिल्वर जुबली वर्ष को खास बनाने के लिए 'हैरी पॉटर' की आठों फिल्मों को फिर से रिलीज किया जा रहा है। 'हैरी पॉटर' का जादू सिनेमाघरों में फिर लौटने वाला है। दर्शक एक बार फिर बड़े पर्दे पर इन फिल्मों का लुत्फ उठा सकेंगे। हैरी पॉटर की सभी आठ फिल्में फिर से रिलीज जो हो रही हैं। इस साल 27 अगस्त से 3 सितंबर तक ये फिल्में बड़े परदे पर आ रही हैं। 'हैरी पॉटर' के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया गया है। इसके मुताबिक फिल्मों को वर्ल्डवाइड री-रिलीज किया जा रहा है। इसके लिए टिकट 31 जुलाई से मिलने लगेंगे। इन फिल्मों का फिर से रिलीज किया जाना दर्शकों के लिए एक खास पल होगा और वे फिर से पुरानी यादों में लौट सकेंगे। यह फिल्म कनाडा, अमेरिका व अन्य देशों के अलावा भारत में भी रिलीज होने जा रही हैं।



## मुझे भी दो बार देनी पड़ी थी नीट परीक्षा

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले के खिलाफ जारी स्टूडेंट्स के विरोध प्रदर्शन को अब एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर का भी सपोर्ट मिला है। उन्होंने इसे लेकर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इस दौरान उन्होंने ये खुलासा भी किया कि वो खुद भी नीट पेपर लीक का दर्द झेल चुकी है और इसके चलते उन्हें दो बार परीक्षा देनी पड़ी थी। बता दें कि साल 2015 में भी नीट एग्जाम का पेपर लीक हो गया था। उस वक्त एक्ट्रेस ने इस मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम में दो बार हिस्सा लिया था। उन्होंने साफ़-साफ ये बात कही है कि इस अन्यायपूर्ण दुनिया में बराबरी लाने का एक मात्र जरिया एजुकेशन ही है। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'एजुकेशन इस अन्यायपूर्ण दुनिया में बराबरी लाने वाला सबसे बड़ा जरिया है। कभी भी हमारे संस्थानों को सुधार की मांग को नकारना नहीं चाहिए. संस्थानों के सुनने, सीखने और सुधार करने से लोकतंत्र मजबूत होता है।



## बेटी राहा को रामायण दिखाने के लिए एक्साइटेड

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। इस फिल्म में रणबीर ने राम का किरदार निभाया है। रणबीर इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हैं ,क्योंकि इसमें ना तो वह सिर्फ राम और पुरुषोत्तम राम का किरदार निभा रहे हैं, बल्कि एक और वजह भी है। दरअसल, यह पहली फिल्म होगी जिसे उनकी बेटी राहा कपूर देखने वाली हैं। दरअसल, एक फैन ने रणबीर से बात करते हुए कहा कि वह इस फिल्म को बच्चे को दिखाएंगे क्योंकि इसमें भारतीय कल्चर को दिखाया जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक्टर फिर बोलते हैं, मैं भी काफी एक्साइटेड हूं अपनी बेटी को फिल्म दिखाने के लिए। यह उनकी पहली फिल्म होगी बड़े पर्दे पर। वहीं, हाल ही में खबर आई है कि रामायण का ट्रेलर लॉन्च पोस्टपोन हो गया है।

टीवी मसाला



## यादों की प्लेलिस्ट की थीम पर इंडियन आइडल 16 का ग्रैंड फिनाले कल

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे पॉपुलर और पसंदीदा रियलिटी शो 'इंडियन आइडल सीजन 16' अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच गया है। 26 जुलाई को शो का ग्रैंड फिनाले होगा, जिसका थीम 'यादों की प्लेलिस्ट' रखा गया है। आखिरी दिन शो के 6 फाइनलिस्ट अपने परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीतेंगे और उस दिन पता चलेगा कि कौन इस सीजन का ट्रॉफी अपने नाम करेगा। कई लोग अपने फेवरेट कंटेस्टेंट के लिए वोट कर रहे है और उनके जीत की कामना कर रहे हैं। शो में विशाल ददलानी, श्रेया घोषाल और बादशाह जज के रूप में नजर आए और आदित्य नारायण ने हमेशा की तरह होस्टिंग की जिम्मेदारी संभाली। वहीं, इस सीजन के 6 फाइनलिस्ट में अंशिका चोंकर, ज्योतिर्मयी नायक, मनराज वीर सिंह, माइसम्मे बोसु, सुहैल सूफी और तनिष्क शुक्ला हैं। पूरे सीजन में उन्होंने अपने गानों से हर श्रोताओं को दीवाना बनाया और यहां तक अपना सफर तय किया। बता दें कि इस बार ग्रैंड फिनाले में श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ उषा उत्थुप, उदित नारायण, पापोन, कुमार सानू, शहनाज गिल और उर्मिला मातोंडकर भी खास मेहमान बनकर इस शाम को यादगार बनायेंगे और कई किस्से कहानियों से इसमें रंग भरेंगे। हालांकि विशाल ददलानी इसका इसका हिस्सा नहीं बनेंगे। फिर भी उन्होंने कंटेस्टेंट्स का हौसला बढ़ाया और कहा, 'इस सीजन को शानदार टैलेंट मिला है और मुझे खुशी है कि हमारे टॉप 6 फाइनलिस्ट अपनी मेहनत से यहां पहुंचे हैं।

### करण- तेजस्वी का अंडरवॉटर रोमांस

**नई दिल्ली।** करण कुंद्रा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक नया व्लॉग पोस्ट किया है। इस व्लॉग में करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को पानी के नीचे प्रपोज करते नजर आए। फैंस इस प्रपोजल को देख बोले कि ये दोनों एक दूसरे के लिए ही बने हैं।



करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश टीवी के सबसे क्यूट कपल माने जाते हैं। फैंस बेसब्री से इस कपल की शादी का इंतजार कर रहे हैं। अब करण कुंद्रा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक व्लॉग पोस्ट किया है। इस व्लॉग में करण कुंद्रा अपनी गर्लफ्रेंड तेजस्वी प्रकाश को पानी के नीचे प्रपोज करते नजर आ रहे हैं। फैंस ने दोनों के इस प्रपोजल पर खूब प्यार लुटाया है। करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश छुट्टियां मनाने मॉरिशस गए थे। इसका ट्रेवल ब्लॉग करण कुंद्रा ने अपने यूट्यूब पर शेयर किया है। मॉरिशस में करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश ने स्कूबा डाइविंग की। करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश ने स्कूबा डाइविंग के दौरान पानी के नीचे की दुनिया का वीडियो अपने व्लॉग में शेयर किया। वीडियो में दिखाई पड़ता है कि तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा पहले तो हाथों से दिल बनाते हैं।

## सैयारा के बाद अहान की नई उड़ान, शारवरी भी आएंगी नजर

**नई दिल्ली।** ब्लॉकबस्टर फिल्म सैयारा की ऐतिहासिक सफलता के बाद बॉलीवुड के नए ओवरनाइट सेंसेशन अहान पांडे एक बार फिर पर्दे पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। सैयारा के बाद वह अगली बड़ी फिल्म यशराज फिल्म्स के बैनर तले कर रहे हैं। अनटाइटल्ड फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं। फिल्म रोमांटिक-एक्शन ड्रामा की जिसकी रिलीज डेट लॉक कर दी गई है। फिल्ममेकर आदित्य चोपड़ा और निर्देशक अली अब्बास जफर ने इस अनटाइटल्ड फिल्म की थिएट्रीकल रिलीज डेट अगले साल के लिए लॉक की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की रिलीज डेट 26 मार्च 2027 की तय की है। 26 मार्च को गुड फ्राइडे है। फिल्म में अहान पांडे के साथ शारवरी वाघ के रूप में नजर आएंगी। वहीं, दिग्गज एक्टर बॉबी देओल और अनुराग कश्यप की फिल्म निशांची से तारीफें बटोरने वाले ऐश्वर्य ठाकरे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म में ऐश्वर्य ठाकरे विलेन का किरदार निभा रहे हैं, जहां अहान और उनके बीच एक जबरदस्त एक्शन फाइट सीक्वेंस देखने को मिलेगा। आपको बता दें कि यह फिल्म अहान पांडे और ऐश्वर्य ठाकरे , दोनों के कॅरियर की दूसरी फिल्म होगी। अहान ने सैयारा से जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की थी, जबकि शरवरी ने बंटी और बबली 2 से डेब्यू करने के बाद मुंज्या, महाराज, वेदा और अल्फा जैसी फिल्मों में अपनी पहचान बनाई।



गीता दत्त की नशीली आवाज में हुआ हमेशा - हमेशा के लिए अमर

## 72 साल पहले विदेश से चुराया गया था ये कल्ट गाना



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड पर अक्सर गाने या उनकी धुनों को कॉपी करने का आरोप लगता रहा है। आर.डी. बर्मन से लेकर अनु मलिक तक कई बड़े संगीतकारों पर विदेशी धुनों को बिना क्रेडिट दिए कॉपी करने के आरोप लगे। इसके बाद पुराने गानों के रीमेक बनाने का ट्रेंड चला। कई बार ये नए ट्रेक्स पसंद भी किए गए, हालांकि कुछ लोगों को शिकायत रही कि इससे ओरिजिनलिटी खत्म हो रही है। आज आपको 1954 के एक ऐसे ही कल्ट गाने के बारे में बताएंगे जिसे क्यूबा के एक गाने से कॉपी किया गया था। हम बात कर रहे हैं फिल्म आर पार के गाने बाबूजी धीरे चलना की। इस गाने को गीता दत्त ने अपनी आवाज से सजाया था और मजरूह सुल्तानपुरी ने इसके बोल लिखे थे। इस गाने को क्यूबा के प्रसिद्ध गाने क्यूजस, क्यूजस, क्यूजस से कॉपी किया गया था। ओ पी नैय्यर ने इसे भारतीय संगीत में ढाला था। क्यूजस, क्यूजस, क्यू को 1947 में ओस्वाल्डो फैरेस ने कंपोज किया था। इस गाने को अभिनेत्री शकीला पर फिल्माया गया है। 'आर-पार'को गुरु दत्त ने डायरेक्ट किया था। ये एक क्लासिक रोमांटिक-कॉमेडी और क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी एक टैक्सी ड्राइवर कालू और उसकी प्रेमिका निक्की के इर्द-गिर्द घूमती है। जब ये गाना रिलीज हुआ तो इसकी लोकप्रियता इतनी थी कि हर गली-मोहल्ले में उस दौरान बस यही धुन सुनने को मिलती थी। शायद यही वजह रही कि रिलीज के बाद ये जबरदस्त हिट साबित हुआ। गीता दत्त ने अपनी नशीली आवाज में इसे हमेशा-हमेशा के लिए हिट बना दिया।

## वर्ल्ड लेवल खजाने की मालिक बनी धमाल 4 की मंडली



**नई दिल्ली।** अभिनेता अजय देवगन की लेटेस्ट फिल्म धमाल 4 की रिलीज को जल्द ही दूसरा सप्ताह पूरा हो जाएगा। इतना समय बीतने का बाद भी धमाल 4 कमाई के मामले में ना तो भारतीय बॉक्स ऑफिस पर हार मान रही है और ना ही वर्ल्ड लेवल पर इसका ग्राफ नीचे आ रहा है। जिस तरह से फिल्म धमाल 4 में दिखाया गया है कि कलाकारों की पूरी मंडली एक पुराने खजाने की तलाश में लगी हुई है, ठीक उसी तरह से दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धमाल 4 पर जो नोटों की बारिश हो रही है, उससे कहीं न कहीं मेकर्स के हाथ खजाना लगा और वे मालामाल हो रहे हैं। अजय देवगन की इस कॉमेडी मूवी ने दूसरे बुधवार को पूरी दुनिया में करीब 4 करोड़ का कारोबार किया है। इसके साथ ही अब धमाल 4 का टोटल ग्लोबली कलेक्शन 183 करोड़ हो गया है। जबकि ओवरसीज के मामले में ये हिंदी फिल्म अब तक 23 करोड़ से अधिक का बिजनेस कर चुकी है। जिस तरह से फिलहाल धमाल 4 की कमाई वर्ल्ड लेवल पर चल रही है, उससे ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि जल्द ही ये मूवी ग्लोबली 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो धमाल 4 इस साल की एक और ऐसी बॉलीवुड फिल्म बन सकती है, जो वर्ल्डवाइड 200 करोड़ के कलेक्शन के कल्ब में एंट्री लेगी। इससे पहले बॉर्डर 2, धुरंधर 2 और भूत बंगला ये कारनामा कर चुकी हैं।

### शोले से पहले मचाया था बवाल, 1974 में हुई थी रिलीज

# 65 हफ्तों तक थिएटर से नहीं उतरी थी मनोज कुमार की ये फिल्म

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर्स में शुमार मनोज कुमार ने अपने कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी थीं। एक एक्टर के अलावा उन्होंने फैंस का दिल बतौर डायरेक्टर भी जीता था। 'भारत कुमार' के नाम से भी मशहूर हुए मनोज कुमार ने अपने कॅरियर में कई फिल्में बनाई थीं। उनकी एक फिल्म तो ऐसी भी रही है जो सिनेमाघरों से 65 हफ्तों तक नहीं उतरी थी।




### पाकिस्तान में हुआ था जन्म

मनोज कुमार जीवित का जन्म पाकिस्तान के एबटाबाद में 24 जुलाई 1937 को हुआ था। मनोज कुमार का असली नाम हरिकृष्ण गोस्वामी था। हालांकि, फिल्मी दुनिया में आने के बाद उन्होंने अपना नाम बदल लिया था। यहां मनोज कुमार की जिस फिल्म की बात की जा रही है वो जीवन की तीन सबसे अहम और मूलभूत चीजों पर बेस्ड है। इस फिल्म का नाम है 'रोटी, कपड़ा और मकान'। ये फिल्म 'शोले' जैसी आइकॉनिक फिल्म से एक साल पहले यानी साल 1974 में रिलीज हुई थी और दर्शकों के दिलों में हमेशा-हमेशा के लिए समा गई थी।

### निभाई थीं कई जिम्मेदारियां

रोटी कपड़ा और मकान में मनोज कुमार के साथ अमिताभ बच्चन, शशि कपूर, मौसमी चटर्जी और जीनत अमान जैसे दिग्गज कलाकार भी नजर आए थे। गौरतलब है कि मनोज ने ना सिर्फ इसमें अहम किरदार निभाया था, बल्कि इसके डायरेक्शन की कमान भी संभाली थी, जबकि इसके प्रोड्यूसर भी वो ही थे और कहानी भी उन्होंने ही लिखी थी।

### थिएटर्स में चला जलवा

अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में इस 52 साल पुरानी फिल्म को लेकर दावा किया जाता रहा है कि ये फिल्म 65 हफ्तों तक थिएटर्स में अपना जादू बिखेरनेमे कामयाब रही थी और बहुत बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक़ 1.3 से 2 करोड़ रुपए के बीच के बजट में बनी 'रोटी कपड़ा और मकान' ने दुनियाभर में 10.4 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। ये साल 1974 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म भी बनी थी।

जल संसाधन विभाग को व्यवहार्यता अध्ययन (फिजिबिलिटी स्टडी) का प्रस्ताव भेजा गया

# 32 बांधों पर लगेंगे फ्लोटिंग सोलर प्लांट, मिलेगी 2,000 मेगावाट बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने 32 बड़े बांधों और जलाशयों में फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित कर करीब 2,000 मेगावाट हरित बिजली उत्पादन की योजना बनाई है। इसके लिए जल संसाधन विभाग को व्यवहार्यता अध्ययन (फिजिबिलिटी स्टडी) का प्रस्ताव भेजा गया है।

अध्ययन पूरा होने के बाद उपयुक्त जलाशयों का चयन कर परियोजनाओं को चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। यह पहल दुर्ग जिले के मरोदा-1 जलाशय में स्थापित एनएसपीसीएल के 15 मेगावाट क्षमता वाले राज्य के पहले फ्लोटिंग सोलर प्लांट की सफलता के बाद की गई है। इस परियोजना के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए सरकार अब बड़े स्तर पर फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं का विस्तार करने की तैयारी कर रही है।




### तीन नई परियोजनाओं पर भी काम

सरकार मरोदा के अलावा जांजगीर-चांपा में 6 मेगावाट, कोरबा के पोखरीडीह राखड़ बांध में 27 मेगावाट और हसदेव ताप विद्युत स्टेशन के साइलेंट सागर में 5 मेगावाट क्षमता के नए फ्लोटिंग सोलर प्लांट विकसित करेगी। इन परियोजनाओं से राज्य में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को और गति मिलने की उम्मीद है।

### 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा बढ़ाने का लक्ष्य

सरकार का उद्देश्य 2030 तक राज्य की कुल ऊर्जा जरूरतों में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत तक पहुंचाना है। सीएसपीजीसीएल के एमडी संजीव कटियार के अनुसार, पानी की सतह पर लगाए जाने वाले विशेष फ्लोटिंग प्लेटफॉर्म और आधुनिक केबल प्रणाली के जरिए बिजली सीधे ग्रिड तक पहुंचाई जाएगी।

### बैटरी स्टोरेज से मिलेगी चौबीसों घंटे बिजली

छत्तीसगढ़ पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीजीसीएल) के अधिकारियों के अनुसार, परियोजनाओं में पानी की सतह पर विशेष फ्लोटिंग प्लेटफॉर्म पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। विशेष केबलों के माध्यम से बिजली को ट्रांसमिशन नेटवर्क से ग्रिड तक पहुंचाया जाएगा। इसके साथ बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम भी विकसित किया जाएगा, जिससे दिन में उत्पादित अतिरिक्त बिजली को संग्रहित कर रात या अधिक मांग के समय उपयोग किया जा सकेगा।

### बैटरी स्टोरेज से मिलेगी चौबीसों घंटे बिजली

भूमि अधिग्रहण नहीं, जल संरक्षण को भी बढ़ावा इस योजना की खास बात यह है कि फ्लोटिंग सोलर प्लांट के लिए अलग से भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं होगी। इससे जलाशयों का बेहतर उपयोग होगा, पानी के संरक्षण में मदद मिलेगी और पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता भी कम होगी।

---

मुख्यमंत्री ने किया 303.34 करोड़ के कार्यों का भूमि-पूजन, 53.55 करोड़ के कार्यों का किया लोकार्पण

# भाभरा में बनेगा अमर शहीद आजाद को समर्पित पार्क और बनाया जाएगा रानी काजल माता लोक

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गुरुवार को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जयंती के अवसर पर आलीराजपुर जिले के चंद्रशेखर आजाद नगर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव में शामिल होने पहुंचे। यहां उन्होंने 303.34 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि-पूजन, 53.55 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण करते हुए घोषणा की कि भाभरा में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद को समर्पित विशाल पार्क बनेगा और रानी काजल माता लोक बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जोबट में डही नर्मदा पाइप लाइन परियोजना सिंचाई परियोजना पूर्ण हो गई है, जिसका शीघ्र ही लोकार्पण होगा। इसके फलस्वरूप जोबट तक नर्मदा जल पहुंच जाएगा। डॉ यादव ने कहा है कि झाबुआ, आलीराजपुर, मंडला, डिंडोरी, बालाघाट सहित प्रदेश का संपूर्ण जनजातीय अंचल हमारे लिए एक तीर्थ के समान है। उन्होंने चंद्रशेखर आजाद नगर में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 120वी जयंती पर नमन किया।

### डही नर्मदा पाइप लाइन परियोजना सिंचाई परियोजना पूर्ण, जोबट पहुंचेगा नर्मदा जल



### आलीराजपुर में बलराम कृषि महोत्सव और चंद्रशेखर आजाद की जयंती



बलराम कृषि महोत्सव में प्रदर्शनी का अवलोकन करते सीएम।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले किसानों का सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि इंदौर, धार, झाबुआ और बड़वानी के बाद आलीराजपुर जिले में बलराम कृषि महोत्सव हो रहा है। महोत्सव में उन्नत एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले किसानों का सम्मान किया गया, जिससे अन्य किसान भी आधुनिक एवं प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित हों।
आलीराजपुर के किसानों ने इस बार कम वर्षा के बाद भी हौसला दिखाया है। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि किसान भाई प्राकृतिक खेती अपनाएं। डॉ यादव ने कहा कि हमारे लिए सीमा पर जवान और खेतों में किसान दोनों का परिश्रम बराबर है। कृषक कल्याण वर्ष 2026 में किसानों की बेहतरी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि और उनकी आय बढ़ाने के लिए पशुपालन और दूध के उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिस प्रकार अमूल के माध्यम से डेयरी क्षेत्र में आदर्श राज्य गुजरात में दूध उत्पादन हो रहा है। उसी दिशा में आगे बढ़ते हुए राज्य शासन ने गोपालन को बढ़ावा देने के लिए नई योजना की शुरुआत की है।
मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मत्स्य विभाग की सीप कल्टीवेशन संबंधी प्रदर्शनी को विशेष रुचि से देखा, जो आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही कृषि विभाग, आयुष विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मोटे अनाज (श्रीअन्न) से तैयार पौष्टिक एवं पारंपरिक व्यंजनों की आकर्षक प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

### सिंचाई का रकबा बढ़ाने परियोजनाओं पर काम

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि आलीराजपुर जिले में सिंचाई का रकबा बढ़ाने के उद्देश्य से डही उद्वहन सिंचाई योजना के अंतर्गत लगभग 11 हजार करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नर्मदा पाइपलाइन परियोजना का लोकार्पण इसी वर्ष दीपावली तक किया जाएगा, जिससे किसानों को व्यापक लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि सोंडवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के माध्यम से लगभग 70 हजार किसानों के 55 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी और परियोजना का लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। डॉ यादव ने कहा कि युवाओं के लिए भी रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना, विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल, गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया जा रहा है। डॉ यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से जनजागरूकता, सकारात्मक संदेशों के प्रसार एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जिले के सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स का सम्मान किया।

### यूसीसी का उद्देश्य नागरिकों को समान अधिकार और समान न्याय उपलब्ध कराना: डॉ यादव

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अधिकार और समान न्याय उपलब्ध कराना है। यह व्यवस्था संविधान की मूल भावना के अनुरूप सामाजिक समरसता, समानता और न्याय को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ यादव के इंदौर आगमन पर विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों तथा अनेक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य एयरपोर्ट पहुंचे। उन्होंने समान नागरिक संहिता का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री का स्वागत, अभिनंदन किया तथा इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए उनका आभार व्यक्त किया। डॉ यादव ने कहा कि यूसीसी को लेकर समाज के विभिन्न धर्मं और वर्गों में व्यापक समर्थन देखने को मिल रहा है।

### मुख्यमंत्री ने सड़क यात्रा के दौरान नागरिकों से किया संवाद





**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को आलीराजपुर जिले के चंद्रशेखर आजाद नगर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के पश्चात इंदौर जाने के लिए सड़क मार्ग से यात्रा की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान विभिन्न स्थानों पर नागरिकों से भेंट की और उनसे संवाद भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सड़क मार्ग से यात्रा के दौरान धार जिले के राजगढ़ में टी स्टॉल पर जाकर स्वयं चाय भी बनाई। उन्होंने चाय विक्रेता से उनके कार्य और व्यवसाय के संबंध में बातचीत की। मुख्यमंत्री ने उपस्थित नागरिकों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कुछ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जाकर कुछ देर दुकान मालिकों और स्टाफ के सदस्यों से भी बातचीत की।

## जनजातीय युवाओं की प्रतिभा एवं संवर्धन के लिए बनेंगी विशेष योजनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और लोक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। स्थानीय कला और संस्कृति को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आलीराजपुर जिले को हर क्षेत्र में नंबर वन बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 120 वीं जयंती पर चंद्रशेखर आजाद नगर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव के तहत आयोजित सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स संवाद



कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उनकी 120 वीं जयंती पर चंद्रशेखर आजाद नगर आना गौरव और सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि आलीराजपुर अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, लोक परंपराओं, भाषा-बोली, कला, प्राकृतिक खेती व संपदा और वनोपज के कारण विशिष्ट पहचान रखता है।

---

सीएम के निर्देशों के परिपालन में निर्देश जारी

## मप्र पुलिस में 9 हजार 662 पदों को मिली एक ही दिन में मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र गृह विभाग ने पुलिस में विभिन्न श्रेणी के 9 हजार 662 पदों की मंजूरी के आदेश जारी किए हैं। अभी तीन दिन पहले ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अचानक पुलिस मुख्यालय पहुंचे थे। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर रिक्त पदों पर शीघ्र ही पदोन्नति व अन्य तरीके से पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा था। उन्होंने यह भी कहा था कि अविलंब इस पर कार्रवाई पूरी कराएं। इसके बाद ही आज गृह विभाग ने उक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी।

मुख्यमंत्री ने रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया भविष्य में भी निरंतर जारी रखने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने पदोन्नति से शेष अधिकारियों, कर्मचारियों को चक्रीय क्रम में पदोन्नत करने के आदेश सितंबर माह में जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने हाल ही में राज्य सरकार के पदोन्नति के अभियान में सर्वाधिक लगभग 25 हजार पदों पर पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों की पदोन्नति पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी महीनों में भी रिक्त पदों की पूर्ति और पदोन्नति की प्रक्रिया जारी रखी जाए।

### चार आदेशों में स्वीकृत किए गए 9 हजार 662 पद

डॉ. यादव के निर्देशों के परिपालन में गृह विभाग ने वर्ष 2026 में मप्र पुलिस की विभिन्न इकाइयों में तृतीय श्रेणी के सीधी भर्ती के अराजपत्रित सूबेदार (अ) शीघ्र लेखक के 135 पद और सहायक उपनिरीक्षक (अ) के 520 पद, इस तरह 655 पदों पर सीधी भर्ती के लिए प्रशासकीय स्वीकृति के लिए आदेश जारी किया है। इसी तरह एक अन्य आदेश में अराजपत्रित सूबेदार के 81 पद, उपनिरीक्षक (जिला पुलिस बल) के 312 पद, उपनिरीक्षक (विसबल) के 69 पद, उपनिरीक्षक (क्यूडी) के 04 पद, उपनिरीक्षक (अंगुल चिन्ह) के 22 पद, उपनिरीक्षक (आयुध) के 10 पद, उपनिरीक्षक फोटो के 09 पद, इस प्रकार 507 पदों पर सीधी भर्ती के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य शासन की ओर से सर्वाधिक पद तृतीय श्रेणी के सीधी भर्ती के आरक्षक (जीडी) की नियुक्ति के लिए स्वीकृत किए गए हैं। इस संबंध में आदेश जारी कर 7500 पद स्वीकृत किए गए हैं।

### 18 हजार पद भरे जाने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस में 18 हजार पद भरे जाने के निर्देश दिए हैं। वर्तमान में स्वीकृत 9662 पदों के अलावा शेष आदेश भी शीघ्र जारी किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि पिछले वर्ष 8500 पदों की स्वीकृति के पश्चात इस वर्ष पदों की स्वीकृति का महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुआ है। प्रदेश से नक्सलवाद खत्म होने के बाद विकास के कार्यों में भी पुलिस बल की रचनात्मक भूमिका सुनिश्चित की जाएगी।

## आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन ब्रांच की संख्या 3,000 के पार, पूरे भारत में औपचारिक ऋण तक पहुंच का हुआ विस्तार

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों एनबीएफसी में से एक, आईआईएफएल फाइनेंस ने आज घोषणा की है कि इसके डेडिकेटेड समर्पित गोल्ड लोन कारोबार ने देश भर में 3,000 शाखाओं का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि लाखों वंचित ग्राहकों को समय पर, पारदर्शी और किफायती ऋण प्रदान करने की कंपनी की क्षमता को और मजबूत करती है। यह महत्वपूर्ण पड़ाव भारत के अंतिम छोर तक औपचारिक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने की आईआईएफएल फाइनेंस की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। इसके तहत उन छोटे उद्यमियों, व्यापारियों, किसानों, कारीगरों, स्वरोजगार करने वाले पेशेवरों और परिवारों को मदद मिलेगी, जिनकी संस्थागत ऋण तक पहुंच अक्सर सीमित होती है। ग्राहकों को उनके घरों में रखे सोने के मूल्य का उपयोग करने में सक्षम बनाकर, आईआईएफएल फाइनेंस उन्हें बिना किसी परेशानी के तेजी से वर्किंग कैपिटल प्राप्त करने में मदद कर रहा है।आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन प्रमुख मयंक शर्मा ने कहा समर्पित गोल्ड लोन शाखाओं का 3,000 का आंकड़ा पार करना केवल नेटवर्क विस्तार से कहीं बढ़कर है।

---

एक परिवार के तीन सदस्य संक्रमित, स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप

## कोटा के वनग्राम औरापानी में फैला मलेरिया का प्रकोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जिले में मानसून की दस्तक के साथ ही एक बार फिर मच्छर जनित बीमारियां अपना पैर पसारने लगी हैं। कोटा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले दुर्गम वनग्राम औरापानी से स्वास्थ्य विभाग की नींद उड़ाने वाली खबर सामने आई है। यहां एक ही परिवार के तीन लोग मलेरिया की चपेट में आ गए हैं। इस मामले के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है और एहतियात के तौर पर पूरे क्षेत्र में अलर्ट घोषित कर दिया गया है।

### स्वास्थ्य विभाग ने शुरू किया घर-घर सर्वे

एक ही परिवार में एक साथ तीन मलेरिया पॉजिटिव मिलने की सूचना मिलते ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर हरकत में आए स्वास्थ्य अमले ने औरापानी गांव में डेरा डाल दिया है। विभाग की मेडिकल टीमों द्वारा घर-घर जाकर सर्वे का काम शुरू कर दिया गया है। औरापानी की घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जिले के तमाम अन्य दूरदराज के वनग्रामों और ग्रामीण इलाकों में भी मलेरिया और डेंगू को लेकर हाई अलर्ट जारी कर दिया है। मैदानी अमले को निर्देश दिए गए हैं कि वे संवेदनशील गांवों में लगातार निगरानी रखें।

### हर साल बरसात में बनता है हाट स्पॉट

ग्रामीणों के अनुसार, औरापानी एक ऐसा वनग्राम है जो हर साल वर्षा ऋतु के दौरान मलेरिया की चपेट में आ जाता है। भौगोलिक स्थिति और जंगलों से घिरे होने के कारण यहां जलभराव और मच्छरों का प्रकोप आम बात है। बारिश शुरू होते ही यहां मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है, इसके बावजूद पूर्व में पुख्ता इंतजाम न होने से ग्रामीणों को हर साल इस मुसीबत से जूझना पड़ता है।

## चिराईपानी में बंदरों के आतंक से ग्रामीण भयभीत

**रायगढ़।** विकासखंड के ग्राम चिराईपानी में इन दिनों बंदरों के आतंक से ग्रामीण भयभीत हैं। पिछले कुछ दिनों से आक्रामक बंदरों के झुंड ने गांव में उत्पात मचा रखा है। राहगीरों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों पर लगातार हमले किए जा रहे हैं, जिससे अब तक दर्जनों ग्रामीण घायल हो चुके हैं। ऐसे में ग्रामीणो की शिकायत के बाद वन विभाग ने उत्पात मचा रहे बंदर को रेस्क्यू कर पकड़ा। चिराईपानी के ग्रामीणों के अनुसार गांव में बंदरों के अचानक हिंसक हो जाने से लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। बच्चे बाहर खेलने से डर रहे हैं और कई परिवारों ने आवश्यक कार्यों के अलावा घर से निकलना कम कर दिया है। बंदरों के काटने से घायल लोगों का उपचार नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया, जहां एंटी-रेबीज टीके की सलाह दी है।

संत शिरोमणि की 650वीं जयंती मनाएगी भाजपा, सीएम की उपस्थिति में बनी रूपरेखा

प्रदेश में 29 से 20 फरवरी तक चलेगा समरसता संकल्प अभियान

## गुरु रविदास की जन्मस्थली की पवित्र मिट्टी गांव-गांव और घर-घर पहुंचेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती को ऐतिहासिक और भव्य रूप से मनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में व्यापक अभियान चलाने का फैसला किया है। अभियान के तहत गुरु रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर (वाराणसी) से पवित्र मिट्टी लाकर कलशों के माध्यम से हरियाणा के गांव-गांव, बस्ती-बस्ती और घर-घर तक पहुंचाई जाएगी। इसके साथ ही 29 जुलाई से 20 फरवरी तक प्रदेशभर में समरसता संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शुक्रवार को गुरुग्राम स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय गुरुकमल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ, मंत्री कृष्ण बेदी, मंत्री कृष्ण लाल पंवार सहित वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में अभियान की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम का प्रदेश संयोजक मंत्री कृष्ण बेदी को बनाया गया है, जबकि एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता के नेतृत्व में 11 सदस्यीय समिति 26 जुलाई को वाराणसी जाकर गुरु रविदास की जन्मस्थली से विधि-विधान के साथ पवित्र मिट्टी लेकर हरियाणा आएगी। पवित्र कलश सबसे पहले गुरुग्राम स्थित माता शीतला मंदिर पहुंचाया जाएगा, जहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता की मौजूदगी में उसका स्वागत किया जाएगा।



### कुरुक्षेत्र में बन रहा भव्य धाम : नायब

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु रविदास की 650वीं जयंती केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का महाअभियान होगी। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास महान समाज सुधारक और सामाजिक न्याय के अग्रदूत थे, जिनकी शिक्षाएं आज भी समाज को दिशा देती हैं। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र में 124 करोड़ की लागत से गुरु रविदास का भव्य धाम बनाया जा रहा है, जहां उनकी विशाल प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।

चिंतन

# पेपर लीक पर नकेल जरूरी

नीट-यूजी और जेईईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक को लेकर केंद्रीय कैबिनेट ने सख्त कानून को मंजूरी देकर पेपर लीक करने वालों पर नकेल कसने की तैयारी कर ली है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ और कड़ी सजा का प्रावधान करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी गई है। सूत्रों के अनुसार, इस विधेयक को अगले सप्ताह संसद में पेश किया जा सकता है। प्रस्तावित कानून में पेपर लीक के दोषियों के लिए 10 साल तक की सजा और 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान हो सकता है। यह निर्णय केवल एक कानून बनाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि देश की पूरी परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार का अवसर भी बनना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में लगभग हर बड़ी भर्ती या प्रवेश परीक्षा में पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों छात्रों के विश्वास को झकझोर दिया है। हर बार लाखों मेहनती अभ्यर्थियों की वर्षों की तैयारी कुछ लोगों के लालच और संगठित अपराध के कारण प्रभावित हुई है। सुप्रीम कोर्ट भी स्पष्ट कर चुका है कि केवल तदर्थ उपायों से परीक्षा प्रणाली सुरक्षित नहीं बनाई जा सकती। आवश्यकता एक ऐसी स्थायी, तकनीक आधारित और पारदर्शी व्यवस्था की है, जिसमें प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर प्रिंटिंग, परिवहन, परीक्षा संचालन और मूल्यांकन तक हर चरण सुरक्षित हो। डिजिटल निगरानी, सीमित मानव हस्तक्षेप और जवाबदेही तय करने जैसी व्यवस्थाओं को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और अन्य परीक्षा संस्थाओं की कार्यप्रणाली का समय-समय पर स्वतंत्र ऑडिट भी होना चाहिए। पेपर लीक के खिलाफ लड़ाई में केवल सरकार की भूमिका पर्याप्त नहीं होगी। राज्यों, जांच एजेंसियों, परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं, स्कूल-कॉलेजों, अभिभावकों और समाज को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। राजनीतिक दलों को भी इस मुद्दे पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय सहमति बनानी चाहिए। संसद में आने वाले विधेयक पर गंभीर और सार्थक चर्चा हो, ताकि कानून में ऐसी कोई कमी न रह जाए, जिसका लाभ भविष्य में अपराधी उठा सकें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जांच और न्यायिक प्रक्रिया तेज हो। यदि पेपर लीक के मामलों में वर्षों तक फैसले लंबित रहेंगे तो कठोर कानून का उद्देश्य कमजोर पड़ जाएगा। विशेष अदालतों, समयबद्ध जांच और दोषियों की संपत्ति जब्त करने जैसे प्रावधान इस कानून को और प्रभावी बना सकते हैं। नीट को लेकर आंदोलन और विपक्ष के तेवरों को देखते हुए लगता है कि सरकार इस बिल को आसानी से पारित करवा लेगी। इसके बाद कानून बनने पर कोई भी व्यक्ति या पेपर लीक माफिया ऐसा करने से 100 बार सोचेगा। सभी पार्टियों से भी उम्मीद की जाती है कि वे इस बिल पर संसद में सार्थक चर्चा करे और इसकी बेहतरी के लिए सुझाव पेश करे। सरकार इसमें यह भी प्रावधान करे कि जो विद्यार्थी परीक्षा लीक में शामिल हों, उन पर भविष्य में प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने पर रोक लगा देनी चाहिए। कुल मिलाकर आज का समय हमारे युवाओं का है। ऐसे में उन्हें परीक्षा माफियाओं के चंगुल से बचाना होगा। सरकार परीक्षा प्रणाली में सुधार की बात पहले ही कह चुकी है। नीट व जेईईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं को परीक्षा माफियाओं से बचाने के लिए प्रश्न पत्र का प्रारूप भी ऐसा तैयार करना होगा, जिसमें औसत छात्र भी परीक्षा को बोझ न मानें और इसमें आसानी से भाग लेकर परीक्षा पास करने का मौका पा सकें। इससे छात्र हताश नहीं होंगे और कोचिंग माफिया से भी बचेंगे। छात्रों में आगे और बेहतर करने की लालसा पैदा होगी।



आर्थिकी
सतीश सिंह

# अर्थव्यवस्था की नई ताकत जेन-जी

**वर्ष 2019-20 में कुल निवेशकों में जेन-जी की हिस्सेदारी 23 .5 प्रतिशत थी, जो 2025-26 में बढ़कर 38 .3 प्रतिशत हो गई। इस प्रकार 6 वर्षों में उसकी भागीदारी करीब डेढ़ गुना हो चुकी है। नए निवेशकों में भी जेन-जी का अनुपात 52.1 प्रतिशत से बढ़कर 59 प्रतिशत हो गया। इसी अवधि में नए निवेशकों की औसत आयु 29 वर्ष से घटकर 27 वर्ष रह गई। इसका सीधा अर्थ है कि भारत में निवेश की शुरुआत अब पहले की तुलना में कम उम्र में हो रही है। भारत में जेन-जी की आबादी करीब 37.7 करोड़ है। एक समय शेयर बाजार को बड़े शहरों, ऊंची आय वाले परिवारों और अपेक्षाकृत अधिक उम्र के निवेशकों का क्षेत्र माना जाता था। जेन-जी ने इस धारणा को काफी हद तक बदल दिया है।**

वर्ष 1997 से 2012 के बीच जन्मी जेनरेशन-जेड यानी जेन-जी का बड़ा हिस्सा अभी शिक्षा, रोजगार या करियर के शुरुआती पड़ाव पर है। इसके बावजूद शेयर बाजार में उसकी बढ़ती भागीदारी, उपभोग पर प्रभाव और ऋण चुकाने में दिख रहा अनुशासन संकेत देता है कि यह पीढ़ी भारतीय अर्थव्यवस्था की भावी दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। वित्त वर्ष 2019-20 से 2025-26 के बीच शेयर बाजार से जुड़े प्रत्येक 10 नए निवेशकों में लगभग 6 की आयु तीस वर्ष से कम रही है।

वर्ष 2019-20 में कुल निवेशकों में जेन-जी की हिस्सेदारी 23.5 प्रतिशत थी, जो 2025-26 में बढ़कर 38.3 प्रतिशत हो गई। इस प्रकार 6 वर्षों में उसकी भागीदारी करीब डेढ़ गुना हो चुकी है। नए निवेशकों में भी जेन-जी का अनुपात 52.1 प्रतिशत से बढ़कर 59 प्रतिशत हो गया। इसी अवधि में नए निवेशकों की औसत आयु 29 वर्ष से घटकर 27 वर्ष रह गई। इसका सीधा अर्थ है कि भारत में निवेश की शुरुआत अब पहले की तुलना में कम उम्र में हो रही है। एक समय शेयर बाजार को बड़े शहरों, ऊंची आय वाले परिवारों और अपेक्षाकृत अधिक उम्र के निवेशकों का क्षेत्र माना जाता था। जेन-जी ने इस धारणा को काफी हद तक बदल दिया है। स्मार्टफोन, सस्ती इंटरनेट सेवा, आधार-आधारित सत्यापन, ऑनलाइन डीमैट खाते, डिजिटल भुगतान और निवेश मंचों ने छोटे शहरों तथा कस्बों के युवाओं के लिए भी बाजार के दरवाजे खोल दिए हैं। शेयर बाजार के कुल निवेशक आधार में जेन-जी की 38.3 प्रतिशत हिस्सेदारी उसकी बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है। हर दस निवेशकों में करीब चार का इस पीढ़ी से होना भारतीय शेयर बाजार की सामाजिक और भौगोलिक संरचना में आ रहे व्यापक बदलाव को रेखांकित करता है। युवा निवेशकों की बढ़ती संख्या के कारण घरेलू बचत का एक हिस्सा पारंपरिक जमा साधनों से निकलकर वित्तीय परिसंपत्तियों की ओर बढ़ रहा है। नियमित और दीर्घकालीन निवेश में वृद्धि होने पर कंपनियों को बाजार से पूंजी जुटाने में सुविधा मिलती है। इस पूंजी का उपयोग उत्पादन क्षमता बढ़ाने, नई परियोजनाएं शुरू करने और रोजगार सृजित करने में किया जा सकता है। इसलिए युवा निवेशकों की भागीदारी का प्रभाव केवल शेयरों की खरीद-बिक्री तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वास्तविक अर्थव्यवस्था तक भी पहुंचता है। सेबी के निवेशक सर्वेक्षण 2025 के अनुसार, प्रतिभूति बाजार के उत्पादों के प्रति जेन-जी में जागरूकता 66 प्रतिशत थी, जो अन्य कई आयु-वर्गों की तुलना में अधिक है। इससे स्पष्ट है कि युवा केवल निवेश मंचों तक नहीं पहुंच रहे, बल्कि शेयर, म्यूचुअल फंड, विनिमय कारोबार वाले कोष और अन्य वित्तीय साधनों को समझने का प्रयास भी कर रहे हैं। कम उम्र में निवेश शुरू करने से उन्हें चक्रवृद्धि प्रतिफल का लाभ उठाने के लिए लंबी अवधि मिलती है। जेन-जी को अक्सर आवेग में खर्च करने वाली और कर्ज पर निर्भर पीढ़ी के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन ऋण संबंधी आंकड़े इस धारणा का दूसरा पक्ष सामने रखते हैं। फिनटेक कंपनियों और नई पीढ़ी की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का कुल ऋण पोर्टफोलियो करीब 1.43 लाख करोड़ रुपए है। इसमें असुरक्षित ऋण की हिस्सेदारी लगभग 1.01 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें से करीब 50,000 करोड़ का ऋण



जेन-जी को दिया गया है। इस प्रकार इन संस्थानों के असुरक्षित ऋण में जेन-जी की हिस्सेदारी लगभग 49.5 प्रतिशत है। संबंधित ऋणों की डिफॉल्ट दर दिसंबर 2024 में 0.42 प्रतिशत से घटकर जून 2025 में 0.35 प्रतिशत रह गई। यानी इसमें 0.07 प्रतिशत-बिंदु की कमी आई है। यह गिरावट संकेत देती है कि जेन-जी के अधिकांश उधारकर्ता समय पर ऋण चुका रहे हैं और असुरक्षित ऋण लेने के बावजूद उनमें वित्तीय अनुशासन दिखाई दे रहा है। इसके बावजूद असुरक्षित ऋणों को लेकर सावधानी जरूरी है, क्योंकि इनमें किसी संपत्ति की जमानत नहीं होती। आसान डिजिटल ऋण, तत्काल स्वीकृति और आकर्षक प्रस्ताव युवाओं को आय से अधिक उधारी के लिए प्रेरित कर सकते हैं। एक ऋण चुकाने के लिए दूसरा ऋण लेना आगे चलकर वित्तीय दबाव और चूक का कारण बन सकता है।


भारत में जेन-जी की आबादी करीब 37.7 करोड़ है। यह पीढ़ी प्रत्यक्ष रूप से अथवा पारिवारिक खरीद-निर्णयों के माध्यम से करीब 71 लाख करोड़ रुपये के वार्षिक उपभोग को प्रभावित करती है। यह देश के कुल उपभोग का लगभग 43 प्रतिशत है। वर्ष 2035 तक जेन-जी से जुड़ा उपभोग करीब 1.8 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इससे आने वाले वर्षों में उसकी आर्थिक शक्ति और अधिक व्यापक होने का संकेत मिलता है। जेन-जी द्वारा प्रभावित 43 प्रतिशत उपभोग अर्थव्यवस्था में उसकी मांग-सृजन क्षमता को दर्शाता है। युवा जिन उत्पादों और सेवाओं को प्राथमिकता देते हैं, कंपनियां उसी के अनुरूप उत्पादन, विपणन और निवेश की रणनीति बनाती हैं। यह पीढ़ी केवल खरीदार भी नहीं है। वह ऐप-आधारित सेवाओं की उपयोगकर्ता, डिजिटल सामग्री की निर्माता, स्टार्टअप की संस्थापक, स्वतंत्र पेशेवर, ऑनलाइन विक्रेता और निवेशक है। युवा निवेशकों की बढ़ती संख्या बाजार के लिए शुभ संकेत है, लेकिन डिजिटल दक्षता अपने आप वित्तीय परिपक्वता की गारंटी नहीं होती। सोशल मीडिया पर मिलने वाली अधूरी सलाह, प्रभावशाली व्यक्तियों की अप्रमाणित सिफारिशें, वायदा एवं विकल्प कारोबार का आकर्षण, क्रिप्टो परिसंपत्तियों की अस्थिरता और बिना पर्याप्त समझ के लिया गया असुरक्षित ऋण गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है। शेयर बाजार दीर्घकालीन संपत्ति निर्माण का माध्यम है, त्वरित कमाई की मशीन नहीं।

जेन-जी को निवेश और सट्टेबाजी के अंतर, जोखिम-विविधीकरण, आपातकालीन कोष, बीमा, चक्रवृद्धि प्रतिफल और जिम्मेदार ऋण-व्यवहार की समझ देना आवश्यक है। वित्तीय संस्थानों और नियामकों को भी युवाओं के लिए सरल भाषा में वित्तीय शिक्षा, पारदर्शी ऋण शर्तें और प्रभावी निवेशक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। जेन-जी की वास्तविक शक्ति केवल उसके युवा होने में नहीं, बल्कि तकनीक के साथ उसकी सहजता, सीखने की तत्परता और परंपरागत आर्थिक व्यवहार बदलने की क्षमता में है। यदि उसे रोजगार, गुणवत्तापूर्ण वित्तीय शिक्षा, जिम्मेदार ऋण और सुरक्षित निवेश के अवसर मिलते हैं, तो उसकी बचत उत्पादक पूंजी में बदल सकती है। इससे कंपनियों को दीर्घकालीन संसाधन, बाजार को व्यापक निवेशक आधार और अर्थव्यवस्था को टिकाऊ मांग मिलेगी। जेन-जी के हाथ में स्मार्टफोन है और उसी स्क्रीन पर बैंक खाता, डीमैट खाता, ऋण, कारोबार तथा निवेश के अवसर भी हैं। चुनौती यह सुनिश्चित करने की है कि उसकी उंगलियां केवल बाजार की तेजी का पीछा न करें, बल्कि जोखिम समझते हुए भविष्य की संपदा रचें। ऐसा होने पर जेन-जी शेयर बाजार की नई सहभागी भर नहीं रहेगी, बल्कि भारत की निवेश-संस्कृति और आर्थिक विकास की मजबूत धुरी बन सकती है।

(लेखक वरिष्ठ बैंकिंग एवं आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

स्मृति दिवस विशेष
सच्चिदानंद वर्मा



# स्वयं को ईश्वर के साथ एकाकार करने में सहायक है क्रिया योग


भारत में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया (वाईएसएस) के भक्तों और विश्व में सेल्फ़-रियलाइज़ेशन फेलोशिप (एसआरएफ़) के सदस्यों द्वारा प्रत्येक वर्ष 25 जुलाई को महावतार बाबाजी का स्मृति दिवस मनाया जाता है। आधुनिक युग में जिस क्रिया योग की चारों तरफ चर्चा होती रही है, उसके उद्धारक महावतार बाबाजी ही हैं। भारत के ईश्वर प्राप्त संतों ने उन्हें श्रद्धा से महामुनि बाबाजी महाराज,महायोगी तथा शिव बाबा नाम दिए हैं। बाबाजी ने कहा था कि कई राष्ट्रों के लाखों लोग इस पद्धति से व्यक्तिगत इंद्रियातीत अनुभव प्राप्त करेंगे, जिससे विश्व में शांति स्थापित होगी। सर्वप्रथम महावतार बाबाजी के बारे में जानकारी संपूर्ण विश्व को परमहंस योगानंद की पुस्तक योगी कथामृत द्वारा मिली। इस पुस्तक के अनुसार आज भी महावतार बाबाजी शारीरिक रूप में विद्यमान है। वे आज भी बद्रीनाथ के हिमालयी क्षेत्रों में आसानी से विचरण करते रहते हैं। ये साधारण संन्यासी नहीं, बल्कि अवतारी पुरुष है। उनका संपूर्ण जीवन मानव उत्थान के लिए है। उनके जन्मस्थान और परिवार के बारे में किसी को पता नहीं। वे देश व काल से परे हैं। वे साधारणतया हिन्दी बोलते हैं। लेकिन वे किसी भी भाषा में बातचीत कर सकते हैं। वे कभी-कभी ही प्रकट होते हैं। वे मानवीय आकलन से परे और अकल्पनीय हैं। आध्यात्मिक अवस्थाओं की कई श्रेणियां होती हैं। उनमें से एक



महावतार भी है। वे मनुष्य और ईश्वर के बीच सेतु की तरह हैं, इसीलिए उन्होंने देह धारण किया है। योगदा और एसआरएफ के संन्यासी व भक्त 25 जुलाई को बाबाजी की स्मृति दिवस के रूप में इसलिए मनाते हैं क्योंकि 25 जुलाई 1920 को ही बाबाजी ने परमहंस योगानंद को दर्शन दिए थे। जब योगानंद एक बंद कमरे में ध्यानमग्न अवस्था में बैठकर ईश्वर से कुछ आश्वासन चाह रहे थे, तभी किसी ने दरवाजा खटखटाया। जब परमहंस ने दरवाजा खोला तो उन्होंने पाया कि उनके सामने महावतार बाबाजी खड़े हैं। महावतार बाबाजी कहते हैं कि तुम्हारी प्रार्थना सुन ली गई है। डरो मत। अमेरिका जाओ। वहां तुम्हारा संरक्षण किया जाएगा। बहुत वर्ष पहले मैं तुम्हारे गुरु युक्तेश्वर से एक कुंभ मेले मे मिला था और तभी मैंने उनसे कह दिया था कि मैं तुम्हें उनके पास शिक्षा ग्रहण के लिए भेजूंगा। असल में योगानंद को अमेरिका में एक धर्म सम्मेलन को संबोधित करने के लिए न्योता मिला था और वे अमेरिका जाने के पहले पूर्ण रूप से ईश्वर से आश्वस्त हो जाना चाहते थे कि कहीं वे पश्चिम सभ्यता में अपने असली उद्देश्य से भटक न जाएं। योगदा के वरिष्ठ संन्यासी स्वामी ईश्वरानंद योगी कथामृत पुस्तक को उद्धृत करते हुए बताते हैं कि इस क्रिया योग विज्ञान की खोज सतयुग में हुई। इसकी चर्चा श्रीमद्भगवद्गीता में भी की गई है। लेकिन कालांतराल में यह विलुप्त हो गया। पुनः महावतार बाबाजी चाहते थे कि इस क्रिया योग का पुनरुद्धार किया जाए। इसके लिए उन्हें एक उन्नत आत्मा की तलाश थी। उन्हें लाहिड़ी महाशय मिले। लाहिड़ी महाशय गृहस्थ थे। महावतार बाबाजी ने एक गृहस्थ को इसके लिए चुनकर संदेश दे दिया कि क्रिया योग केवल संन्यासियों के लिए ही नहीं, बल्कि एक गृहस्थ भी इसके द्वारा ईश्वर को प्राप्त कर सकता है। 1861 में लाहिड़ी महाशय रानीखेत में एक दिन द्रोणगिरि पर्वत पर टहल रहे थे। तब उन्हें ऐसा अनुभव हुआ कि कोई उन्हें पुकार रहा है। जिस तरफ से आवाज आ रही थी, वे उस ओर चल पड़े। अचानक देखा कि एक व्यक्ति ने उन्हें बाहों में भर लिया। दरअसल वे और कोई नहीं, महावतार बाबाजी ही थे। महावतार बाबाजी उन्हें गुफा में ले गए। जब लाहिड़ी महाशय के सिर पर हाथ फेरा, तो लाहिड़ी को अपने पूर्व जन्मों की सारी बातें स्मरण होने लगी। वे जन्मानंतर से बाबाजी के शिष्य थे। लाहिड़ी महाशय को वहां से भौतिक संसार में क्रिया योग को पहुंचाने का काम दिया गया। उन्हें कहा गया कि लोगों को बताओ कि गृहस्थ में रहकर भी क्रियायोग के माध्यम से स्वयं को ईश्वर के साथ एकाकार किया जा सकता है। जन्म-मरण के भय से सदा के लिए मुक्त हुआ जा सकता है। स्वामी ईश्वरानन्द बताते है कि वहां से फिर लाहिड़ी महाशय दानापुर लौटते हैं और फिर वहां से वाराणसी में अपना निवास स्थान बनाते हैं। इस प्रकार लाहिड़ी महाशय को उन्होंने विनम्रता का पाठ पढ़ाया। आज सम्पूर्ण विश्व में ईश्वर प्राप्ति के इच्छुक साधक महावतार बाबाजी, लाहिड़ी महाशय, स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि और परमहंस योगानन्द द्वारा सुझाए गए क्रियायोग मार्ग पर चल कर लाभान्वित हो रहे हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित
दर्शन

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म्' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म्' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म्' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

## कभी भी अपने धन और पद का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव के पास बहुत धन-संपत्ति थी। कुबेर को अपनी धन-दौलत पर घमंड हो गया। एक दिन कुबेर घमंड के साथ ही शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी से कहा कि मैं आपको अपने महल में खाने के लिए आमंत्रण देने आया हूं। शिव जी ने सोचा कि कुबेर देव का घमंड दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो नहीं आ सकता, लेकिन आप गणेश को ले जाइए और ध्यान रखना गणेश खाने में जल्दी तृप्त नहीं होते हैं। कुबेर देव को अहंकार तो था ही, उन्होंने कह दिया कि मैं तो सभी को भोजन करा सकता हूं तो गणेश जी को भी तृप्त कर सकता हूं। शिव जी गणेश जी को कुबेर देव के यहां भोजन करने भेज दिया। गणेश जी कुबेर देव के महल पहुंच गए। कुबेर देव ने गणेश जी के लिए बहुत सारा खाना बनवाया और गणेश जी को खाना परोसना शुरू कर दिया। गणेश जी लगातार खाते ही जा रहे थे, लेकिन उनका पेट नहीं भर रहा था। गणेश जी तृप्त नहीं हुए, लेकिन कुबेर देव के यहां का अन्न का भंडार खाली हो गया। गणेश जी को और भूख लग रही थी। कुबेर देव निराश होकर तुरंत ही शिव जी के पास पहुंचे और पूरी बात बता दी। कुछ ही देर में गणेश जी भी शिव जी के पास पहुंच गए। शिव जी ने देवी पार्वती से गणेश जी के खाने के लिए कुछ लाने को कहा। पार्वती जी तुरंत ही खाना ले आईं। देवी पार्वती के हाथ का बना खाना खाकर गणेश जी शांत हो गए। ये देखकर कुबेर देव को अपनी गलती समझ आ गई।

## बहुदा यात्रा



ओडिशा के पुरी में शुक्रवार को बहुदा यात्रा या वापसी रथ उत्सव से पहले भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों के सामने ओडिसी डांसर तस्वीरें खिंचवाते हुए।

## आज की पाती


### समय रहते क्यों नहीं संभली केंद्र सरकार?

पेपर लीक मामले में दोषियों को खोजकर सजा देना सरकार के लिए कोई बहुत बड़ा काम नहीं है। दूसरी मांग शिक्षा मंत्री द्वारा इस्तीफा देना है। तीसरी मांग, जिन छात्रों की दुखद मृत्यु हुई है, उनके परिजनों को मुआवजा देना है। ये मांगें इतनी बड़ी नहीं हैं जितना बड़ा आंदोलन हो गया। इन मांगों को सरकार वार्ता के जरिये सुलझा सकती थी, जिसके लिए अधिकांशतः छात्र आंदोलित थे। समय रहते बातचीत करके समाधान खोजा जा सकता था सरकार द्वारा। क्योंकि बीच-बीच में बातचीत करने के लिए काकरोच जनता पार्टी के नेता भी कह रहे थे कि सरकार बातचीत के लिए तैयार है।

**– विजय प्रकाश पटेल**, चिरमिरी

## करंट अफेयर


### वेस्ट बैंक की जगह व लेबनान के किले विश्व धरोधर सूची में



संयुक्त राष्ट्र की एक समिति ने इजराइल की आपत्तियों के बावजूद शुक्रवार को वेस्ट बैंक के एक प्रमुख पुरातात्विक स्थल और दक्षिणी लेबनान के कई किलों को विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल करने के पक्ष में मतदान किया। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने कुछ दिन पहले एक अपील में समिति से वेस्ट बैंक के छोटे शहर सेबास्तिया और लेबनान के किलों को सूची में शामिल करने के प्रयासों को खारिज करने को कहा था। इजराइल ने इन नामांकनों को 'सांस्कृतिक विरासत के हथियार के रूप में इस्तेमाल' बताया था। बुसान में हुई बैठक में यूनेस्को समिति के सदस्यों ने आपात आधार पर नामांकनों की समीक्षा करने के बाद सेबास्तिया और लेबनान के माउंट अमेल क्षेत्र के पांच किलों को विश्व धरोहर सूची तथा संकटग्रस्त विश्व धरोहर स्थलों की सूची, दोनों में शामिल करने का फैसला किया। सेबास्तिया, इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में नेबलस से करीब 10 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में एक पहाड़ी शहर है। इस शहर को विद्वान प्राचीन समरिया के रूप में पहचानते हैं। समरिया, बाइबिल में वर्णित इजराइल साम्राज्य की राजधानी थी।

## ऑफ बीट

### मसूड़ों के नीचे खिसकना आम चिंताओं में से एक



मसूड़ों की बीमारी – जिसे पीरियोडोंटाइटिस के रूप में भी जाना जाता है – एक गंभीर स्थिति है। ब्रश करते समय खून बहना, दांतों का हिलना, लगातार बदबूदार सांस आना या दांतों का हिलना जैसे लक्षणों की हमेशा जांच की जानी चाहिए। हालांकि, मसूड़ों के नीचे की ओर जाने के अन्य कारण भी हो सकते हैं। शायद चौंकाने वाली बात यह है कि मसूड़ों के नीचे खिसकने का सबसे बड़ा कारण वास्तव में जरूरत से ज्यादा ब्रश करना है। बहुत ज्यादा बल का उपयोग करना या गलत उपकरणों से ब्रश करना (जैसे कि कठोर ब्रिसल वाला ब्रश) धीरे-धीरे मसूड़ों के ऊतकों को खराब कर सकता है। इलेक्ट्रिक दंतब्रश दबाव को कम करके मदद कर सकते हैं, खासकर नए मॉडल जो बहुत जोर से ब्रश करने पर रोशनी करते हैं। लेकिन वास्तव में बहुत से लोग इस बात पर ज्यादा ध्यान देते हैं कि वे कितनी देर तक ब्रश करते हैं, न कि कैसे ब्रश करते हैं। यहां तक कि दंत साफ करने वाले इन ब्रश के साथ जोड़े जाने वाले स्मार्ट ऐप भी आमतौर पर प्रत्येक क्षेत्र में ब्रश करने के समय को उजागर करते हैं, न कि लगाए गए दबाव को। इसीलिए ब्रश करने की सही तकनीक सिखाना बहुत जरूरी है।

## ट्रेंड

### खेल प्रतिभा का प्रदर्शन




कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा ले रहे भारतीय खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं। आपका कौशल, समर्पण और अथक प्रयास निश्चित रूप से गेम्स में विश्व मंच पर भारत की शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे
**- अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### सरकार का स्पष्ट विज़न



केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में सोनम वांगचुक से मुलाकात की और छात्रों से जुड़े मुद्दों के समाधान के प्रति सरकार का स्पष्ट विज़न और प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसके बाद, वांगचुक ने अपना अनशन समाप्त करने का निर्णय लिया।
**- रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### पेपर लीक माफिया



पेपर लीक एक देशव्यापी समस्या है और राजस्थान भी इससे अछूता नहीं रहा है। सूबे में 2013 से 2018 के बीच बीजेपी सरकार के कार्यकाल में 12 पेपर लीक हुए, लेकिन कभी कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई। पेपर लीक माफिया और बेखौफ़ हो गया।
**- अशोक गहलोत**, पूर्व सीएम, राजस्थान

### देशव्यापी विरोध प्रदर्शन



मैं सोनम वांगचुक के अनशन खत्म करने के फैसले का स्वागत करता हूं। देश के लिए उनकी ज़िंदगी और सेहत बहुत ज़रूरी है। चूंकि सीजेपी ने आज देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है, इसलिए मैं सभी से इसमें शामिल होने की अपील करता हूं।
**-अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




भारी हंगामे के बीच फिर नहीं चल पाई संसद सोमवार तक के लिए स्थगित

# सरकार ने राज्यसभा में पेश किया वंदे मातरम बिल, अब किसी तरह की रुकावट या अपमान करना होगा दंडनीय अपराध, होगी 3 साल की सजा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र में सरकार ने राज्यसभा में राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया। विपक्ष की नारेबाजी के बीच यह विधेयक पेश किया गया। इस विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' में किसी भी तरह की रुकावट डालने या उसका अपमान करने को अपराध की श्रेणी में लाना है।

यह विधेयक राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम, 1971 में बदलाव करेगा। इस कानून में देश के राष्ट्रीय प्रतीकों का अपमान या अनादर करना अपराध माना गया है। इन राष्ट्रीय प्रतीकों में राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान शामिल हैं। मौजूदा कानून के तहत ऐसे अपराध के लिए दोषी पाए जाने पर तीन साल तक की जेल की सजा का प्रावधान है।

*राष्ट्रीय महत्व की चीजों का निरादर नहीं कर सकते*

*विपक्ष अपनी मांगों पर अड़ा रहा, नहीं हो पाई कोई चर्चा*

## पेपर लीक संशोधन विधेयक को मिली कैबिनेट की मंजूरी



राज्यसभा में हंगामा करते विपक्ष के नेता, नारेबाजी भी की

### लोकसभा की कार्यवाही 27 जुलाई तक स्थगित

विपक्ष के नारेबाजी के बीच लोकसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। विपक्षी सांसद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। अब लोकसभा की अगली बैठक 27 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे होगी।

**हम चर्चा नहीं करेंगे, तो नहीं जाएगा सही संदेश**

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में कहा कि मैंने फिर केसी वेणुगोपाल से अनुरोध किया है कि जब हम सभी इस बात से सहमत हैं कि नीट पर चर्चा होनी चाहिए, तो हमें चर्चा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने देश को भरोसा दिया है। सोनम वांगचुक ने अपना अनशन खत्म कर दिया है और चर्चा की मांग की है। अगर हम चर्चा नहीं करेंगे तो देश में सही संदेश नहीं जाएगा।

**खरगे का प्रधानमंत्री पर हमला**

## संसद में बयान दें, एकतरफा मन की बात न करें



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पेपर लीक मामले को लेकर प्रधानमंत्री पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा जब संसद चल रही होती है तो प्रधानमंत्री को संसद के पटल पर बयान देना होता है, देर रात एक वीडियो बनाकर, संसद के बाहर एकतरफा मन की बात नहीं करनी होती। 'एक्स' पर खरगे ने कहा प्रधानमंत्री संसद आने से पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करें। सरकार पहले छात्रों से माफी मांगे और उन लोगों पर सख्त कार्रवाई करे जिन्होंने छात्रों की आवाज दबाने के लिए लाठीचार्ज और पैलेट गन चलाने का आदेश दिया था। इन कदमों के बाद ही विपक्ष शिक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा के लिए तैयार हैं।

### अहंकारी और जवाबदेही से बच रही सरकार: सोनिया



कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर शिक्षा व्यवस्था और छात्र आंदोलनों को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि छात्र सरकार से जवाबदेही और शिक्षा सुधार की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने जवाब कायरता और बेवजह की क्रूरता से दिया। सरकार छात्रों के साथ ऐसा व्यवहार कर रही है, मानो वे राष्ट्र के दुश्मन हों। छात्रों के साथ खड़ा होना और उनके भविष्य की रक्षा करना नैतिक, राजनीतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है। सरकार की अहंकारी तथा जवाबदेही से बचने वाली कार्यशैली ने छात्र आंदोलनों को जन्म दिया है।

### अय्यर की इंट्री: छात्रों को निडर होना सिखा रहे



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने शुक्रवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे छात्रों के विरोध प्रदर्शन में अपनी पत्नी सुनीत अय्यर के साथ पहुंचकर हिस्सा लिया। मीडिया से बात करते हुए अय्यर ने कहा कि वे यहां सीखने आए हैं और प्रदर्शनकारी छात्र देश को निडर होना सिखा रहे हैं।

### डीयू के बाद जेएनयू ने जारी की एडवाइजरी-प्रदर्शनों में जाने से बचें



डीयू के बाद जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने सीजेपीके बैनर तले चल रहे छात्रों के प्रदर्शन के बीच एडवाइजरी जारी की है। जेएनयू ने अपने शिक्षकों और छात्रों को सलाह देते हुए कहा कि वह अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा को प्राथमिकता दें। विश्वविद्यालय ने उच्चतम न्यायालय के सार्वजनिक प्रदर्शनों संबंधी निर्देशों का हवाला दिया है। हितधारकों को जंतर मंतर, नई दिल्ली पर होने वाली सभाओं में शामिल होने से मना किया गया है।

### नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन भी बंद



दिल्ली मेट्रो ने मेट्रो स्टेशनों में से एक नई दिल्ली को भी बंद कर दिया है। अगले आदेश तक नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन बंद कर दिया गया है। इस मेट्रो स्टेशन पर इंटर चेंज की सुविधा भी उपलब्ध नहीं होगी।नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन भारतीय रेलवे के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के ठीक बाहर है।

**सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को दिया भरोसा**

## छात्रों के हितों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठा रहे

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह छात्रों के हितों की सुरक्षा और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के कथित प्रश्नपत्र लीक मामले की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है। केंद्र ने यह दलील याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई के दौरान जस्टिस पीएस नरसिम्हा और आलोक आराधे की पीठ के समक्ष दी। न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि सब कुछ ठीक से व्यवस्थित हो जाए।



### सुप्रीम कोर्ट में 27 को होगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने 27 जुलाई को उन याचिकाओं पर सुनवाई के लिए मंजूरी दे दी है, जिनमें पेपर लीक के खिलाफ जंतर-मंतर और देश भर में प्रदर्शनों में शामिल छात्रों के खिलाफ पुलिस पर कार्रवाई का आरोप लगाया गया है।यह मामला मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और वी मोहना की पीठ के समक्ष पेश किया गया था।

### याचिका नहीं आई, तो सुनवाई से इनकार की खबर कैसे? सीजेआई

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने छात्रों पर पुलिस कार्रवाई से जुड़ी खबरों की रिपोर्टिंग को लेकर मीडिया पर सख्त नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि कुछ मीडिया संस्थानों ने यह खबर चला दी कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई से इनकार कर दिया, जबकि सच्चाई यह है कि अदालत में इस मामले की कोई याचिका दायर ही नहीं हुई थी।उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों से इस मामले में गलत खबरें चलाई जा रही हैं। सीजेआई ने कहा कि शुक्रवार सुबह 10 बजे तक इस मामले में कोर्ट के पास एक भी याचिका नहीं आई थी। हमारे पास सिर्फ एक चिट्ठी आई थी। केवल चिट्ठी के आधार पर किसी मामले की सुनवाई नहीं हो सकती। मीडिया को बिना पूरी जानकारी के खबर नहीं चलानी चाहिए। यह गुमराह करने वाली खबर है।

**खबर संक्षेप**

### दिल्ली विस, सचिवालय को उड़ाने की धमकी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में सुरक्षा एजेंसियों को दिल्ली विधानसभा, सचिवालय और पुलिस मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस और खुफिया एजेंसियां जांच कर रही हैं। शहर में हाई अलर्ट जारी किया गया है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

### भाजपा में शामिल हो गए मृत्युंजय तिवारी



**पटना।** कुछ दिन पहले आरजेडी से इस्तीफा देने वाले मृत्युंजय तिवारी भाजपा में शामिल हो गए हैं। भाजपा दफ्तर में कार्यक्रम में मृत्युंजय तिवारी को बाजपाकी सदस्यता दिलाई गई। उन्होंने 16 जुलाई को आरजेडी के सभी पदों से इस्तीफा दिया था। उन्होंने कहा कि आरजेडी में सम्मान नहीं मिल रहा था।

### केंद्र ने जारी किए 25.89 करोड़ सॉइल हेल्थ कार्ड

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बताया कि सॉइल हेल्थ कार्ड स्कीम के तहत अब तक 25.89 करोड़ से अधिक सॉइल हेल्थ कार्ड जारी किए जा चुके हैं। प्राकृतिक खेती पर मिशन का दायरा बढ़कर 18,786 क्लस्टर्स तक पहुंच गया है, जो 8.80 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हैं।

## केंद्र सरकार ने आंध्र-कर्नाटक आर्थिक गलियारे को दी हरी झंडी

# इससे औद्योगिक विकास को नई रफ्तार मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों में ज्यादा तेजी आएगी

इस महात्वाकांक्षी पहल के लिए 4,294 करोड़ के भारी-विश को मंजूरी मिली है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा इस फैसले से दोनों राज्यों में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के बीच एक बेहद महत्वपूर्ण आर्थिक गलियारे के विकास को हरी झंडी दे दी है। इस महात्वाकांक्षी पहल के लिए कुल 4,294 करोड़ रुपए के भारी-भरकम निवेश को मंजूरी मिली है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट के इस फैसले से दोनों राज्यों में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। वैष्णव ने जानकारी दी कि इस योजना के तहत दो प्रमुख परियोजनाओं पर काम किया जाएगा। पहली परियोजना बल्लारी-गुंटकल के बीच तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के निर्माण की है, जिसके लिए 1,264 करोड़ का बजट रखा गया है। यह रेलवे लाइन माल ढुलाई की क्षमता में बड़ा इजाफा करेगी। वहीं दूसरी प्रमुख परियोजना भव्य रसायन योजना है, जिसके लिए 3,030 करोड़ आवंटित किए गए हैं। यह पहल क्षेत्र में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देने में मदद करेगी।

**परियोजना से जुड़ी 5 बड़ी बातें**

- **कुल बजट आवंटन:** आंध्र-कर्नाटक कॉरिडोर के लिए केंद्र सरकार ने 4,294 करोड़ के कुल निवेश को मंजूरी दी।
- **रेलवे लाइन विस्तार:** बल्लारी-गुंटकल मार्ग पर तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के लिए 1,264 करोड़ खर्च होंगे।
- **भव्य रसायन योजना:** औद्योगिक रफ्तार बढ़ाने वाली इस योजना के लिए 3,030 करोड़ की राशि निर्धारित की गई है।
- **भारी रोजगार सृजन:** निर्माण और परिचालन के दौरान करीब 31 लाख मानव-दिवस का रोजगार उत्पन्न होगा।
- **अतिरिक्त माल ढुलाई:** इससे प्रति वर्ष 1.6 करोड़ टन अधिक माल की आवाजाही हो सकेगी।

## इसके लिए 4,294 करोड़ के भारी-भरकम निवेश को मंजूरी



इससे बदलेगी तस्वीर

### उद्योगों को होगा बड़ा फायदा

यह आर्थिक गलियारा बल्लारी-होसपेट क्षेत्र के स्टील और सीमेंट क्लस्टरों के लिए बेहद मददगार साबित होगा। इससे भारी उद्योगों के कच्चे माल और तैयार उत्पादों का परिवहन काफी तेज और आसान हो जाएगा। यह प्रमुख समुद्री बंदरगाहों और प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों तक पहुंच को भी सुगम बनाएगा। हर साल 1.6 करोड़ टन अतिरिक्त माल ढुलाई होगी।

**कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन घटेगा**

यह परियोजना न केवल आर्थिक दृष्टिकोण से बल्कि पर्यावरण के लिहाज से भी एक मिसाल कायम करेगी। इस गलियारे के शुरू होने से हर साल करीब 6.67 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन कम होगा।

**कैबिनेट ने 'भव्य रसायन' योजना को दी स्वीकृति**

## देश में बनेंगे 3 केमिकल पार्क, बुनियादी सुविधाएं बढ़ेंगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में तीन समर्पित केमिकल पार्क स्थापित करने के लिए 'भारत औद्योगिक विकास योजना रसायन (भव्य रसायन)' को मंजूरी दे दी है। इस योजना की घोषणा वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में की गई थी।

**निर्यात बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम होगी**

भव्य रसायन योजना से रसायन उद्योग की पूरी मूल्य श्रृंखला को बढ़ावा मिलेगा। उद्योगों का विकास होगा, संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा और लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी। इससे आयात पर निर्भरता कम होगी।

**इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे**

यह योजना पर्यावरण-अनुकूल औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा देगी। पार्कों में कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट , ट्रीटमेंट होंगे। रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

**रेलमंत्री ने राज्यसभा में कहा**

## 135 रेल दुर्घटनाएं 2 पर सिमटी तिगुना निवेश का दिखा फायदा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने राज्यसभा में कहा है कि भारतीय रेलवे में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और पिछले कुछ वर्षों में किए गए व्यापक सुरक्षा सुधारों के कारण रेल दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि वर्ष 2014-15 में जहां 135 रेल दुर्घटनाएं हुई थीं, वहीं चालू वित्त वर्ष 2026-27 में अब तक केवल 2 दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं।

रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे में सुरक्षा संबंधी गतिविधियों पर होने वाला व्यय भी लगातार बढ़ाया गया है। वर्ष 2013-14 में जहां सुरक्षा मद में लगभग 39 हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए थे, वहीं वर्ष 2026-27 में यह बढ़कर 1.20 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि ट्रैक, सिग्नलिंग, पुलों, समपार फाटकों और अन्य सुरक्षा अवसंरचना को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश किया गया है।अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मानवीय भूल के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे ने आधुनिक इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का तेजी से विस्तार किया है। वर्तमान में देश के 6,671 रेलवे स्टेशनों पर केंद्रीकृत पॉइंट और सिग्नल संचालन वाली इंटरलॉकिंग प्रणाली स्थापित की जा चुकी है। इससे ट्रेनों के संचालन में सुरक्षा और दक्षता दोनों बढ़ी हैं।

रेल मंत्री ने कहा कि समपार फाटकों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए भी व्यापक कार्य किया गया है। देशभर में 10,395 लेवल क्रॉसिंग गेटों को इंटरलॉकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है, जिससे ट्रेन और सड़क यातायात के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है और दुर्घटनाओं की आशंका कम हुई है।

उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे सुरक्षा को लेकर लगातार नई तकनीकों को अपना रहा है और ट्रैक, सिग्नलिंग तथा परिचालन व्यवस्था में सुधार किए जा रहे हैं। सरकार का उद्देश्य रेल यात्रा को अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय और आधुनिक बनाना है। राज्यसभा में दिए गए इस जवाब के जरिए सरकार ने दावा किया कि सुरक्षा पर बढ़े निवेश, आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल और संरचनात्मक सुधारों का सकारात्मक प्रभाव रेलवे के सुरक्षा रिकॉर्ड में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

### पानी में बहीं गाड़ियां, सड़क-खेत डूबे, 50 की मौत

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी



देश के कई हिस्सें में भारी बारिश से गाड़ियां बह गई हैं। असम के कई हिस्से बाढ़ के कारण अभी भी जलमग्न हैं। 11 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। इससे 7.21 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। मरने वालों की संख्या 50 हो गई है। बाढ़ से प्रभावित जिले गोलाघाट, होजई, कामरूप, चराइदेव, जोरहाट, डिब्रूगढ़, शिवसागर, नागांव, कामरूप (मेट्रो), कार्बी आंगलोंग और तिनसुकिया हैं। कुल 37 राजस्व सर्कल और 883 गांव प्रभावित हुए हैं। 25,375.44 हेक्टेयर फसल बर्बाद हुई है।

**मोदी सरकार संवेदनशीलता के साथ छात्रों की समस्याओं का समाधान कर रही: भाजपा**

# सरकार संसद में हर नियम के तहत चर्चा के लिए तैयार है, पर कांग्रेस और राहुल गांधी बार-बार गोलपोस्ट बदलकर बहस से बच रहे हैं: त्रिवेदी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में मीडिया को संबोधित किया और कहा कि हाल ही में सरकार ने आंदोलनकारी छात्रों से वार्ता की, सोनम वांगचुक का अनशन समाप्त कराया, पेपर लीक के दोषियों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की घोषणा की तथा कठोर दंड संबंधी विषय पर कैबिनेट ने चर्चा की, जबकि विपक्ष चर्चा से बचकर राजनीतिक टकराव का वातावरण बना रहा है।

त्रिवेदी ने कहा कि केंद्र सरकार छात्रों और युवाओं की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी संवेदना के साथ प्रयत्नशील है। सभी ने देखा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोनम से मिलकर उन्हें आश्वस्त किया और उनका अनशन समाप्त करवाया। आज ही आंदोलनकारी छात्रों के साथ दूसरे दौर की वार्ता भी हुई। सरकार ने किसी भी प्रकार के अहम को मुद्दा न बनाते हुए सरकारी दफ्तर और आवास से बाहर जाकर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने पेपर लीक की घटनाओं के दोषियों को शीघ्र दंड सुनिश्चित करने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की घोषणा की थी। कैबिनेट ने भी इस अपराध में संलिप्त लोगों को कठोर दंड देने के प्रावधान पर चर्चा की। त्रिवेदी ने कहा कि एक ओर यह स्पष्ट करता है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ चरणबद्ध तरीके से हर दिशा और हर स्तर पर समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत है। वहीं र, विपक्ष का रवैया अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना और निंदनीय है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल बार-बार गोलपोस्ट बदलते हैं। कभी एक विषय उठाते हैं तो कभी दूसरा। सरकार ने स्पष्ट किया कि हम चर्चा के लिए तैयार हैं, तो फिर विपक्ष कहने लगा कि चर्चा अमुक नियम के तहत होनी चाहिए या किसी दूसरे नियम के तहत। सरकार खुले मन से इस विषय पर चर्चा के लिए तैयार है, इसलिए विपक्ष चर्चा से भागे नहीं। राहुल गांधी सदन के भीतर चर्चा करने के बजाय सड़क पर प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की नाटकीय भाव-भंगिमाओं से इस विषय की गरिमा और गंभीरता को समाप्त कर रहे हैं। त्रिवेदी ने कहा कि जहां तक नियमों का प्रश्न है, नियमानुसार सदन में होने वाली किसी भी चर्चा का उत्तर संबंधित विभागीय मंत्री ही देते हैं। इसलिए विपक्ष की यह मांग अत्यंत विचित्र है। एक ओर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एनडीए की सरकार छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए प्रयास कर रही है, वहीं विपक्ष चर्चा से बचते हुए कुटिलता के साथ अराजकता-घमासान करने का प्रयास कर रहा है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | GZB-SRE और SPR सेक्शन में G-जम्पर और PG क्लैम्प को बदलना। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 49,96,730.00/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 99,900/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 03.08.2026 (00:00 बजे) से 17.08.2026 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 17.08.2026 (15:00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 07041032 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 24–क.वि.–नई दिल्ली–2026–27 दिनांक: 24.07.2026 2558/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अगस्त से लागू होगा सीकेवाईसी 2.0! खाता खोलने और निवेश का तरीका बदलेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- अगस्त में शुरुआत बैंकों और बीमा कंपनियों में होगी फिर ब्रोकरेज कंपनियां जुड़ेगी

भारत में वित्तीय सेवाओं का इस्तेमाल अब पहले से कहीं ज्यादा आसान होने वाला है। सरकार और वित्तीय नियामकों की ओर से सेंट्रल नो योर कस्टमर 2.0 (सीकेवाईसी 2.0) सिस्टम लागू करने की तैयारी की जा रही है।

अगस्त से इसकी शुरुआत बैंकों और बीमा कंपनियों में होगी, जबकि बाद में म्यूचुअल फंड और ब्रोकरेज कंपनियां भी इससे जुड़ जाएंगी। इस नई व्यवस्था के बाद ग्राहकों को हर बार नया वित्तीय उत्पाद खरीदते समय या खाता खोलते समय बार-बार केवाईसी दस्तावेज जमा नहीं करने पड़ेंगे। सीकेवाईसी 2.0 के तहत ग्राहकों को केवल एक बार अपनी सहमति (कंसेंट) देनी होगी। इसके बाद बैंक, बीमा कंपनियां और अन्य वित्तीय संस्थान केंद्रीय रजिस्ट्री में मौजूद सत्यापित जानकारी को सीधे प्राप्त कर सकेंगे। इससे खाता खोलने, बीमा पॉलिसी लेने या अन्य वित्तीय सेवाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया काफी तेज और आसान हो जाएगी।

## सरकार और वित्तीय नियामकों की ओर से सेंट्रल नो योर कस्टमर सिस्टम लागू करने की तैयारी

### धोखाधड़ी रोकने और निवेश बढ़ाने में मिलेगी मदद

विशेषज्ञों का मानना है कि यह नई व्यवस्था सिर्फ ग्राहकों की सुविधा ही नहीं बढ़ाएगी, बल्कि वित्तीय धोखाधड़ी पर भी लगाम लगाने में मदद करेगी। एक ही जगह सत्यापित जानकारी उपलब्ध होने से फर्जी दस्तावेजों और डुप्लिकेट पहचान का जोखिम कम होगा। सीकेवाईसी 2.0 से म्यूचुअल फंड उद्योग को बड़ा फायदा मिल सकता है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पास ही करीब 50 करोड़ बैंक खाते हैं। यदि इनमें से थोड़े से पात्र ग्राहक भी आसानी से निवेश शुरू करते हैं, तो म्यूचुअल फंड उद्योग का निवेशक आधार तेजी से बढ़ सकता है।




*ओटीपी के जरिए मंजूरी लेनी होगी : सीकेवाईसी 2.0 में हर रिकॉर्ड के साथ एक 'कॉन्फिडेंस स्कोर' होगा, जिससे यह पता चलेगा कि ग्राहक की जानकारी कितनी भरोसेमंद है और उसे किसी वित्तीय संस्था ने सत्यापित किया है या नहीं। किसी भी संस्था को ग्राहक का रिकॉर्ड देखने के लिए ओटीपी के जरिए उसकी मंजूरी लेनी होगी।*

### बार-बार केवाईसी कराने की झंझट होगी खत्म

अभी किसी व्यक्ति को बैंक खाता खोलने, म्यूचुअल फंड में निवेश करने, बीमा खरीदने या अन्य वित्तीय सेवाओं का लाभ लेने के लिए अलग-अलग संस्थानों में बार-बार केवाईसी दस्तावेज जमा करने पड़ते हैं। हालांकि देश में करीब 120 करोड़ रिकॉर्ड वाली केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री पहले से मौजूद है, लेकिन उसमें डुप्लिकेट रिकॉर्ड, अधूरी जानकारी और डेटा की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठते रहे हैं। इसी वजह से कई संस्थान उस डेटा पर पूरी तरह भरोसा नहीं करते।

### आरबीआई, सेबी व इरडा मिलकर लागू कर रहे

यह परियोजना भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और बीमा नियामक इरडा मिलकर लागू कर रहे हैं। फिलहाल बैंक और बीमा कंपनियों को इससे जोड़ा जा रहा है, जबकि म्यूचुअल फंड और ब्रोकरेज कंपनियों को इस साल के अंत तक इसमें शामिल किए जाने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### हिंदुस्तान जिंक का शुद्ध लाभ दोगुने से अधिक




**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में दोगुने से अधिक होकर 5,469 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 2,234 करोड़ रुपये था।

### नित्यास जेम्स को सेबी से आईपीओ लाने की मंजूरी



**नई दिल्ली।** नित्यास जेम्स एंड ज्वेलरी लिमिटेड और इंटेलियस रिकोड लिमिटेड को आईपीओ के जरिये धन जुटाने के लिए सेबी से मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक के शुक्रवार के अद्यतन से यह जानकारी मिली। नित्यास जेम्स एंड ज्वेलरी ने मार्च में मसौदा दस्तावेज दाखिल किए थे और उसे 23 जुलाई को सेबी की मंजूरी मिली।

### मणिपाल हेल्थ का आईपीओ 29 जुलाई को खुलेगा



**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख अस्पताल श्रृंखलाओं में शामिल मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज लिमिटेड का 9,275 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 29 जुलाई को खुलेगा। शुक्रवार को जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार, आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 560-590 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक नई योजना की घोषणा की

# 3 बड़े केमिकल पार्कों की स्थापना के लिए 3,030 करोड़ की योजना मंजूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीन बड़े केमिकल पार्कों की स्थापना के लिए शुक्रवार को 3,030 करोड़ रुपये की एक नई योजना की घोषणा की। इसके जरिए भारत को रसायन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस फैसले की जानकारी दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 'भारत औद्योगिक विकास योजना रसायन' (भव्य-रसायन) को मंजूरी दी गई। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में घोषित इस योजना की कुल लागत 3,030 करोड़ रुपये है। इसमें से 3,000 करोड़ रुपये साझा अवसंरचना एवं बुनियादी सुविधाओं के विकास पर खर्च किए जाएंगे, जबकि 30 करोड़ रुपये प्रशासनिक व्यय के लिए निर्धारित हैं। यह योजना वर्तमान वित्त वर्ष से शुरू होकर 2030-31 तक पांच वर्षों के लिए लागू रहेगी।

- देश को रसायन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य
- 'भारत औद्योगिक विकास योजना रसायन' को मंजूरी दी गई
- यह योजना वर्तमान वित्त वर्ष से शुरू होकर पांच वर्षों के लिए लागू रहेगी



### केवल बुनियादी ढांचे के लिए केंद्रीय मदद होगी

वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि कम-से-कम 2,000 एकड़ क्षेत्र में स्थापित होने वाले एक केमिकल पार्क में 20,000 करोड़ रुपये से 50,000 करोड़ रुपये तक का निवेश हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह योजना निवेश जुटाने में गुणक का काम करेगी। उन्होंने ने कहा कि कुल निवेश योजना के लिए निर्धारित राशि से कहीं अधिक होगा, क्योंकि 3,030 करोड़ रुपये केवल बुनियादी ढांचे के लिए केंद्रीय मदद है।

### रोजगार सृजन को बढ़ावा देगी

सरकार ने कहा कि यह योजना घरेलू एवं विदेशी निवेश आकर्षित करेगी, उत्पादन क्षमता बढ़ाएगी और रोजगार सृजन को बढ़ावा देगी। इन पार्कों में सीईटीपी, टीएसडीएफ, जल आपूर्ति प्रणाली, सॉल्वेंट रिकवरी, स्टीम नेटवर्क, पाइपलाइन नेटवर्क, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

### 2,000 एकड़ भूमि की उपलब्धता जरूरी

वैष्णव ने कहा कि इन पार्कों का विकास राज्यों के साथ 'चैलेंज रूट' के तहत किया जाएगा और हरेक पार्क के लिए न्यूनतम आठ वर्ग किलोमीटर (करीब 2,000 एकड़) निर्बाध भूमि की उपलब्धता जरूरी होगी। ये पार्क ग्रीनफील्ड (नई) या ब्राउनफील्ड (पुरानी) दोनों तरह के हो सकते हैं, जिसका चयन राज्य सरकारें करेंगी। वैष्णव ने कहा कि रसायन क्षेत्र अर्थव्यवस्था का एक 'आधारभूत' क्षेत्र है, जो कई उद्योगों को कच्चा माल उपलब्ध कराता है।

### प्रत्येक पार्क को 1000 करोड़ तक का अनुदान देगी


केंद्र सरकार इस योजना के तहत स्थापित होने वाले प्रत्येक पार्क के लिए अधिकतम 1,000 करोड़ रुपये तक का अनुदान देगी। हालांकि संबंधित राज्य सरकार के लिए कम-से-कम 500 करोड़ रुपये का योगदान करना जरूरी होगा। सरकार ने कहा कि इस योजना से रसायन उद्योग की समूची मूल्य श्रृंखला का विकास होगा, संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा और लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी।

### रसायन उद्योग का टिकाऊ विकास होगा

सरकार ने कहा, /"इन पार्कों की स्थापना से रसायन उद्योग का टिकाऊ विकास होगा और इसके प्रभाव से कृषि, वस्त्र, दवा, वाहन एवं इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में भी विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# सरकार ने 'बिटचैट' को हटाने का गिटहब को दिया आदेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- बिटचैट ब्लूटूथ आधारित संदेश ऐप है
- गृह मंत्रालय के साइबर अपराध प्रकोष्ठ ने दिया आदेश

गृह मंत्रालय के साइबर अपराध प्रकोष्ठ भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने माइक्रोसॉफ्ट की अनुषंगी कंपनी गिटहब को ब्लूटूथ-आधारित संदेश ऐप 'बिटचैट' हटाने का आदेश दिया है। यह जानकारी एक नोटिस से मिली।

ऐप के डेवलपर और ट्विटर के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जैक डोर्सी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर नोटिस की प्रति साझा करते हुए लिखा, ''भारत सरकार को 'बिटचैट' जैसी प्रौद्योगिकी पसंद नहीं है और वह इसे हटाना चाहती है। इस संबंध में आई4सी को भेजे गए सवाल का तत्काल कोई जवाब नहीं मिला। आई4सी ने अपने नोटिस में कहा कि यह ऐप नेटवर्क प्रतिबंधों के दौरान भी संचार की सुविधा देता है और इसका दुरुपयोग राष्ट्रविरोधी तत्वों, आतंकवादी संगठनों, संगठित आपराधिक गिरोहों तथा साइबर अपराधियों द्वारा कानून प्रवर्तन एजेंसियों की निगरानी से बचने एवं कानूनी प्रतिबंधों के बावजूद संपर्क बनाए रखने के लिए किया जा सकता है।

बिटचैट' का उल्लेख करते हुए आई4सी ने कहा कि गिटहब मंच पर उपलब्ध यह ऐप कानून के तहत प्रतिबंधित है या किसी गैरकानूनी गतिविधि को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल की जा रही है। आई4सी ने कहा कि उसने ऐसे कई ऐप की पहचान की है जो मोबाइल नेटवर्क, इंटरनेट संपर्क या केंद्रीकृत सर्वर पर निर्भर हुए बिना ब्लूटूथ 'मेश नेटवर्क' के जरिये विकेंद्रीकृत एक उपकरण से दूसरे उपकरण में संदेश सेवा उपलब्ध कराते हैं।

### ऐप गुमनाम संचार की सुविधा देता है

नोटिस के अनुसार, यह ऐप अनिवार्य पंजीकरण, मोबाइल नंबर सत्यापन या संदेशों का केंद्रीकृत रिकॉर्ड रखे बिना गुमनाम संचार की सुविधा देता है। इसकी तकनीकी संरचना के कारण कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए वैध निगरानी, उपयोगकर्ता की पहचान और जांच करना काफी कठिन हो जाता है।

## भारत, इजराइल के बीच एफटीए पर दूसरे दौर की बातचीत पूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इजराइल के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर दूसरे दौर की वार्ता इस सप्ताह संपन्न हो गई। इसमें वस्तुओं एवं सेवाओं के व्यापार, उत्पत्ति के नियम, व्यापार में तकनीकी बाधाएं, बौद्धिक संपदा अधिकार, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं और व्यापार सुगमता सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। यह वार्ता 20 से 23 जुलाई के बीच नयी दिल्ली में आयोजित की गई। वाणिज्य मंत्रालय ने बयान में कहा, ''चर्चा रचनात्मक और भविष्योन्मुखी रही। दोनों पक्षों ने मतभेद कम करने और सहमति वाले क्षेत्रों की पहचान करने के उद्देश्य से विभिन्न तकनीकी विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। मंत्रालय ने कहा कि भारत और इजराइल के बीच कई क्षेत्रों में परस्पर पूरकता है और प्रस्तावित एफटीए द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने तथा आर्थिक एकीकरण को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञों ने वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार, उत्पत्ति के नियम, स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता उपाय, व्यापार में तकनीकी बाधाएं, बौद्धिक संपदा अधिकार, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं एवं व्यापार सुगमता, आर्थिक सहयोग तथा प्रस्तावित समझौते के अन्य अध्यायों पर अलग-अलग तकनीकी सत्र आयोजित किए।

## दिल्ली में सोना 2,000 रुपये टूटा, चांदी 5,000 रुपये सस्ती

- सोना टूटकर 1.47 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी लुढ़कर 2,24,700 रुपए प्रति किलोग्राम रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 2,000 रुपये टूटकर 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रही। कारोबारियों की मुनाफावसूली के कारण सोने की कीमत में गिरावटआई। कारोबारियों के अनुसार 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,000 रुपये घटकर 1,47,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही। यह लगातार दूसरे दिन की गिरावट है। बीते दिन सोना 1,49,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। भारी बिकवाली के कारण चांदी की कीमत भी 5,000 रुपये टूटकर 2,24,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। पिछले सत्र में यह 2,29,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन गिरावट, सेंसेक्स 332 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- खाड़ी युद्ध का बढ़ता तनाव और अमेरिकी शुल्क से उपजी चिंता प्रमुख कारण
- कच्चे तेल के दाम में मजबूती, एफआईआई की मुनाफावसूली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और अमेरिका के नए व्यापार शुल्क से उपजी चिंताओं के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार पांचवें सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 332 अंक गिर गया जबकि निफ्टी 102 अंक नुकसान में रहा।

विश्लेषकों के मुताबिक, कच्चे तेल के दाम में मजबूती कायम रहने, विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में बिकवाली से धारणा नकारात्मक रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 331.62 अंक गिरकर 76,059.77 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 916.96 अंक यानी 1.20 प्रतिशत लुढ़ककर 75,474.43 तक गिर गया था। वहीं निफ्टी 102.15 अंक यानी 0.43 प्रतिशत फिसलकर 23,767.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स और इन्फोसिस प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, एचसीएल टेक, आईटीसी, एक्सिस बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

### बेंट क्रूड 100 डॉलर के पार

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.66 प्रतिशत गिरकर 96.98 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। हालांकि पिछले सत्र में यह 100 डॉलर के पार चला गया था। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.46 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.08 प्रतिशत की मामूली तेजी रही।

## कैलिबर माइनिंग का निर्गम 19 फीसदी चढकर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** कैलिबर माइनिंग एंड लॉजिस्टिक्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 424 रुपये के मुकाबले लगभग 19% बढ़त के साथ बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 18.86 प्रतिशत की बढ़त के साथ 504 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 19.75% चढ़कर 507.75 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर 17.98 प्रतिशत की बढ़त के साथ 500.25 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 3,178.90 करोड़ रहा। कैलिबर माइनिंग एंड लॉजिस्टिक्स के आईपीओ का मंगलवार को बोली के अंतिम दिन 146.64 गुना अभिदान मिला था।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं0 1:**– ई–निविदा सूचना सं0 एवं निविदा कार्य का विवरण: टेण्डर नं.– "15–जीकेपी–एमडब्लूएस–2026–27" कॉम्प्रिहेन्सिव ए.एम.सी. ऑफ व्हील प्रेस, कैप. 500 टन मेक इलेक्ट्रो न्यूमैटिक्स (एस.ओ. नं. 11000229), कवानटिटी–01 नं. फॉर 3 ईयर एट जीकेपीएस. अनुमानित लागत (रू0में): ₹2960856.00, धरोहर राशि(रू0में): ₹59200.00, निविदा प्रपत्र का मूल्यः–रू शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधिः 11.00 बजे, 14.08.2026, संविदा की अवधिः 36 मन्थस उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखें। उप मुख्य यांत्रिक इंजी./रिपेयर, यांत्रिक मुजाधि/यांत्रिक–59 कारखाना, गोरखपुर

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

## राशिफल

**मेष:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष:** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह:** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या:** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला:** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ:** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन:** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## मस्क को लगा 1 ही दिन में 44.4 अरब डॉलर का बड़ा झटका

### टेस्ला और स्पेसएक्स के शेयर धड़ाम, 6% तक आई गिरावट




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एलन मस्क की कंपनी टेस्ला के शेयरों में गुरुवार को करीब 5 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं, स्पेसएक्स के शेयर 6 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए। इससे मस्क को एक ही दिन में 44.4 अरब डॉलर का बड़ा झटका लगा। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक अब दुनिया के इस सबसे अमीर व्यक्ति की कुल संपत्ति 745 अरब डॉलर रह गई है। कुछ दिन पहले ही मस्क ट्रिलियनेयर बने थे। टेस्ला के शेयरों में गिरावट उस वक्त हुई जब कंपनी ने अप्रैल से जून तिमाही के मिले-जुले नतीजे पेश किए। हालांकि, कंपनी का रेवेन्यू उम्मीद से बेहतर रहा, लेकिन मुनाफे में बड़ी कमी और निगेटिव फ्री कैश फ्लो ने निवेशकों का भरोसा कम कर दिया। विस्तारित कारोबार में टेस्ला के शेयर 4.4 प्रतिशत गिरकर 374.01 डॉलर पर आ गए। नियमित कारोबार में भी शेयर 1.3 प्रतिशत लुढ़का और साल 2026 में अब तक यह 15 प्रतिशत नीचे आ चुका है। एक और बड़ी चिंता टेस्ला का निगेटिव कैश फ्लो रहा। इस तिमाही में 1.1 अरब डॉलर की कमी आई, जबकि पिछले साल यह 146 मिलियन डॉलर सकारात्मक था और पिछली तिमाही में 1.44 अरब डॉलर था। साथ ही, इस तिमाही में कंपनी का कैपेक्स दोगुने से भी अधिक बढ़कर 5.79 अरब डॉलर हो गया, जो सालाना आधार पर 142 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। टेस्ला के सीएफओ वैभव तनेजा ने बताया कि 2026 और उसके बाद भी कंपनी का परिचालन खर्च बढ़ता रहेगा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 6297




**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल, समय, पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु, मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र, बेटा-3
14. क्षार, खारा-2
15. दर, मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा, भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी, सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन, परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त, निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर, द्वेष-2
2. सद्पुरुष, अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा, धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय, खौफ-2
20. वेग, गति-3
21. मुंह, चेहरा-2
22. पैर, ओहदा-2
23. वर्धनशील, बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी, कंद-5
25. सभागार, सभाकक्ष-5
26. भयंकर, खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर, डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय, प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

### शब्द पहेली- 6296 का हल





# राष्ट्रमंडल खेल : 50 मीटर बैकस्ट्रोक के सेमीफाइनल में पहुंचे श्रीहरि नटराज

एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो

भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में संयुक्त 14वें स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। दो बार के ओलंपियन और कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके नटराज ने 25.52 सेकंड का समय निकाला।

उन्होंने बरमूडा के जैक हार्वे के साथ संयुक्त 14वां स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल के लिए हीट से शीर्ष-16 तैराकों का चयन किया गया। नटराज अपनी आठ



खिलाड़ियों वाली हीट में पांचवें स्थान पर रहे। पैरा तैराकी में भारत के आरवीवीबीके बुडिगिना और इमाम अली ने पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल एस13 वर्ग के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

हीट में हिस्सा लेने वाले सभी आठ तैराक फाइनल में पहुंचे। बुडिगिना ने 57.10 सेकंड के समय के साथ हीट में तीसरा स्थान हासिल किया जबकि इमाम अली 1:05.32 सेकंड के समय के साथ आठवें स्थान पर रहे। एस13 वर्ग दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए निर्धारित पैरा तैराकी श्रेणी है।

# जूडो टीम में उथल-पुथल, अरुण के बाद तूलिका मान बाहर

## ठिकाने की जानकारी देने में नाकाम रहने के बाद तूलिका निलंबित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता जूडोका तूलिका मान को पिछले 12 महीनों में तीन बार रहने के स्थान की जानकारी देने में नाकाम रहने के कारण अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है, जिससे उन्हें ग्लासगो में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों से भारतीय टीम से हटा दिया गया है। तूलिका (27 वर्ष) ने 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 78 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में रजत पदक जीता था और इस बार भी वह पदक की प्रबल दावेदार थीं। अब उन पर दो साल के प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है।



### देश की सबसे सफल जूडो खिलाड़ियों में से एक है तूलिका

तूलिका देश की सबसे सफल जूडो खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, जहां उनका अभियान राउंड ऑफ 32 में समाप्त हो गया था। उन्होंने 2022 और 2024 विश्व जूडो चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया था। भारतीय जूडो टीम अभी तक राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रवाना नहीं हुई है क्योंकि उनकी प्रतियोगिताएं 31 जुलाई से शुरू होंगी। टीम के जूडो खिलाड़ियों को 27 जुलाई को रवाना होना है।

### राष्ट्रमंडल खेलों से हटाई जाने वाली दूसरी जूडो खिलाड़ी

एक जूडो कोच ने कहा, 'वह 12 महीनों के भीतर तीन बार रहने के स्थान की जानकारी देने में नाकाम रहीं और नाडा ने उन्हें नोटिस भेजा है। इसलिए उन्हें टीम से बाहर किया जाएगा।' इस तरह दिल्ली की यह खिलाड़ी ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों से हटाई जाने वाली दूसरी जूडोका बन गईं। गुरुवार को एक अन्य भारतीय जूडोका अरुण कुमार (73 किग्रा से कम वजन वर्ग में) को भी हटा दिया गया क्योंकि वह प्रतियोगिता से बाहर की गई डोप जांच में विफल पाए गए। नाडा ने उनके शरीर में एनाबॉलिक स्टेरॉयड पाए जाने के बाद उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया।

## खबर संक्षेप



### फिडे के अंतरिम अध्यक्ष बने आनंद

**नई दिल्ली।** पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे के अंतरिम अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है, क्योंकि इसके प्रमुख अर्काडी ड्वोरकोविच को यूरोपीय संघ ने प्रतिबंधित व्यक्तियों की सूची में शामिल कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने प्रतिबंध हटने तक अपना पद छोड़ दिया है। यूरोपीय संघ ने यह प्रतिबंध रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के संदर्भ में लगाया है। आनंद 2022 से फिडे के उपाध्यक्ष हैं। फिडे ने कहा, 'अर्काडी ड्वोरकोविच के फिडे अध्यक्ष के रूप में अपने अधिकारों, कर्तव्यों और विशेषाधिकारों से हटने के फैसले को फिडे परिषद स्वीकार करती है।' बयान में कहा गया है, 'फिडे चार्टर के अनुच्छेद 19.2 के अनुसार जब तक ड्वोरकोविच पर प्रतिबंध लगा रहता है तब तक फिडे के उपाध्यक्ष विश्वनाथन आनंद अंतरिम अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे।' इस बीच ड्वोरकोविच ने कहा कि यूरोपीय संघ का फैसला अनुचित है।

### ऑस्ट्रेलिया कर रहा भारत में एशेज टेस्ट कराने की तैयारी

CRICKET AUSTRALIA

**मेलबर्न।** इस साल के आखिर में चेन्नई में बिग बैश लीग कराने के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया भविष्य में भारत में एशेज टेस्ट भी कराने की सोच रहा है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने फिलहाल किसी योजना से इनकार किया। आस्ट्रेलिया दिसंबर में चेन्नई में बिग बैश लीग के पहले मैच की मेजबानी करेगा। ग्रीनबर्ग ने कहा,' इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और बीसीसीआई से हमारे रिश्ते मजबूत हैं। साफ तौर पर भारत में कुछ और क्षेत्रों में और कंटेंट लाने की जरूरत है।' उन्होंने कहा,' फिलहाल तो कोई योजना नहीं है लेकिन इस पर विचार किया जा सकता है। भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच टेस्ट अभी भी काफी मजबूत है। हम इसे और मजबूत बनाने की कोशिश करते रहेंगे।'

### एफएमएससीआई को मिला राष्ट्रीय खेल महासंघ का दर्जा

fmsci
The Federation of Motor Sports Clubs of Inc

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब्स ऑफ इंडिया (एफएमएससीआई) को राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के रूप में अस्थायी रूप से मान्यता दे दी है और भारत में फॉर्मूला वन रेस वापिस लाने के लिए सरकार के साथ काम कर रही संस्था के लिए यह बड़ा कदम है। सरकार भारत में फॉर्मूला वन की वापसी के लिए प्रयासरत है और इसे देखते हुए यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे दोनों निकायों के बीच बेहतर समन्वय को बढ़ावा मिलेगा। एफएमएससीआई ने इस साल 11 जून को मान्यता के लिए आवेदन किया था।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ आज शाम 4.30 बजे से मुकाबला

# दूसरे टी20 में अजेय बढ़त पर भारत की नजर

एजेंसी ▶▶| हरारे

कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में अपनी पहली जीत से वापसी की राह पर अग्रसर भारत शनिवार को होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश करते हुए जिम्बाब्वे के खिलाफ अजेय बढ़त हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। आयरलैंड (0-2) और इंग्लैंड (0-4) से हारने के बाद तीन बार के टी20 विश्व कप विजेता भारत ने गुरुवार को 3 मैच की श्रृंखला के पहले मैच में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जिम्बाब्वे को 7 विकेट से हराकर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जिम्बाब्वे ने हाल में अपने घरेलू मैदानों पर अच्छा प्रदर्शन किया था। भारत ने सूर्यवंशी के अर्धशतक, इशान किशन के 35 रन और कप्तान अय्यर की 28 रन की नाबाद पारी की बदौलत 6 ओवर और 7 विकेट शेष रहते हुए 126 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर दिया।



### सीरीज के कोच लक्ष्मण ने बिठाया तालमेल

वीवीएस लक्ष्मण इस श्रृंखला में मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे हैं। भारत ने परिस्थितियों से अच्छी तरह से तालमेल बिठाया। तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने भी इस मैच में अच्छा प्रदर्शन किया और 29 रन देकर 2 विकेट लिए। अशोक शर्मा ने भी अपनी गति से प्रभावित किया लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। लेकिन सबसे बड़ी उपलब्धि दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मयंक की शीर्ष स्तरीय क्रिकेट में सफल वापसी थी, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद चोटिल के कारण लगभग दो साल मैदान से बाहर रहे। पहले मैच में मयंक की गति और नियंत्रण दोनों ही बेहतरीन थे, जिसमें जिम्बाब्वे के प्रमुख बल्लेबाज ब्रायन बेनेट को बाहर की तरफ स्विंग लेने वाली गेंद पर आउट करना महत्वपूर्ण था।

### पहले मैच में नहीं चल पाए अभिषेक


दो साल पहले हरारे स्पोर्ट्स क्लब में अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करते हुए अपने दूसरे ही मैच में ही शतक बनाने वाले अभिषेक शर्मा पहले मैच में नहीं चल पाए थे और वह उसकी भरपाई करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। सूर्यवंशी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में अर्धशतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड बनाया। इस युवा बल्लेबाज को इससे काफी राहत मिली होगी, क्योंकि इंग्लैंड दौरे पर उन्हें विशेष रूप से शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया जा रहा था। भारतीय टीम प्रबंधन हालांकि बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से ज्यादा युवा तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामूहिक प्रयास से खुश होगा।

### जिम्बाब्वे के बल्लेबाज रहे नाकाम

जिम्बाब्वे को पावरप्ले में जरूरत से ज्यादा विकेट गंवाने का अफसोस रहेगा। उसके बल्लेबाज भारतीय तेज गेंदबाजों का सामना करने में नाकाम रहे और भारत के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य नहीं रख पाए। इस श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा। मैच का समयः शाम 4:30 बजे

## विश्व जूनियर स्क्वाश

# अनाहत की लगातार दूसरी बार सेमीफाइनल में एंट्री



एजेंसी ▶▶| ओंटारियो

उभरती खिलाड़ी और शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह ने अपने धैर्य और कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए 4 गेम तक चले मैच में जीत दर्ज करके विश्व जूनियर स्क्वाश व्यक्तिगत चैंपियनशिप के महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। महिला रैंकिंग में विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने क्वार्टरफाइनल में मिस्त्र की हबीबा रिज्क को 11-7, 11-5, 6-11, 11-9 से हराया।

इस प्रतियोगिता में पिछले साल कांस्य पदक जीतने वाली अनाहत इस तरह से विश्व जूनियर चैंपियनशिप में लगातार दो बार सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। दिल्ली की रहने वाली यह खिलाड़ी खिताब जीतने की प्रबल दावेदार बनी हुई है। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला मिस्त्र की बार्ब समेह से होगा।

## उपलब्धि

# टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने बटलर

क्रिस गेल का तोड़ा रिकॉर्ड



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर टी20 क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। बटलर ने इस मामले में वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया है। बटलर ने यह मुकाम द हंड्रेड टूर्नामेंट में हासिल किया। उन्होंने मैनचेस्टर सुपर जायंट्स की तरफ से खेलते हुए लंदन स्पिरिट के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 11 गेंदों में 16 रनों की पारी खेलने के साथ ही यह मुकाम हासिल किया।

### बटलर के नाम अब टी20 क्रिकेट में 14,572 रन दर्ज

*बटलर के नाम अब टी20 क्रिकेट में 14,572 रन दर्ज हो गए हैं। बटलर क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 9 शतक और 102 अर्धशतक लगा चुके हैं। उन्होंने 16 रन बनाने के साथ ही क्रिस गेल को पीछे छोड़ा। गेल ने टी20 क्रिकेट में खेली 455 पारियों में 14,562 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 22 शतक और 88 अर्धशतक निकले हैं। टी20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड कीरोन पोलार्ड के नाम है, जिन्होंने 663 पारियों में 14,803 रन बनाए हैं। पोलार्ड ने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 2 शतक और 70 अर्धशतक लगाए हैं।*

# लॉन बॉल्स महिला पेयर्स में भारत की लगातार दूसरी जीत

**ग्लास्गो (भाषा)।** भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों में लॉन बॉल्स की महिला पेयर्स स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की तो वहीं पुरुष एकल के दूसरे दौर में पुतुल सोनोवाल ने कड़े मुकाबले में फॉकलैंड द्वीपसमूह के सेसिल अलेक्जेंडर को टाई-ब्रेक में हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी रूपा रानी टिर्की (लीड) और पिंकी सिंह (स्किप) ने स्कॉटिश इवेंट कैंपस (एसईसी) हॉल-3 में खेले गए सेक्शन बी के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की जोड़ी थाबेलो मुव्हांगो (लीड) और जैकी जैनसे वैन रेंसबर्ग (स्किप) को 2-0 से हराया। भारत ने दोनों सेट 6-4 और 7-5 से अपने नाम किए। दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों ने कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन भारतीय जोड़ी ने पूरे मुकाबले में बेहतर नियंत्रण बनाए रखा। इस जीत के साथ भारत सेक्शन बी की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। इससे पहले बृहस्पतिवार को भारत ने अपने शुरुआती मुकाबले में माल्टा को रोमांचक टाई-ब्रेकर में मात दी थी। रूपा रानी और पिंकी दोनों 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली महिला फोर टीम का हिस्सा थीं। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में लॉन बॉल्स कार्यक्रम से पुरुष और महिला फोर स्पर्धाओं को हटा दिया गया है। इस बार ग्लास्गो खेलों में पुरुष और महिला एकल तथा पेयर्स स्पर्धाओं को शामिल किया गया है। भारत ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष फोर स्पर्धा में रजत पदक भी जीता था। पुरुष एकल वर्ग के सेक्शन-डी के दूसरे दौर में असम पुलिस के अधिकारी सोनोवाल को फॉकलैंड द्वीपसमूह के सेसिल अलेक्जेंडर के खिलाफ जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा।

# अंडर-20 विश्व कुश्ती प्रतियोगिता में दमखम दिखाएंगे सविता व प्रिंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंडर-20 विश्व कुश्ती प्रतियोगिता में जिले के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। शुक्रवार को साई केंद्र लखनऊ में ट्रायल आयोजित किए गए। 82 किलो ग्रीको रोमन में प्रिंस का चयन हुआ है। दोनों खिलाड़ी 16 से 23 अगस्त तक स्लोवाकिया में आयोजित विश्व कुश्ती प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रिंस जिले के गांव समर गोपाल पुर का निवासी है। सविता जिले के छोटूराम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती है। इससे पहले सविता ने अभी कुछ दिन पहले



सविता



प्रिंस

अंडर-20 एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था। कोच मनदीप ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। फाइनल सिलेक्शन ट्रायल प्रतियोगिता में प्रिंस ने आशु दलाल को हराकर भारतीय कुश्ती टीम में अपना स्थान पक्का किया। प्रिंस 12वीं बार अंतरराष्ट्रीय स्तर अपने देश का प्रतिनिधित्व करेगा, जिसमें से प्रिंस 2 सीनियर लेवल पर और 1 जूनियर लेवल पर अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुका है। प्रिंस लगभग पिछले 10 साल से सोनीपत जिले के सफियाबाद गांव स्थित स्वामी भूमानंद कुश्ती अकादमी में रहकर अभ्यास कर रहा है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर महाराज अच्युतानंद ने उन्हें आशीर्वाद दिया। साथ ही स्वामी भूमानंद कुश्ती अकादमी, सफियाबाद (सोनीपत) में रेलवे के कोच सुरेन्द्र कादयान, कोच नितिन शर्मा, कोच सचिन शर्मा, अमित, अंकुश शर्मा, सुमित गूंगा और अंतर्राष्ट्रीय पहलवान रवि शर्मा ने प्रिंस पहलवान को बधाई दी।

## एशियन गेम्स के लिए क्रिकेट का शेड्यूल जारी

# सीधे नॉकआउट खेलेंगे भारत और पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मौजूदा चैंपियन भारत और पाकिस्तान की पुरुष और महिला क्रिकेट टीम को जापान में होने वाले एशियाई खेलों में सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह दी गई है।

भारतीय महिला टीम जापान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जबकि पुरुष टीम का मुकाबला प्रारंभिक चरण के मैच के बाद तय होगा। सेमीफाइनल में भारतीय महिला टीम का सामना बांग्लादेश या चीन में से किसी एक टीम से होगा। भारतीय पुरुष टीम सेमीफाइनल में पाकिस्तान का सामना कर सकती है।



### टी20 प्रारूप में होंगे मैच

एशियाई खेलों में पुरुषों की क्रिकेट प्रतियोगिता 24 सितंबर को शुरू होगी और उसका फाइनल मैच 1 अक्टूबर को खेला जाएगा। महिलाओं की प्रतियोगिता 17 से 22 सितंबर तक होगी। भारतीय महिला टीम फाइनल में पाकिस्तान से भिड़ सकती है। पुरुषों की प्रतियोगिता में 10 टीमें भाग ले रही हैं। प्रारंभिक चरण में ग्रुप ए में अफगानिस्तान, जापान और नेपाल तथा ग्रुप बी में हांगकांग, चीन, मलेशिया और ओमान शामिल होंगे। दोनों प्रतियोगिताएं आइची प्रांत के कोरोजी एथलेटिक पार्क में टी20 प्रारुप में खेली जाएंगी।

### अय्यर और हरमनप्रीत करेंगे कप्तानी

*श्रेयस अय्यर भारतीय पुरुष टीम की, जबकि हरमनप्रीत कौर भारतीय महिला टीम की कप्तानी करेंगी। क्रिकेट चौथी बार एशियाई खेलों के कार्यक्रम का हिस्सा है। इससे पहले यह 2010 में ग्वांगझू, 2014 में इंचियोन और 2023 में हांगझोऊ खेलों का हिस्सा था।*

### भारत ने 2023 में जीता था गोल्ड

*भारत ने 2023 के एशियाड में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए गोल्ड मेडल जीता था। पुरुषों का फाइनल बारिश की वजह से रद्द हो गया था। अफगानिस्तान के मुकाबले भारत की बेहतर रैंकिंग के कारण गोल्ड मेडल मिला। महिलाओं के इवेंट में भारत ने फाइनल में श्रीलंका को 19 रन से हराया था।*


सीटीओ डॉ. वी. रामानुजाचारी (बाएं) और सीईओ सौरभ झा

भारतीय एयरोस्पेस स्टार्टअप डी-प्रोपल्स ने रचा इतिहास

# दुनिया के सबसे एडवांस सुपरसोनिक मिसाइल इंजन बुनियादी परीक्षण में पूरी तरह रहा सफल

इस तकनीक का इस्तेमाल भविष्य की मिसाइलों, अनमैन्ड एरियल व्हीकल (यूएवी) हाई-स्पीड एयरक्राफ्ट और एडवांस्ड प्रोपल्शन सिस्टम के लिए हो सकता है। दुनिया के कुछ ही एडवांस देश इस टेक्नोलॉजी पर काम कर रहे हैं

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भारतीय एयरोस्पेस स्टार्टअप डी-प्रोपल्स ने इतिहास रचते हुए दुनिया के सबसे एडवांस मिसाइल इंजन का टेस्ट किया है। यह इंजन भारत के रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह आईआईटी मद्रास (आईआईटी-मद्रास) की तरफ से इनक्यूबेटेड एक स्टार्टअप है जिसने अपने 5 किलोन्यूटन एयर-ब्रीदिंग रोटेटिंग डेटोनेशन इंजन (आरडीई) का एक सरकारी परीक्षण रिग डीआरडीओ फैसिलिटी में सफल परीक्षण पूरा किया है। एयरोस्पेस कंपनी के फाउंडर और सीईओ सौरव झा ने कहा कि इंजन ने अब टीआरएल-5 स्तर को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है।

एयर-ब्रीदिंग रोटेटिंग डेटोनेशन इंजन (आरडीई) का टेस्ट

इंजन बुनियादी परीक्षण पूरा कर प्रोटोटाइप रूप में प्रमाणित

### इसका थ्रस्ट क्रूज मिसाइल के बराबर

यह इंजन भविष्य का इंजन है। इसे सुपरसोनिक मिसाइलों से ज्यादा स्पीड वाली मिसाइलों में इस्तेमाल किया जाएगा। यानि ब्रह्मोस से ज्यादा रफ्तार वाली मिसाइलों में इसका इस्तेमाल हो सकता है। कम हवा के प्रवाह में भी इस इंजन ने स्थिरता के साथ 5 किलोन्यूटन दमदार थ्रस्ट पैदा किया है। यह थ्रस्ट एक छोटी क्रूज मिसाइल के इंजन के बराबर माना जाता है। तकनीक का इस्तेमाल भविष्य की मिसाइलों, अनमैन्ड एरियल व्हीकल (यूएवी), हाई-स्पीड एयरक्राफ्ट और एडवांस्ड प्रोपल्शन सिस्टम के लिए हो सकता है।

### आरडीई तकनीक पर आधारित है यह इंजन

सौरव झा ने बताया कि पारंपरिक जेट इंजन ईंधन को धीरे-धीरे जलाते हैं लेकिन आरडीई तकनीक में ईंधन को लगातार होने वाले सुपरसोनिक धमाकों के जरिए जलाया जाता है। इससे इंजन की ऊर्जा क्षमता 25% या उससे ज्यादा बढ़ जाती है और इंजन में चलने वाले पुर्जे बहुत कम हो जाते हैं जिससे मैकेनिकल जटिलता खत्म होती है। आम रॉकेट या मिसाइल इंजन के नोजल घंटी के आकार के होते हैं जो सिर्फ एक निश्चित ऊंचाई पर ही बेस्ट परफॉर्मेंस देते हैं।

### सैन्य पत्रकार रह चुके हैं सीईओ

इस एयरोस्पेस स्टार्टअप की स्थापना जुलाई 2025 में हुई थी और इसके पीछे भारत के दिग्गज रक्षा विशेषज्ञ और वैज्ञानिक शामिल हैं। सौरभ झा इसके को-फाउंडर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं जो पहले एक जाने-माने सैन्य पत्रकार और थिंक-टैंक 'दिल्ली डिफेंस रिव्यू' के संस्थापक रह चुके हैं। डॉ. वी. रामानुजाचारी कंपनी के मुख्य टेक्नॉलाजी ऑफिसर हैं जो डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक रह चुके हैं और उन्होंने भारत के स्क्रैमजेट इंजन प्रोग्राम और आकाश मिसाइल के प्रणोदन सिस्टम पर काम किया है। डॉ. वी.के. सारस्वत भी इस कंपनी के साथ हैं जो पूर्व डीआरडीओ प्रमुख और नीति आयोग के सदस्य रह चुके हैं और इस कंपनी के मुख्य मेंटर हैं।

### भविष्य में यहां होगा उपयोगी

*हाइपरसोनिक और क्रूज मिसाइलें: यह इंजन क्रूज मिसाइलों की स्पीड, रेंज और मारक क्षमता को काफी बढ़ा सकता है। हाई-स्पीड लड़ाकू ड्रोन: भविष्य के तेज गति से उड़ने वाले ऑटोनॉमस मिलिट्री ड्रोन्स को यह आसानी से पावर दे सकता है। अंतरिक्ष यान और स्पेसक्राफ्ट: कम ईंधन खपत के कारण इसे पुनः उपयोग किए जाने वाले स्पेस लॉन्च व्हीकल्स में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।*

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश के राष्ट्रपति शहाबुद्दीन का इस्तीफा



**ढाका।** बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने इस्तीफा दे दिया है। उनका कार्यकाल अभी लगभग दो साल बाकी था। 76 वर्षीय नेता ने बताया कि वह स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। शहाबुद्दीन के प्रतिनिधि ने संसदीय अध्यक्ष हाफिजुद्दीन अहमद को सौंपा है, जो बांग्लादेश के संविधान के अनुसार नए राष्ट्रपति के चुने जाने तक कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कैबिनेट सचिव नसीमुल गनी का नाम शीर्ष पद के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में सामने आ रहा है।

### शराब और ड्रग्स से प्रिंस अबदुल्ला की गई थी जान



**लंदन।** ब्रिटेन की एक अदालत ने पिछले साल सऊदी शाही परिवार के सदस्य प्रिंस अब्दुल्ला बिन फहद बिन अब्दुलअजीज बिन जलावी अल सऊद की मौत की वजह शराब और कई तरह की दवाओं का खतरनाक मिश्रण होना है। कोर्ट ने इसे दुर्घटनावश हुई मौत माना। प्रिंस नवंबर 2025 में लंदन के केंसिंग्टन स्थित मौरियट होट में ठहरे हुए थे। 25 नवंबर को होटल स्टाफ ने उनके कमरे का दरवाजा खुलवाया तो वह बाथरूम के फर्श पर अचेत मिले। मौके पर पहुंची मेडिकल टीम ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें वहीं मृत घोषित किया।

भारत-रोमानिया प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर हुए सहमत

# शिक्षा, संस्कृति और आपसी संपर्क से जुड़े क्षेत्रों में तीन समझौतों पर किए हस्ताक्षर

*तीन वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने पर सहमत*

आर्थिक, व्यापार, निवेश प्राथमिकता वाले क्षेत्र चिह्नित

2028 में दोनों देशों के बीच संबंधों के 80 वर्ष पूरे होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रोमानिया के दौरे पर हैं। यह लगभग तीन दशकों में किसी भारतीय राष्ट्रपति की रोमानिया की पहली राजकीय यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने रोमानिया के राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास और कार्यालय, कोटरोसेनी पैलेस का दौरा किया।

रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उनका औपचारिक स्वागत किया गया एवं गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। गुरुवार को प्रतिनिधिमंडल-स्तर की बातचीत के दौरान, दोनों नेताओं ने भारत-रोमानिया द्विपक्षीय साझेदारी के सभी प्रमुख आयामों पर चर्चा की। वे दोनों देशों के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर सहमत हुए।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत और रोमानिया के बीच सात दशकों से भी अधिक समय से गर्मजोशी भरी और चिरस्थायी मित्रता रही है। यह मित्रता आपसी विश्वास, सम्मान और दोनों देशों के लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों पर आधारित है।

समय बीतने के साथ-साथ हमारी साझेदारी निरंतर सुदृढ़ हुई है और अब यह अधिक बड़े लक्ष्यों, व्यापक सहयोग तथा भविष्य के लिए साझा दृष्टि के साथ एक नए चरण में प्रवेश कर रही है।


रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन के साथ द्विपक्षीय बैठक करती राष्ट्रपति मुर्मू

रोमानिया के पीएम से मुर्मू ने की मुलाकात

### व्यापार-निवेश और स्वच्छ ऊर्जा में सहयोग पर की चर्चा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में रोमानिया के पीएम इली बोलोजान से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में व्यापार, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, कनेक्टिविटी और नई तकनीक जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर जोर दिया गया।



राष्ट्रपति मुर्मू के साथ विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज भी मौजूद थे।

### बिजनेस फोरम को संबोधित किया

राष्ट्रपति मुर्मू ने भारत-रोमानिया बिजनेस फोरम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि रोमानिया यूरोप का एक महत्वपूर्ण संपर्क बिंदु है और अपनी रणनीतिक स्थिति, कुशल मानव संसाधन तथा यूरोपीय संघ के साथ मजबूत संबंधों के कारण भारत के लिए एक स्वाभाविक साझेदार है।




### भारत का महत्वपूर्ण साझेदार है रोमानिया

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत-रोमानिया साझेदारी का एक महत्वपूर्ण आधार आर्थिक सहयोग है। दोनों नेता व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने, सशक्त एवं विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने, और दोनों देशों के व्यापारिक समुदायों के बीच निकट सहयोग को प्रोत्साहित करने पर सहमत हुए। वे अगले तीन वर्षों में हमारे द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने की दिशा में काम करने पर भी सहमत हुए। उन्होंने कहा कि रोमानिया, यूरोपीय संघ में भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) हमारे उद्योगों और कौशल-प्राप्त पेशेवरों के लिए अभूतपूर्व अवसरों के द्वार खोलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच आपसी संपर्क भारत-रोमानिया संबंधों की मजबूत नींव हैं। आज इन क्षेत्रों से जुड़े तीन महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

### भारतीय पीठ की स्थापना का ऐलान

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और रोमानिया, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत संयुक्त अनुसंधान और विकास को आगे बढ़ाएंगे। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के सहयोग से बुखारेस्ट विश्वविद्यालय में भारतीय अध्ययन पीठ की स्थापना की जा रही है। भारत सरकार ने भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम के अंतर्गत रोमानिया के लिए प्रशिक्षण के अवसरों की संख्या दोगुनी करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2028 में भारत और रोमानिया के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 80 वर्ष पूरे होंगे। इस अवसर को दोनों देशों ने 'भारत-रोमानिया नवाचार वर्ष' के रूप में मनाने पर सहमति व्यक्त की है।

किर्गिस्तान के विदेश मंत्री से मुलाकात

# द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा, बढ़ाएंगे आपसी सहयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने किर्गिस्तान के चोलपोन अता में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक के दौरान किर्गिस्तान के विदेश मंत्री जीनबेक कुलुबायेव से मुलाकात की।

दोनों नेताओं ने भारत-किर्गिस्तान संबंधों की प्रगति की समीक्षा की और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया।

### शिखर सम्मेलन की तैयारियों पर फोकस

विदेश मंत्रालय के अनुसार, एससीओ विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक 31 अगस्त से 1 सितंबर, 2026 तक बिश्केक में होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन की तैयारियों के तहत आयोजित की जा रही है। बैठक में सदस्य देशों के विदेश मंत्री एससीओ सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।




## बहुड़ा यात्रा में उमड़ा लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब



### 'जय जगन्नाथ' के जयघोष से भक्तिमय हुआ पुरी

*पुरी। भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा का अंतिम और अत्यंत महत्वपूर्ण चरण बहुड़ा यात्रा शुक्रवार को आषाढ़ शुक्ल दशमी के अवसर पर हुई। नौ दिनों तक श्री गुंडिचा मंदिर, जिसे भगवान की मौसी का घर माना जाता है, में विराजमान रहने के बाद भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई भगवान बलभद्र, बहन देवी सुभद्रा और सुदर्शन चक्र भव्य रथों पर सवार होकर अपने मूल धाम श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचे।*

न्यूयॉर्क में इस्लामिक कट्टरता का मामला

# 'अल्लाह हू अकबर' चिल्लाते शख्स ने 2 को चाकू से गोदा

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका से इस्लामिक कट्टरता का मामला प्रकाश में आया है, जहां न्यूयॉर्क में एक कट्टरपंथी ने 'अल्लाह हू अकबर' के मजहबी नारे लगाते हुए दो व्यक्तियों पर चाकू से हमला कर दिया। न्यूयॉर्क पुलिस ने हमलावर राउल मोरालेस (51 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस हमले को घृणा अपराध मानकर जांच कर रही है। ये वारदात न्यूयॉर्क के अपर वेस्ट साइड इलाके में गुरुवार को हुई।



### मेयर ममदानी दोषी

इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे एक भयानक यहूदी-विरोधी हमला बताया और न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी पर ऐसे माहौल में योगदान देने का आरोप लगाया, जिसमें यहूदियों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बातों के नतीजे होते हैं।

### बीएसएफ जवान ने की फायरिंग, 2 जवानों की मौत

**नई दिल्ली।** प. बंगाल के मालदा जिले के बैष्णवनगर में बीएसएफ कैंप में शिवम मिश्रा नामक एक जवान ने घुसकर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें दो साथी जवानों की मौत हो गई और एक अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान बिहार के छपरा जिले के मांझी इलाके के रहने वाले 51 वर्षीय अजय कुमार सिंह और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के रहने वाले 37 वर्षीय अंबादर सुरेश डारगु के तौर पर हुई है। घायल जवान पश्चिम बंगाल के मोहंदा गांव का 44 वर्षीय विकास ब्रह्म है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये तीनों बीएसएफ की 71वीं बटालियन से हैं।

### यरूशलम में भारतीय नागरिक की मौत, संदिग्ध गिरफ्तार



**यरूशलम।** इजराइल की पुलिस ने यरूशलम में एक भारतीय नागरिक की हत्या के मामले में इलत निवासी 31 वर्षीय एक इजराइली नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 40 वर्षीय भारतीय नागरिक का शव गुरुवार को यरूशलम के कटामोन इलाके में मिला। मकान में फर्श पर खून से लथपथ पड़ा मिला था और उसके चारों खून फैला हुआ था। मोरिया पुलिस थाने के अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक जांचकर्ताओं के साथ मिलकर प्रारंभिक जांच शुरू की।

## संयुक्त राष्ट्र में भारत ने ओआईसी संगठन को लगाई फटकार

ओआईसी का अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा से कोई सीधा संबंध नहीं

# कश्मीर मुद्दा उठाने पर की आलोचना कहा- हस्तक्षेप बिलकुल बर्दाश्त नहीं

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने कश्मीर मुद्दा उठाने के लिए ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) की आलोचना की है और इस मामले में उसके अधिकार पर सवाल उठाया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि ऐसे अंतर-क्षेत्रीय (क्रॉस-रीजनल) समूह, जो न तो भौगोलिक आधार पर जुड़े हैं और न ही साझा मुद्दों पर आधारित हैं तथा जिनका अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा से कोई सीधा संबंध नहीं है, उन्हें विवादों और संघर्षों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। हालांकि हरीश ने इस्लामिक सहयोग संगठन का नाम नहीं लिया।


पी. हरीश फाइल फोटो

### अंतर क्षेत्रीय समूह के पास जानकारी का अभाव

पी. हरीश ने कहा कि स्थापित क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय संगठन विवादों और संघर्षों के समाधान में रचनात्मक भूमिका निभा सकते हैं और संयुक्त राष्ट्र के कार्यों के पूरक बन सकते हैं, लेकिन अंतर-क्षेत्रीय समूह इस भूमिका के लिए उपयुक्त नहीं हैं। ऐसे समूहों के पास विवादों के समाधान के लिए जरूरी क्षेत्रीय जानकारी और विषयगत विशेषज्ञता का अभाव होता है। हरीश ने यह टिप्पणी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 'विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के तंत्र को मजबूत करने' विषय पर आयोजित खुली बहस के दौरान की, जहां पाकिस्तान ने एक बार फिर कश्मीर मुद्दा उठाया था।

### ओआईसी के 57 देश सदस्य

*57 सदस्य देशों वाला इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) चार महाद्वीपों में फैला हुआ है और उसका मुख्य उद्देश्य धार्मिक एकजुटता को बढ़ावा देना है। उसका अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा से सीधा संबंध नहीं है, इसलिए कश्मीर जैसे क्षेत्रीय विवादों में उसकी भूमिका उपयुक्त नहीं मानी जा सकती। बता दें, ओआईसी अपने विभिन्न मंचों पर कई बार जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठा चुका है। उस समय पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि आसिम इफ्तिखार अहमद ने दावा किया था कि कश्मीर विवाद दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता के रास्ते की सबसे बड़ी बाधा है।*

### पाक ने ओआईसी की मांग खारिज की

पिछले साल अक्टूबर में जारी अपने बयान में ओआईसी महासचिवालय ने इस्लामिक शिखर सम्मेलन और विदेश मंत्रियों की बैठक में कश्मीर पर सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को लागू करने की मांग की थी, लेकिन 1948 में कश्मीर पर अपनाए गए मुख्य प्रस्ताव में मांग की गई थी कि पाकिस्तान कश्मीर के उन इलाकों से अपने सैनिकों और नागरिकों को हटा ले जिन पर उसका कब्जा है और वहां लड़ने वालों का समर्थन करना बंद कर दे। पाकिस्तान ने इनमें से किसी का भी पालन नहीं किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109